रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 7, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 24 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 232, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,928.61 +384.30 |
| डॉलर | 83.537 +0.057 |

**रांची सर्राफा**

| 10 ग्राम | 01 किलो |
|---|---|
| ₹74,080 | ₹98,000 |



पेज-10 भारत वैश्विक प्रगित का उत्प्रेरक...




# चुनाव आयोग के समक्ष विभिन्न दलों ने रखे अपने विचार

## झामुमो ने विधानसभा चुनाव दिसंबर महीने में कराने की रखी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर दिसंबर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रयो भट्टाचार्य इस संबंध में आयोग को पत्र लिखा। इसमें कहा गया है कि पांचवें विधानसभा के लिए 23 दिसम्बर, 2019 को सम्पन्न हुआ और 29 दिसम्बर, 2019 को वर्त्तमान सरकार का गठन किया गया था। इस लिहाज से चुनाव संचालन दिसम्बर के प्रथम सप्ताह से सम्पन्न हो तो वर्तमान राज्य सरकार को अपना सम्पूर्ण कार्यकाल पूर्ण करने का अवसर प्राप्त होगा।

**झामुमो ने चुनाव आयोग के समक्ष ये रखी मांगें** : आसन्न झारखंड विधानसभा में कुल 81 विधानसभा क्षेत्र हैं। भौगोलिक रूप से हमारा राज्य क्षेत्र कई दुर्गम पहाड़ों एवं जंगलों से आच्छादित है। पूर्व में हमारे राज्य के अनेक क्षेत्रों में अतिवामपंथी चरमपंथी संगठनें कार्यरत रही हैं लेकिन हमारे पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के जन-सरोकार एवं नैसर्गिक सामाजिक न्याय के कारण अतिवामपंथ की समस्याएं अब लगभग निर्मूल हो गई हैं। फिर भी इस तथ्य का ख्याल रखा जाये। लेबल प्ले ग्राउंड यानी सभी राजनैतिक दलों को एक समान राजनैतिक प्रचार-प्रसार का अवसर मिले, यह सुनिश्चित करना आपके कार्यदायित्व का मूल सिद्धान्त है। अतः हमारे प्रतिद्वन्दी राजनैतिक दलों को सुरक्षित फ्लाइंग जोन उपलब्ध करवा कर हमारे मुख्य स्टार प्रचारकों के फ्लाइंग जोन एवं समय में कोई बाधा न आए यह भी सुनिश्चित किया जाये। बहुचरणीय चुनाव में यह एक तथ्यात्मक उदाहरण है कि जिस क्षेत्र में मतदान की तिथि है उसके ठीक संलग्न अन्य क्षेत्रों में अन्य राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों द्वारा चुनावी जन सभा आयोजित की जाती रही हैं। अपने चुनावी संभाषणों में मतदाताओं के बीच भ्रम की परिस्थितियों का निर्माण किया जाता है, जिससे मतदान भी प्रभावित होता है और मतदाता भी सामाजिक-धार्मिक स्तर पर विभाजित हो जाते हैं। ये अत्यन्त चिन्ताजनक परिस्थितियां पैदा करती हैं जिससे स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कठोर आघात पहुंचाता है। ऐसी परिस्थिति भविष्य में न उत्पन्न हो, इसकी विवेचना कर इस पर रोक लगाने हेतु ठोस दिशा निर्देश सभी राजनैतिक दलों को प्रेषित की जाय ताकि लेबल प्ले ग्राउंड सुनिश्चित रहे। हमारे राज्य में उच्च प्रशिक्षित झारखंड जगुआर, झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) तथा उच्च प्रशिक्षित जिला सशस्त्र पुलिस बल पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने नवंबर के बाद चुनाव कराने को कहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चुनाव आयोग के दल को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी मांगों एवं सुझावों से अवगत कराया। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि कांग्रेस की ओर से वरीय कांग्रेस नेता विनय सिन्हा 'दीपू' और शशिभूषण राय के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस का पक्ष रखा। शांति ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग के दल से झारखंड में समय पर चुनाव कराने तथा पूरे झारखंड में एक चरण में ही चुनाव संपन्न कराने सहित अन्य मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड में विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त हो रहा है तो समय पूर्व चुनाव कराने की कोई हड़बड़ी झारखंड में नहीं है। समय से पहले चुनाव कराने से विकास कार्य बाधित होंगे, चालू योजनाओं की गतिशीलता में कमी आएगी। लोकसभा चुनाव और मानसून के कारण इस वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों की रफ्तार ने अभी जोर पकड़ना प्रारंभ किया है। अगले अक्टूबर माह में झारखंड में दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ जैसे बड़े त्योहार के कारण भी सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों के सामंजस्यता में कमी आएगी। शांति ने कहा कि त्योहारों के कारण लोकतंत्र के महापर्व में जनभागीदारी कम होने की संभावना है। त्योहारों के कारण बड़ी संख्या में लोग राज्य के बाहर जाते हैं। राज्य स्थापना दिवस, त्यौहार, भगवान बिरसा मुंडा जयंती को ध्यान में रखकर चुनाव की तिथि नवंबर के बाद तय की जाए। आयोग की टीम से हरियाणा की तर्ज पर झारखंड में भी एक चरण में चुनाव संपन्न कराने की मांग की गई ताकि सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की मनसा रखने वाले अलग-अलग चरणों में संपन्न होने वाले चुनाव में धार्मिक तथा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का रास्ता ना अपना सके। चुनावों के दौरान सांप्रदायिक जहर उगलने वाले धार्मिक और जातिगत बयान देने वाले नेताओं पर गहरी नजर रखी जाए और उन्हें चुनावी प्रक्रिया से दूर रखा जाए। साथ ही चुनाव के दौरान उनके झारखंड प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। शांति ने कहा कि इसके अलावा कांग्रेस ने चुनाव आयोग से 1500 से ज्यादा मतदाता होने पर नये बूथ का निर्माण, मतदाताओं के मतदान के लिए निकटतम बूथ की व्यवस्था, मतगणना में तीव्रता और परिणाम की घोषणा मतदान के 10 मिनट के अंदर करने, सोशल मीडिया पर गहरी नजर रखने मॉक पोलिंग की निष्पक्षता, हेट स्पीच पर गहरी नजर एवं त्वरित कार्रवाई, 60 वर्ष से ज्यादा बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता सहित 26 मांगों एवं सुझावों से अवगत कराया गया।

## घुसपैठियों को मतदान से रोका जाय : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त एवं उनकी टीम से सोमवार को राजनीतिक दलों के नेता मिले और अपनी अपनी बातों को रखा। इस संदर्भ मे प्रदेश भाजपा की तरफ से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव को पार्टी के तरफ से पक्ष रखने के लिए अधिकृत किया गया था। राकेश प्रसाद ने बताया कि भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समक्ष घुसपैठिये की बात उठाई और कहा कि किसी हाल मे घुसपैठिये मतदान न कर पाएं ये व्यवस्था हो, पाकुड़, राजमहल, बरहेट, महेशपुर, जामताडा, मधुपुर, मंझगाव, विशुनपुर, महगामा, गोड्डा, लोहरदगा, हटिया, मे कई बूथों पर मतदाता 123 प्रतिशत तक बढ़ गए जबकि पांच वर्ष मे 15 से 17 प्रतिशत तक वृद्धि होती है , इसकी जांच आवश्यक है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले चुनाव में जिस प्रकार झंडा, बैनर, घर पर लगाने पर पूरे राज्य में प्रशासन ने दादागिरी दिखाई थी की पूरे राज्य में झंडा विहीन चुनाव हुआ। तब ये लोकतंत्र का पर्व नहीं बल्कि डर का पर्व बन गया था। घरों मे झंडा के बारे मे इस बार प्रशासन को स्पष्ट निर्देश हो। दिव्यांगों के लिए रैंप, और बूथ पर पानी, शौचालय, आदि की व्यवस्था की मांग की गयी है। चुनाव के दौरान पैसे अगर पकड़े जाएं तो 72 घंटा मे अनुसंधान हो और प्रकाशित हो की किसका पैसा था किस पार्टी का था। विदेशी फंड का कुछ एन जी ओ विशेष पार्टी को मदद करने के लिए खर्च करती है ऐसे एन जी ओ का खाता चुनाव तक फ्रिज करने की मांग की गयी है। अर्द्ध सैनिक बल कीप्रति नियुक्ति का नोडल ऑफिसर आईजी रैंक के अधिकारी से हो ताकि बलों का नियुक्त सही ढंग से हो। बूथ के बाहर जिस प्रकार टेबल रखने पर प्रशासन दबंगई दिखाता है वो बंद हो और बूथ के बाहर टेबल कुर्सी का स्थान का मार्किंग चुनाव आयोग खुद करे। घोस्ट मतदाता का भी जांच होना जरूरी है।चुनाव एक चरण मे हो इसकी मांग की गयी है क्योंकि अब उग्रवाद की समस्या मे काफी कमी आई है। बूथों पर अतिरिक्त ई वी एम रखने का भी मांग किया गया। बूथ पर अगर कोई मतदाता घायल हो जाए या मृत हो जाए तो उसका पुरा जिम्मेवारी चुनाव आयोग और राज्य सरकार ले क्योंकि मतदाता अपना मत देने चुनाव आयोग के कहने पर जाता है ये मांग भी की गयी। गृह सचिव वंदना डाडेल का कार्य और व्यवहार पिछले दिनों एक अधिकारी का नहीं बल्कि राजनीतिक पार्टी का कार्य कर्ता ऐसा रहा है उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग किया था की राज्य में कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान और असम के मुख्य मंत्री हिमंता विश्वशर्मा के झारखंड आने से तनाव फैल रहा है इसके अलावा पूर्व मे भी वंदना डाडेल ने ई डी को पत्र लिखकर नोटिस की वैधता पूछी थी।

## एक नजर

### झारखंड हाई कोर्ट से मंत्री इरफान अंसारी को झटका



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से कांग्रेस के जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी को सोमवार को झटका लगा है। अदालत ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की थी। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

### होमगार्ड महासचिव को सेवा मुक्त करने के खिलाफ हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड मुख्यालय द्वारा बिना कोई जांच-पड़ताल किए सेवा मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में हुई। इससे पहले भी राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड विभाग ने बिना कोई स्पष्टीकरण पूछे व बिना किसी जांच-पड़ताल किए एक तरफा कार्रवाई कर सेवामुक्त कर दिया था। इस सेवामुक्ति के खिलाफ भी राजीव तिवारी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने राजीव कुमार तिवारी के विरुद्ध होमगार्ड मुख्यालय द्वारा पारित सेवामुक्ति संबंधित सभी आदेश को रद्द कर दिया था।

# आदिवासियों की रक्षा सिर्फ भाजपा ही कर सकती है : नड्डा



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** जेपी नड्डा ने कहा कि आदिवासियों की रक्षा यदि कोई कर सकता है तो भाजपा ही कर सकती है। झारखंड गठन का काम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में हुआ। उन्होंने केंद्र की योजनाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि हमने अपने इस 100 दिन के कार्यकाल में तीन करोड़ मकान की स्वीकृति दी है। 100 दिन के अंदर 70 साल से अधिक के बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक इलाज की सुविधा मुफ्त की है। अब 25 हजार गांव में सड़क बनाने का काम हो रहा है।

**झारखंड में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई :** जेपी नड्डा ने कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने पूछा कि ये कैसी सरकार है और प्रदेश का प्रशासन किस प्रकार से काम कर रहा है? रोहिंग्याओं को यहां बसाया जा रहा है। लोग गलत तरीके से शादियां कर रहे हैं। आदिवासियों की जमीनों को हड़पा जा रहा है। ये सब काम सुनियोजित तरीके से हो रहा है और यहां की सरकार ये होने दे रही है। इससे पहले खूंटी पहुंचने के बाद नड्डा ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।

### नौकरी के लिए गये बेटे की लाश घर आती है : हिमंता



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा और विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी ने कहा कि उत्पाद सिपाही का दौड़ हो रहा है। कल भी एक अभ्यर्थी की मृत्यु हो गई। अब तक राज्य में 18 युवकों की मौत हो चुकी है। झारखंड ही एकमात्र प्रदेश है जहां इंटरव्यू देने गये बेटे की लाश घर आती है। कहीं केई व्यवस्था नहीं है। यदि ये बच्चे हेमंत सोरेन के होते, तो उन्हें कैसा लगता। उन्होंने कहा कि चुनाव आनेवाला है और यह सरकार जानेवाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में सभी को नौकरी मिलेगी और नौकरी के लिए किसी की जान नहीं जाएगी।

### हेमंत सरकार में पूरे राज्य में विकास ठप है : नीलकंठ



इसके पूर्व स्वागत भाषण करते हुए खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी की पावन धरती हमेशा से आंदोलनकारियों की भूमि रही है, चाहे आंदोलन आजादी का हो या कुरीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में पूरे राज्य में विकास ठप है। हर ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अपने पांच बार विधायक रहने के दौरान किये गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खूंटी में 303 सड़कों और एक लाख सात हजार प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण पूरा कराया गया।

### लूट, झूठ और भ्रष्टाचार की सरकार : बाबूलाल मरांडी



**पूर्वी सिंहभूम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पांचवी परिवर्तन यात्रा है जो यहां से प्रारंभ हो रही है। उन्होंने झामुमो सरकार पर तीखे हमले करते हुए कहा, यह सरकार पिछले पांच वर्षों से झारखंड को लूट रही है। जमीनों का फजीवाड़ा और भ्रष्टाचार चरम पर है। हमें ऐसे लुटेरों को सत्ता से बाहर करना है। भाजपा ही झारखंड को बना सकती है और झारखंड भाजपा के दिलों में बसता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासी और राज्य के हितों के साथ धोखा कर रही है। अब समय आ गया है कि हम एकजुट होकर इस भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बेदखल करें।

## झारखंड विस चुनाव इसी माह होगी एनडीए सीट शेयरिंग की घोषणा

*झारखंड में एनडीए घटक दल में आजसू, जदयू, लोजपा (रामविलास) व हम है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के रंग में रंग चुका है। सभी दलों ने चुनाव को लेकर अपनी अपनी रणनीति बना रहे हैं और जनता के बीच खूब पसीना बहा रहे हैं। इसी बीच सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि एनडीए सितंबर के आखिरी सप्ताह में सीट शेयरिंग की घोषणा कर सकती है। वहीं एनडीए के घटक दल के नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। जल्दी ही एनडीए घटक दल के नेता दिल्ली रवाना हो सकते हैं। झारखंड में एनडीए घटक दल में आजसू ,जदयू, लोजपा (रामविलास) और हम है। बीते रविवार को एनडीए घटक दल की बैठक दिल्ली में हुई है कयास लगाया जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर लगभग बात बन चुकी है। इचागढ़, सिल्ली, गोमिया, रामगढ़, जुगसलाई, डुमरी, बड़कागांव, लोहरदगा, सिंदरी, पाकुड़, सिमरिया और चंदनकियारी सीट की मांग आजसू ने की है।

मांडू तमाड़ बाघमारा पांकी छतरपुर पश्चिमी जमशेदपुर और देवघर सीट की मांग जेडीयू ने की है। शिकारीपाड़ा और देवघर सीट की मांग लोजपा ने की है। वही जीतन राम मांझी की पार्टी हम ने छातरपुर और एनसीपी ने हुसैनाबाद सीट की मांग रखी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी टुंडी विधानसभा सीट अपने किसी भी सहयोगी को देने के मूड में नहीं है।

## मंईयां सम्मान योजना रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाइए : कल्पना सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/गढ़वा।** मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि ये वही हेमंत सोरेन हैं जिनको पांच महीने जेल में डाला था। इस योजना की शुरूआत हेमंत सोरेन ने पहले ही कर ली थी। आज आपको दूसरा किस्त मिल रहा है। आज आपको 7वां किस्त मिल रहा होता लेकिन भाजपा वालों की वजह से ये योजना रूक गया। कल्पना ने कहा कि भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला, बल्कि कल्याणकारी योजनाओं को जेल में डाल दिया। भाजपा वाले नहीं चाहते हैं कि हमारी माताओं बहनों के खाते में हजार टका आए। जैसे ही हमने मंईयां सम्मान योजना के पहली किस्त दी वैसे ही बीजेपी के कुछ लोगों ने पीआईएल कर दिया। कल्पना सोरेन गढ़वा के बंशीधर नगर से सोमवार को मंईयां सम्मान यात्रा की शुरूआत करने के बाद सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आप इस योजना से खुश है या नहीं। यदि आप खुश हैं तो उनको दिखा देना है। जवाब उन लोगों को जो हिमाकत करते हैं हमारी बहनों की योजनाओं पर पीआईएल करने का। हमारी बहनों की योजनाओं पर पीआईएल दाखिल किया गया है। हम चेतावनी दे देना चाहते हैं कि झारखंड की जितनी भी योजनाए हैं, चाहे वह दीदियों के लिए हो, बेटियों के लिए हो, भाई-दादा के लिए हो ये योजनाएं ऐसी ही चलने वाली है। आप रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाईए। क्योंकि, मुझे पता है कि हमारे झारखंड की बहनें, झारखंड के भाई पूरे जोश के साथ लड़ रहे हैं हेमंत को सीएम बनाने के लिए।

## न्यूज बॉक्स

### कोल्हान की 14 सीटों पर विजय के लिए एकजुट हों : अर्जुन मुंडा



**रांची/पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में कोल्हान प्रमंडल के लिए आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे कोल्हान की 14 सीटों पर विजय हासिल करने के लिए एकजुट हों, ताकि झारखंड में सच्चा परिवर्तन लाया जा सके। अर्जुन मुंडा ने कहा, सिद्धो-कान्हो की धरती से गृहमंत्री अमित शाह जी ने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की थी और आज हम कोल्हान से इस यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, इस सरकार ने महिलाओं, बहनों और युवाओं को ठगने का काम किया है। विधानसभा चुनाव से पहले मंईयां योजना के तहत एक हजार रुपये देकर लोगों को फिर से अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रही है। मुंडा ने चेतावनी दी कि झारखंड में डेमोग्राफी बदल रही है। जहां संथाली गांव हैं, वहां लोग खाली हो रहे हैं। ऐसे लोग, जो यहां जमीन नहीं खरीद सकते, उनके लिए जमीन खाली क्यों हो रही है? उन्होंने सभी से अपील की कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और झारखंड के विकास के लिए एकजुटता के साथ आगे बढ़ें।

### गृहमंत्री अमित शाह से आजसू नेता सुदेश महतो ने की मुलाकात



**रांची।** नई दिल्ली में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा भी उपस्थित रहें। यह जानकारी सोमवार को आजसू पार्टी क केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने दी।

### इंडी गठबंधन की एकता व मजबूती से भाजपा नेता भयभीत : राजद

**रांची।** राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इंडी गठबंधन की एकता और मजबूती से भाजपा नेता भयभीत है। भाजपा नेताओं को झारखंड में हार का डर सता रहा है। भाजपा को अपने किए गए कार्यों पर इतना ही भरोसा और विश्वास है तो झारखंड में भाजपा के राष्ट्रीय नेता रात दिन पसीना क्यों बहा रहे है सिर्फ इसलिए कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जरिये कई उल्लेखनीय कार्यों से भाजपा नेताओं की नींद उड़ गई है। इससे भाजपा को अपने झारखंड के नेताओं पर भी विश्वास और भरोसा नहीं रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री,गृह मंत्री, रक्षा मंत्री सहित कई केंद्रीय नेता झारखंड भ्रमण पर है। उन्होंने सोमवार को कहा कि तमाम सरीखे नेता केंद्र सरकार के जरिये किए गए कार्यों को नहीं बता कर सिर्फ और सिर्फ झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री पर झूठा आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहे है। देश के लिए और राज्य के लिए भाजपा सरकार जरिये क्या किया गया ,आम जनता के लिए इनका विजन क्या है ये बताना चाहिए। भाजपा के इरादे को जनता जान और समझ चुकी है।

### कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए बजट आवंटित हुआ या नहीं : हाई कोर्ट




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रस्तावित कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए बजट आवंटित किया गया है या नहीं। कोर्ट ने मौखिक कहा की पलामू एवं गढ़वा सूखाग्रस्त इलाके हैं। कनहर प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करें, ताकि किसानों के खेतों को पानी मिल सके। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने शपथ पत्र दायर कर कोर्ट को बताया कि कनहर बराज प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण में 18 माह का समय लगेगा। इसके बाद बराज निर्माण पूरा होने में पांच साल का समय लगेगा। कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि कनहर बराज के लिए 18 माह की जमीन अधिग्रहण एवं पांच साल का निर्माण पूरा होने की अवधि कब से मानी जाएगी, इसे स्पष्ट करें।

## बिनोद बाबू नाम नहीं, एक विचारधारा हैं : सुदेश महतो



*बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती पर झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा आयोजित*

**नवीन मेल संवाददाता**

**तोपचांची/रांची।** बिनोद बाबू एक नाम नहीं एक विचारधारा हैं। राज्य की अस्मिता को बचाने के लिए हमें उनके विचारों पर आगे बढ़ना होगा। उनके विचारों का झारखंड स्थापित करना हमारा संकल्प। बिनोद बाबू के विचारों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। युवाओं पर उनके सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी है। उनका जीवन दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विस्थापितों को उचित मुआवजा और नौकरी दिलाने के लिए संघर्ष किया था। समाज सुधारक, कानून शिक्षाविद झारखंडी आवाम की सशक्त आवाज थे बिनोद बाबू। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने तोपचांची के पावापुर में स्व. बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में कही। मौके पर उन्होंने उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मंजूनाथ मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की अपील स्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश को लेकर मंजूनाथ भजंत्री की याचिका के आदेश को चुनौती देने वाली इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) की अपील (एलपीए) पर सोमवार को फैसला सुनाया।

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने ईसीआई की अपील को स्वीकृत कर लिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता राजीव सिन्हा ने पैरवी की थी। ईसीआई की दलील थी कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल( कैट) में होनी चाहिए थी लेकिन हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस मैटर को डब्लूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए सुनवाई के लिए सक्षम बेंच में ट्रांसफर किया था, जिसे ईसीआई ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील (एलपीए) दायर चुनौती दी थी। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने ईसीआई के इस दलील को नहीं माना था कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) में होनी चाहिए। एकल पीठ ने कहा था कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस (डब्ल्यूपीएस) का नहीं है। क्योंकि, सर्विस मैटर में एंप्लॉय एवं एंपलॉयर का संबंध रहता है। यह मामला रिट पिटीशन सिविल (डब्लूपीसी) का है। इस मैटर को डब्ल्यूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए हाई कोर्ट में सुने जाने का निर्देश देते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश एकल पीठ ने दिया था।



*एकल पीठ ने कहा था कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस (डब्ल्यूपीएस) का नहीं है। क्योंकि, सर्विस मैटर में एंप्लॉय एवं एंपलॉयर का संबंध रहता है।*

एकल पीठ के समक्ष ईसीआई की ओर से इसकी सुनवाई कैट में करने का आग्रह किया गया था। वहीं, याचिकाकर्ता मंजूनाथ की ओर से हाई कोर्ट की एकल पीठ के समक्ष कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई प्रोसीडिंग कभी शुरू ही नहीं हुई है।

इसलिए इस मामले को कैट में ले जाना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से इस डब्ल्यूपीएस को डब्ल्यूपीसी में बदलने के लिए कोर्ट के समक्ष आवेदन दिया गया था। एकल पीठ में सुनवाई के दौरान इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से बताया गया था कि मंजूनाथ ने मधुपुर उपचुनाव के दौरान दुर्भावना व राजनीति से प्रेरित होकर सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई की जाए और आने वाले चुनाव में इन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 84,928.61 +384.30
डॉलर 83.537 +0.057
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹74,080 | 01 किलो ₹98,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




अश्विन कृष्ण पक्ष 7, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 24 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 232, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 भारत वैश्विक प्रगति का उत्प्रेरक...

# राज्य में नेताओं का जमघट, वादों की हुई बौछार








भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा के चौथे दिन सोमवार को झारखंड की धरती पर नेताओं का तांता लगा रहा। केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा में भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा में झारखंड सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के खूंटी से सरकार पर निशाना साधा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हजारीबाग के बरकट्ठा और गिरिडीह के गांडेय में सरकार पर हमला बोला। इसके अतिरिक्त पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गढ़वा व पलामू से सरकार पर तीर चलाए। वहीं झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत सरकार पर आरोपों की बौछार की। इसके साथ ही राजग के सहयोगी लोजपा-रामविलास के प्रमुख व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पूरे राज्य में कई जगह सभा कर हेमंत सरकार पर लोगों से वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। इन केंद्रीय नेताओं के साथ बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, कोचे मुंडा, विद्युत वरण महतो सहित कई राजस्तरीय नेताओं ने भी हेमंत सरकार को घेरा। वहीं झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने मोर्चा संभाला। उनके साथ मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व मिथिलेश ठाकुर भी विपक्ष का मुकाबला करते दिखे।

## सरकार बनी तो पहली कैबिनेट में नौजवानों को रोजगार देने का लेंगे फैसला : शिवराज

नवीन मेल संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा सोमवार को कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पवित्र चित्रवेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। इसके बाद बहरागोड़ा के शाखा मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा में भाजपा के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राज्य में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और परिवर्तन आएगा। चौहान ने कहा कि करीब 2.87 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां खाली हैं और भाजपा की सरकार बनते ही, पहली कैबिनेट बैठक में नौजवानों को रोजगार देने का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह झामुमो नहीं, बल्कि जुर्म, मर्डर और माफिया की सरकार है, जिसे हेमंत सोरेन चला रहे हैं। शिवराज ने हेमंत सोरेन पर कटाक्ष करते हुए कहा, हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे लेकिन चार साल और 10 महीने बीत गए और कुछ नहीं किया। अब चुनाव के नजदीक आते ही दौड़ कराने लगे, जिसमें 15 नौजवानों की जान चली गई।



हेमंत आएगा, दाना डालेगा, एक हजार बांटेगा

शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए और कहा, झारखंड में न बेटी, न माटी, न रोटी सुरक्षित है। सभा के दौरान कुछ महिलाओं ने मंच पर आकर उन्हें मिट्टी भेंट की, जिस पर चौहान ने वचन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर बेटी, माटी और रोटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने हेमंत सरकार पर विदेशी घुसपैठियों को शह देने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो इन्हें चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन ने चूल्हा खर्च के नाम पर 2,000 रुपये देने का वादा किया था, अब चुनाव के वक्त मंईयां सम्मान के नाम पर 1,000 रुपये देकर जनता को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमें इस जाल में नहीं फंसना है।

**सरकार** बनने पर बेटी, माटी और रोटी की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

**एनआरसी** लागू कर विदेशी घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा

**2.87** लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां झारखंड में खाली पड़ी हैं

**04** साल 10 महीना बैठे रहे अब 16 नौजवानों की जान ले ली

**05** लाख सरकारी नौकरियां देने का हेमंत के वादे का क्या हुआ

**राज्य में एनआरसी लागू होगा :** चौहान ने झारखंड के गरीबों के लिए पक्के मकान देने की बात की। उन्होंने कहा, हमारी सरकार बनने पर हर गरीब का पक्का मकान बनाया जाएगा और मकान बनाने के लिए बालू मुफ्त में दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में एनआरसी लागू किया जाएगा और विदेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर किया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने जनता से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें। उन्होंने कहा कि आप हमें परिवर्तन दीजिए, हम आपको बेहतर झारखंड देंगे। कमल फूल पर बटन दबाकर इस सरकार को उखाड़ फेंकिए। हम झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदल देंगे।

## आदिवासी सीएम को हटाने के लिए पीएम सहित कई राज्यों के सीएम लगे हैं : मुख्यमंत्री



**आप** मजबूती के साथ खड़े रहिए, आपका यह बेटा **सर्वांगीण विकास** के लिए प्रतिबद्ध है

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 में खूंटी की वीरभूमि उलिहातू से हमने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की थी। हम सभी लोग इस कार्यक्रम के चौथे चरण में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने साल 2019 में हमें जो जिम्मेवारी दी है, उसका निर्वहन हम कर रहे हैं। आप सभी ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बनाया। वर्ष 2019 से लेकर अब तक कई चुनौतियां हमारी सरकार ने देखी है। असपके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बने एक आदिवासी को पद हटाने के लिए प्रधानमंत्री व कई राज्यों के मुख्यमंत्री लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को जिले के तोरपा प्रखंड के एनएचपीसी मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा मैंने पहले भी कहा है और आज भी यह बात कह रहा हूं कि वर्तमान राज्य सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। आज राज्य सरकार के अधिकारी आपके द्वार पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं।

शेष पेज 09 पर

### मंईयां योजना से महिलाओं को मिली आर्थिक सशक्तीकरण की राह : कल्पना

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना पर चर्चा करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता और विधायक कल्पना सोरेन ने इसे क्रांतिकारी पहल बताया। गोसाईबाग में आयोजित मईया सम्मान यात्रा में उन्होंने कहा, यह योजना महिलाओं के जीवन में सम्मान और स्वावलंबन लाने वाली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस योजना से राज्य की बेटियों, बहनों और माताओं के चेहरे पर मुस्कान आई है। कल्पना सोरेन ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने



शेष पेज 09 पर

### जस्टिस रामचंद्र राव 25 को चीफ जस्टिस के रूप में लेंगे शपथ



**रांची।** जस्टिस एमएस रामचंद्र राव 25 सितंबर को झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का स्थानांतरण झारखंड हाई कोर्ट किया गया है। वर्तमान में हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस का पद खाली है, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद अभी एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्य कर रहे हैं। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाई कोर्ट में स्थानांतरित किए जाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को की थी।

### हेमंत सरकार पर जमकर बरसे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिला मुख्यालय में सोमवार को लोजपा (रामविलास) की हुंकार रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार और यहां के मुख्यमंत्री ने पूरे देश में झारखंडियों को शर्मसार कर दिया। चिराग ने कहा कि पिछला 5 वर्ष झारखंड का युवा अवस्था था। इस युवावस्था में झारखंड में विकास की अपार संभावनाएं थीं लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड राज्य के



विकास को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। चुनाव से पूर्व वर्तमान सरकार ने जो जनता से वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने के बदले सरकार में शामिल लोग अपने स्वार्थ साधने में लगे रहे। इसी का परिणाम है कि पिछले 5 वर्षों में झारखंड का विकास पूरी तरह रुक गया।

शेष पेज 09 पर

## झामुमो, कांग्रेस और राजद ने राज्य के विकास में लगाया ग्रहण : नड्डा

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कह कि झारखंड को कांग्रेस, झामुमो और राजद से मुक्ति दिलानी होगी। ये तीनों राज्य के विकास को ग्रहण लगा रहे हैं। ईंडी अलायंस और कांग्रेस पार्टी महाभ्रष्ट पार्टी है और अलगावादी और राष्ट्र विरोधी तत्वों को पनाह देने वाली पार्टी है। नड्डा सोमवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि झामुमो ने कांग्रेस से



भी सबक नहीं सीखा और झामुमो भी परिवारवाद और भ्रष्टाचार में आकंठ समा गया। जेनी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने परिवारवाद और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि वे भगवान बिरसा मुंडा की बात करते हैं, पर उन्हें उनका त्याग, बलिदान और तपस्या याद नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो तुष्टीकरण और परिवारवाद से ग्रसित हैं। कांग्रेस झामुमो ने उन्हें सिखने में कोई कसर नहीं छोड़ा और भ्रष्टाचार में डूब गया। इन्होंने भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का झारखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने हमेशा आदिवासी इलाकों को चुना और वहां से विकास कार्य की शुरूआत की। नड्डा ने कहा कि केद्र सरकार ने झारखंड को पांच मेडिकल कॉलेज और छह वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी। साथ ही देवघर में एम्स की स्थापना हुई।

शेष पेज 09 पर

### हेमंत ने भ्रष्टाचार और लूटतंत्र को बढ़ावा दिया : अनुराग ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा के दौरान सोमवार को हुसैनाबाद में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि राज्य में जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी सरकार ने भ्रष्टाचार, माफियाराज और लूटतंत्र को पनपने दिया है। ठाकुर ने कहा, झारखंड में लव जेहाद और लैंड जेहाद को बढ़ावा देकर जनसंख्या और जमीन का



संतुलन बिगाड़ा जा रहा है। प्रदेश की जनता अब परिवर्तन की मांग कर रही है। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, लैंड जेहाद के माध्यम से बाहरी घुसपैठियों द्वारा झारखंड के आदिवासी समुदाय का शोषण किया जा रहा है।

### होमगार्ड फर्जी बहाली में रांची के दो और जवानों पर प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड में फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी करने वालों की सूची में दो नाम और शामिल हो गए हैं। ये हैं अशोक टोप्पो और नौसाद कादरी। दोनों रांची निवासी बताये जा रहे हैं। ये फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे थे। इन दोनों के खिलाफ रांची के धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि होमगार्ड फर्जी बहाली मामले में चल रही जांच में और लोगों के नाम आने की संभावना है।

## इंडिया मानिनियों के घोटाले की जांच इसबार सीबीआई करेगी

झारखंड के चर्चित झारखंड विधानसभा नियुक्ति प्रोन्नति घोटाले की जांच अब हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई करेगी । इसकी सघन जांच करने वाले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग की रिपोर्ट में की गयी अनुशंसा के आलोक में अध्यक्ष सहित किसी अन्य के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने के का निर्णय न्यायमूर्ति एसजे मुखोपध्याय आयोग की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किये गये एक्शन टेकन रिपोर्ट(एटीआर) में किया गया था । रिपोर्ट में सिर्फ नियम विरुद्ध लिये गये गुरुत्तर दायित्व भत्ते की वसूली किए जाने की बात थी साथ ही न्यायमूर्ति विक्रमादित्य प्रसाद आयोग की रिपोर्ट में आशुलिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के दौरान कुछ लोगों को विशेष लाभ दिये जाने के मामले में छह महीने के अंदर ऐसे लोगों की पात्रता परीक्षा आयोजित करने का आश्वासन दिया गया था ।विधानसभा में तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एटीआर और न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट पेश की थी ।एटीआर में कुल 30 बिंदुओं को शामिल किया गया था । नियुक्ति प्रोन्नति घोटाले के आरोपों की जांच के लिए न्यायमूर्ति विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग की ओर से जांच के लिए 29 बिंदु निर्धारित किये गये थे ।सभी बिंदु विधानसभा में नियुक्ति प्रोन्नति से संबंधित थे। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने विक्रमादित्य प्रसाद आयोग को जांच के लिए 29 बिंदु दिये थे लेकिन विक्रमादित्य आयोग ने 30 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। 30 वें बिंदु में विधानसभा के पूर्व अध्यक्षों को इस प्रकरण में जिम्मेवार मानते हुए कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी थी ।न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय ने समीक्षा के दौरान पाया कि सरकार ने विक्रमादित्य प्रसाद आयोग को विधानसभा के किसी पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ किसी तरह के आरोपों की जांच के लिए अधिकृत नहीं किया था। ऐसी परिस्थिति में नैसर्गिक न्याय के नियम के आलोक में किसी का पक्ष सुनने बिना किसी के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती थी । विधानसभा में हुई नियुक्ति के दौरान सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन नहीं होने की बात को स्वीकार किया गया लेकिन इस मामले में भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने का फैसला किया गया था इसके लिए न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय की एक सदस्यीय आयोग द्वारा दिये गये सुझाव को आधार बनाया गया था ।इस मामले में यह कहा गया है कि जब आरक्षण का कोटा भर जाता है, तो बाकी बचे हुए पद पर सीधी नियुक्ति की जाती है। सभी नियुक्तियां मेरिट के आधार पर की गयी हैं और वैध हैं। घोटाले की जांच कर रहे रिटायर्ड जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग ने राज्यपाल को रिपोर्ट सौंप दी थी । आयोग ने कुल 26 बिंदुओं पर लगभग 7000 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया था कि झारखंड विधानसभा में पद नहीं थे, फिर भी नियुक्तियां कर ली गईं। रोस्टर का पालन नहीं किया गया। नियुक्ति में पिक एंड चूज का इस्तेमाल हुआ। विधानसभा कर्मचारियों के रिश्तेदारों की खूब नियुक्तियां हुईं। तत्कालीन विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के भाई की भी नियुक्ति हुई। रिपोर्ट में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष इंदरसिंह नामधारी और आलमगीर आलम के खिलाफ गंभीर टिप्पणी की गई थी । कहा गया है कि नियुक्तियों में इन दोनों स्पीकर की भूमिका पूरी तरह संदेहास्पद रही है। आयोग ने इन दोनों के खिलाफ भादवि की धारा 420, 120बी और 166 के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की अनुशंसा की थी । साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता को भी प्रोन्नति देने में हुई गड़बड़ी के लिए दोषी माना है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा में गलत आधार पर गलत नियुक्तियां हुई हैं ।जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग ने कहा है कि राज्यपाल से स्वीकृत झारखंड विधानसभा की नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली में भी छेड़छाड़ की गई। नियमावली में कुछ शब्दों को जोड़ कर दर्जनों कर्मचारियों को प्रोन्नति दे दी गई। आयोग ने नियमावली में छेड़छाड़ को काफी गंभीर मामला बताते हुए राज्यपाल से इसके लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की थी ।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सबसे अधिक चतुर्थवर्गीय कर्मियों की नियुक्ति में हुई गड़बड़ी पर टिप्पणी की थी । आयोग ने कहा है कि इस संवर्ग की नियुक्ति में नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया। आंसरशीट ब्लैंक रहने पर भी नियुक्ति कर ली गई। ड्राइवर की नियुक्ति में सबसे अधिक गड़बड़ी हुई, जिसमें बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के भी ड्राइवर के पद पर नियुक्ति की गई।18 लोगों के रिश्तेदारों की भी नियुक्ति : आयोग ने कहा है कि 18 ऐसे लोग हैं, जिनकी नियुक्ति तो हुई ही, उनके रिश्तेदारों को भी नियुक्त कर लिया गया। रिपोर्ट में उन 18 कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों की सूची भी दी गई है। कोई सहायक के पद पर नियुक्त हुआ तो उनके रिश्तेदारों की अन्य पदों पर नियुक्ति हुई।रिपोर्ट में कहा गया है कि पलामू के 12 लोगों को डाक से जो नियुक्ति पत्र भेजे गए वे दूसरे दिन ही उन्हें मिल गए। दिलचस्प रहा कि इन सभी 12 लोगों ने नियुक्ति पत्र मिलने के दिन ही अपना योगदान भी दे दिया।रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकतर नियुक्तियां बिहार के लोगों की आरक्षण के आधार पर हुई थीं। उनमें बेगूसराय, मुंगेर, बाढ़ आदि जिले का जिक्र किया गया है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




### लातेहार में लॉरेंस बिश्नोई का शूटर समेत 4 अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के शूटर समेत चार अपराधियों को जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में शूटर अश्विनी कुमार सिंह और प्रिंस कुमार कुरुक्षेत्र हरियाणा के रहने वाले हैं। जबकि उनके साथ गिरफ्तार दो अन्य अपराधी उमेश कुमार सिंह और सर्विस कुमार यादव लातेहार जिले के चंदवा का रहने वाला है। इनके पास से पुलिस ने गांजा और अफीम भी बरामद किया है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के आसपास कुछ अपराधियों के द्वारा एक व्यवसायी की हत्या करने की योजना बनाई जा रही है।

शेष पेज 09 पर



## राजधानी रांची में 185 साल पुराना है दुर्गा पूजा का इतिहास

# दुर्गाबाड़ी में पौराणिक परंपराओं के अनुसार होती है पूजा

### 1883 में दुर्गाबाड़ी में शुरू हुई थी पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा का इतिहास तकरीबन 185 वर्ष पुराना है। सबसे पहले वर्ष 1839 में रातू किले में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई थी। इसके बाद वर्ष 1882 में जिला स्कूल परिसर में दुर्गोत्सव मनाया गया। ठीक एक वर्ष बाद 1883 में दुगार्बाड़ी में पूजा शुरू हुई और नवरात्र में आज भी यहां पूजा होती है।

वर्ष 2000 में बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद यहां दुर्गा पूजा में पंडालों की संख्या और पूजा-पाठ के तौर-तरीकों में बदलाव आया। राजधानी में अभी करीब 150 से 200 के बीच पंडालों का निर्माण होता है। इसमें सबसे अलग और सरल तरीके से मां दुर्गा की पूजा-आराधना अलबर्ट एक्का चौक स्थित दुर्गाबाड़ी में की जाती है।

श्री श्री हरि सभा एंड दुर्गा पूजा समिति रांची के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने बताया कि दुर्गाबाड़ी में पिछले 142 वर्षों से मां दुर्गा की पूजा वृहद् नंदी केसर पद्धति से होती आई है। यहां बंगाली तौर तरीकों से भक्त मां की आराधना करते हैं। दुर्गाबाड़ी में समय, तिथि, नक्षत्र और लग्न के अनुसार ही पूजा होती है। उन्होंने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समय, तिथि, नक्षत्र और लग्न के अनुसार पूजा-पाठ किया जाना चाहिए। दुर्गाबाड़ी में पूजा करने वाले पंडित कोलकाता से आते हैं, जो सभी परंपराओं, नियमों और पौराणिक मान्यताओं के साथ मां दुर्गा की पूजा करते हैं। यहां मां दुर्गा को धतुरा, ईख, डाम्भा की बलि चढ़ाई जाती है। गोपाल भट्टाचार्य ने बताया कि दुर्गाबाड़ी में ढाक की धुन पर माता की पूजा शुरू होती है और ढाक की धुन पर ही मां की प्रतिमा का विसर्जन भी होता है। बंगाली प्रचलन में पूजा-पाठ में ढाक का विशेष महत्व है। ढाक के साथ-साथ ढाक वादक के भी काम को सराहा जाता है। उन्होंने बताया कि अन्य पूजा पंडालों की भांति दुर्गाबाड़ी में डीजे पर गाने नहीं बजाए जाते हैं। पूजा में सिर्फ पारंपारिक वस्तुओं का प्रयोग होता है। पूजा में केवल पारंपारिक तौर-तरीके ही अपनाए जात हैं। बताया कि शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा का बोधन इस वर्ष पंचमी तिथि को होगा।



दुर्गाबाड़ी, अलबर्ट एक्का चौक, रांची।



श्री श्री हरि सभा एंड दुर्गा पूजा समिति रांची के सचिव गोपाल भट्टाचार्य।

### दशमी के दिन 'सिंदूर खेला' का है प्रचलन



दशमी का दिन दुर्गाबाड़ी में पूजा करने वाली विवाहित महिलाओं के लिए विशेष माना जाता है। क्योंकि, इस दिन पीपल के पत्ते से विवाहित महिलाएं मां दुर्गा के गाल और मांग पर लाल सिंदूर लगाती हैं। मां की प्रतिमा में लगाए गए उस सिंदूर को फिर विवाहित महिलाएं आपस में लगाती हैं, जिसे सिंदूर खेला (सिंदूर खेलना) कहा जाता है। विवाहित महिलाएं इस सिंदूर को मां के आशीर्वाद के रूप में अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए अगले दुर्गा पूजा तक प्रयोग करती हैं।

---

नगर विकास सचिव ने कांटाटोली फ्लाईओवर के कार्य का किया निरीक्षण, कहा

# फ्लाईओवर का काम हर हाल में 30 सितंबर तक करें पूरा

- 125 बिजली के खंभे लगाने का चल रहा है काम
- फ्लाईओवर के नीचे लगाए जा रहे एलईडी बल्ब



कांटाटोली फ्लाईओवर।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने सोमवार को कांटाटोली फ्लाईओवर के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (जुडको) और कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को हर हाल मे 30 सितंबर तक काम पूरा कर गतिमान बनाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कार्यरत एजेंसी डीआरए के प्रतिनिधि को स्पष्ट रूप से कहा कि हर हाल में 30 सितंबर तक योगदा मठ, बहुबाजार से शांतिनगर, कोकर तक कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। फ्लाईओवर पर यातायात शुरू करने के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं।

फ्लाईओवर पर सभी 486 प्रीकास्ट सेगमेंटल बॉक्स चढ़ चुके हैं। सभी बॉक्स को केबल से बांधते हुए विशेष ग्लू (गोंद) से जोड़ा जा चुका है। सेगमेंटल बॉक्स को सड़क का रूप देने के लिए 50 एमएम के बिटुमिन का स्तर पर लगाया जा चुका है। बिटुमिन के ऊपर 25 एमएम मास्टिक अस्फाल्ट का लेयर चढ़ाने का काम अंतिम चरण में है। फ्लाईओवर पर लाइट के लिए लगभग 125 बिजली के खंभे लगाने का काम भी चल रहा है। शांतिनगर, कोकर के पास माइनर ब्रिज को चौड़ा करने का काम तेजी से चल रहा है।

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को जुडको द्वारा आश्वस्त किया गया कि 30 सितंबर तक माइनर ब्रिज का भी काम पूरा हो जाएगा। फ्लाईओवर के नीचे भी एलईडी बल्ब लगाए जा रहे हैं। मुख्य फ्लाईओवर पर यातायात शुरू कराने के बाद खादगढ़ा बस स्टैड के प्रवेश द्वार के पास नामकुम एवं बस स्टैंड की ओर जाने के लिए रैंप बनेगा। इसी तरह लालपुर की ओर जाने के लिए पेट्रोल पंप के पास एक रैंप बनेगा।

---

# संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत कल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। यह व्रत हर वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। सनातन संस्कृति में संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए जितिया व्रत की पुरातन परंपरा रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश में प्रचलित इस जितिया पर्व में माताएं पूरी एक तिथि निर्जला उपवास रखकर जीमूतवाहन की आराधना करती है। इस व्रत की शुरूआत एक खास और अनोखी परंपरा से होती है, जो व्रत से एक दिन पहले निभाई जाती है। मंगलवार को निर्जला व्रत शुरू करने से पहले सोमवार को महिलाओं ने परंपरागत मान्यताओं के अनुसार मड़ुआ की रोटी और मछली का सेवन किया। हर व्रती को माछ-मड़ुआ उपलब्ध हो, इसलिए यह मान्यता है कि जो जितना बांटता है, उसके संतान की आयु में उतनी बढ़ोतरी होती है। मंगलवार सुबह सूर्योदय से पूर्व महिलाएं ओठगन (अल्पाहार) करके निर्जला व्रत की शुरूआत करेंगी। इस संबंध में पंडित राजदेव पाण्डेय बताते हैं कि पुराने जमाने में खाने की इतनी वैरायटी नहीं होती थी। मड़ुआ की खेती बड़े पैमाने पर होती थी और बरसात के मौसम में मछली आसानी से मिल जाती थी। इसलिए यह व्रत इन पौराणिक मान्यताओं और उस समय की भोजन संबंधी परिस्थितियों से जुड़ा है। उनका कहना है कि हमारे हिंदू धर्म में व्रत से पूर्व संतुलित आहार को बहुत महत्व दिया गया है। जितिया व्रत से पूर्व महिलाओं के खानपान का पूरा ध्यान रखा जाता है। इस संतुलित आहार के कारण लंबी अवधि तक शरीर को ऊर्जा मिलती है और गैस जैसी परेशानी से निजात मिलती है। मड़ुआ हर कोई भर पेट खा सकता है। मधुमह के मरीज भी यह भोजन ले सकते हैं। यही कारण रहा कि यह सबके लिए अनिवार्य किया गया है। वैसे वैष्णव संप्रदाय की महिलाएं आज के दिन मछली के बदले नौनी साग बनाती हैं। 24 सितंबर मंगलवार की शाम 6:07 से अष्टमी का प्रवेश होगा जो बुधवार 25 सितंबर शाम 5:05 मिनट तक अष्टमी रहेगा। उसके बाद महिलाएं पारण कर सकती हैं। मिथिला पंचांग को मानने वाले 23 को माछ-मड़ुआ खाए। ओठगन तीन बजे सुबह कर लें। 24 सितंबर को व्रत करें और 25 को शाम 5:05 में पारण होगा। मंगलवार अहले सुबह से महिलाएं 35 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी। मंगलवार को व्रती स्नान कर नव वस्त्र धारण करेंगी। इसके बाद भगवान जीमूतवाहन की पूजा करेंगी। इसके लिए कुश से बनी जीमूतवाहन की प्रतिमा को धूप-दीप, चावल, पुष्प आदि अर्पित करेंगी।

---

## न्यूज बॉक्स

### प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड चार से ग्रेड सात में प्रोन्नति दें: झारखंड हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड चार से ग्रेड सात में प्रोन्नति नहीं दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने यह कहा है कि ग्रेड सात में प्रोन्नति वर्ष 1993 में बनी नियमावली के तहत होगी। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द शिक्षकों को ग्रेड सात में प्रोन्नति दें। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

### राज्य के कुछ हिस्सों में कल से भारी बारिश की संभावना

**रांची।** राज्य के लोगों को एक बार फिर उमस भरी गर्मी से राहत मिलने वाली है। राज्य में फिर मौसम बदलने वाला है और 25 सितंबर से फिर भारी बारिश होगी। इसका असर राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इस बीच कुछ जगहों पर गर्जन और वज्रपात होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 25 सितंबर से भारी बारिश होने की संभावना है। 27 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इसका असर राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इस बीच कुछ जगहों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की भी संभावना जताई गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। 26 सितंबर तक राज्य में कहीं कहीं मेघगर्जन और वज्रपात होने की आशंका है।

### शिक्षा के लिए ई-कंटेंट सिर्फ आज की नहीं बल्कि भविष्य की भी आवश्यकता : कुलपति



**रांची।** ई-कंटेंट डेवलपमेंट के लिये आइक्यूएसी, रांची विश्वविद्यालय द्वारा छह दिवसीय कार्यशाला स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के सभागार में शुरू हुआ। मौके पर रांची विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि ई- कंटेंट आज ही नहीं बल्कि भविष्य में भी छात्रों की आवश्यकता है और इसे तैयार करने में सक्षम शिक्षक और रिसर्च स्कॉलर्स विश्वविद्यालय के लिये हीरे के समान हैं। जिस प्रकार से एक सेव में कुछेक बीज होते हैं, पर उस बीज से अनगिनत सेव देने वाले पौधे बनते हैं। हमारे शिक्षक जब ई- कंटेंट तैयार करना सीख जायेंगे तो वह लाखों सक्षम छात्रों को तैयार करेंगे। इसलिये इसे सीखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ई-कंटेंट डेवलपमेंट के प्रशिक्षण के लिये मैं किसी भी प्रकार की मदद या आवश्यकता के लिये सदैव उपलब्ध हूं। कुलपति ने सबों से इस कार्यशाला का भरपूर सदुपयोग करने को कहा और इस आयोजन के लिये रांची विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी तथा पूरी टीम का आभार जताया।

### गिरिडीह डीएवी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत गिरिडीह डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता की सामाजिक वास्तविकता को उजागर करने और स्वच्छ भारत पर संदेश देने के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, चित्रकारी और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम की पहल सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (कल्याण विभाग) ने की। इसका उद्देश्य सभी को एक स्थायी और स्वस्थ पर्यावरण का सक्रिय हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करना था। छात्रों ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और लोगों तक अपने संदेश पहुंचाने के लिए उत्साह और रचनात्मकता दिखाई। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने लोगों को स्वच्छता और स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया। प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभवों के बारे में बताया और इस बारे में अंतर्दृष्टि साझा की और कहा कैसे हमलोग पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रख सकते हैं। उन्होंने बेहतर भविष्य के लिए प्रकृति के संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### खनन रॉयल्टी पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, सरकार के आदेश को सही ठहराया

**रांची।** खनन के बाद स्टोन बोल्डर एवं उसकी प्रकृति बदलकर स्टोन चिप्स बनाने पर दोनों की अलग-अलग रॉयल्टी लिए जाने के सरकार के आदेश को झारखंड हाईकोर्ट ने सही ठहाराया है। सोमवार को इस मामले का फैसला सुनाते हुए अदालत ने इस निर्णय को चुनौती देने वाली 120 याचिकाएं खारिज कर दीं। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि खनन के बाद निकले खनिज की प्रकृति बदलने के बाद उसकी अलग-अलग रॉयल्टी चार्ज करने का राज्य सरकार को अधिकार है। दरअसल राज्य सरकार की ओर से स्टोन बोल्डर की रॉयल्टी 125 प्रति सीएफटी और स्टोन चिप्स के लिए रॉयल्टी 250 रुपए प्रति सीएफटी की दर निर्धारित की गई है।

---

# बीयर बार लॉर्ड ऑफ दी ड्रिंक्स का देर रात तक हो रहा था संचालन




**मॉल ऑफ रांची के प्रबंधन ने कहा, स्वयं बार संचालक देंगे जवाब**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में स्थित मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लॉर्ड ऑफ दी ड्रिंक्स में शनिवार देर रात पुलिस ने छापामारी की थी। छापामारी के दौरान मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, बार के संचालक गौरव अग्रवाल पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों के अनुसार वरीय अधिकारियों को लगातार सूचना मिल रही थी कि मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लॉर्ड आफ दी ड्रिंक्स में देर रात तक पार्टी का आयोजन हो रहा है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार देर रात छापेमारी कर कार्रवाई की है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया था कि मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। बार से जेबीएल कंपनी के दो साउंड बॉक्स और पेन ड्राइव बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मॉल ऑफ रांची के प्रबंधन से इस विषय में जब पूछा गया, तो वह सवालों से बचता नजर आया। मॉल ऑफ रांची के जनरल मैनेजर सुभोप्रत सन्याल ने कहा कि इस पूरी घटना पर वे अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे। मॉल के ऑपरेशन कर्मचारी रूपम ने बताया कि मॉल की दुकानें अमूमन रात में 10:00 से 11:00 बजे के बीच बंद हो जाती हैं। मॉल ऑफ रांची में मौजूद सिनेमा हॉल में देर रात तक सिनेमा दिखाए जाते हैं और इस कारण सिनेमा हॉल देर से बंद होता है। पूछे जाने पर ऑपरेशन कर्मचारी रूपम ने जनरल मैनेजर सुभोप्रत सन्याल की ओर से कहा कि प्रबंधन के पास मॉल की सभी दुकानों की जानकारी है। लेकिन, बार के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि इसकी जानकारी स्वयं बार संचालक देंगे। गौरतलब है कि बीयर बार लार्ड ऑफ दी ड्रिंक्स के संचालक गौरव अग्रवाल फिलहाल फरार हैं।

---

# मंईयां सम्मान यात्रा को सफल बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता : विनोद पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को झामुमो की प्रमंडल स्तरीय बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन मे संपन्न हुई। जिसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से रांची, गुमला, लोहरदगा और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ जिला से झामुमो के केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिती के पदाधिकारी, नगर/महानगर समिती के पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के जिला समिति के पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुये। बैठक के आरंभ होने के पूर्व स्व विनोद बिहारी महतो की जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने मंईयां सम्मान यात्रा आरंभ किया है। झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता इस यात्रा को सफल बनाने में जी-जान जुट जाये। मंत्री बेबी देवी नेतृत्व कर रही हैं। सोमवार से पलामू प्रमंडल से आरंभ हुआ है। कोल्हान प्रमंडल में यह समाप्त होगा। महिला विधायक कल्पना सोरेन व अन्य शामिल हो रहे हैं। भाजपा के नेता गिद्ध दृष्टि डाले हुए हैं। उनके हर कदम का करारा जवाब देना है। भाजपा की मंशा इस राज्य में सफल नहीं होगी। कार्यकर्ता उसे विफल बनायेंगे। पांडेय ने कहा कि झामुमो कार्यकताओं की पार्टी है, किसी के जाने से यहां कोई फर्क नहीं पड़ता। संगठन में धार देना है। 51 लाख से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है पांडेय ने कहा कि चुनाव में महिलाओं की बड़ी भागीदारी होगी। 51 लाख से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है।

---

महिलाओं को ढंग का शौचालय नहीं दे पा रही स्मार्ट सिटी रांची

# मॉड्यूलर शौचालय की हालत खस्ता कामकाजी महिलाएं हो रहीं शिकार



**काजल मेहता**

**रांची।** झारखंड राज्य अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। हरी वादियों के बीच बसे इस राज्य में कई तरह के झरनों का भी दृश्य देखने को मिलता है। झारखंड सरकार इस राज्य को और भी खूबसूरत बनाने के लिए शिद्दत से प्रयासरत है। राज्य के हर जिले की अपनी एक विशेषता है। झारखंड की राजधानी रांची की भी एक अलग पहचान है। रांची को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। साथ ही, झारखंड के नेताओं के लिए आलीशान घर भी बनवाए जा रहे हैं। शिक्षा, रोजगार या फिर तकनीकी क्षेत्र की बात हो, सभी में बेहतर करने की कोशिश है। इन सब में एक बड़ा मुद्दा महिला सशक्तीकरण का भी है। राजधानी में महिला शक्तिकरण को लेकर राजनीतिक पार्टियां और महिला मोर्चा अक्सर बड़ी-बड़ी बातें करते दिखते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती नजर आती हैं। जिस राज्य की सरकार हमेशा महिला सशक्तीकरण पर जोर देती है, उसी राज्य की राजधानी में कामकाजी महिला, या अन्य महिलाओं के लिए सड़कों पर ढंग के शौचालय तक नहीं हैं। राजधानी रांची में कुल 150 मॉड्यूलर शौचालय हैं। इन 150 शौचालयों में 50 प्रतिशत महिला शौचालय हैं। राजधानी रांची के सभी 150 मॉड्यूलर शौचालय सुलभ इंटरनेशनल संगठन की देख-रेख में हैं। सूत्रों की मानें, तो रांची नगर निगम की ओर से सुलभ इंटरनेशनल संगठन को मॉड्यूलर शौचालय के रख-रखाव के लिए प्रति यूनिट प्रतिमाह 5,000 रुपये दिए जाते हैं। कुल 150 शौचालय के लिए सालाना तकरीबन एक करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है। इसी क्रम में राष्ट्रीय नवीन मेल ने महिलाओं के लिए बने मॉड्यूलर शौचालयों का हाल जानना चाहा, तो राजधानी रांची के शहरी इलाकों में बनाए गए लगभग सभी मॉड्यूलर शौचालयों में त्रुटि मिली। कहीं शौचालय की कुंडी खराब है, तो कहीं पानी नहीं है। कुछ जगहों पर कमोड भी टूटा हुआ है। नगर निगम की इस लापरवाही का शिकार सबसे अधिक चौक-चौराहों पर तैनात महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मी हो रही हैं। वहीं, पुरुष शौचालयों की स्थिति भी कुछ खास अच्छी नहीं है। कायदे से सुलभ इंटरनेशनल की यह जिम्मेदारी है कि सभी शौचालयों की सफाई व रखरखाव का ख्याल रखे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

### बिगशॉप में है महिला कर्मचारियों के लिए सभी व्यवस्थाएं



राजेंद्र कुमार जैन, प्रबंधक, बिग शॉप।

एक ओर राजधानी में 150 मॉड्यूलर शौचालय की स्थिति चरमराई हुई है, वहीं दूसरी ओर राजधानी के मेन रोड में स्थित बिग शॉप है, जहां महिला कर्मचारी और महिला ग्राहकों के लिए सारी सुविधाएं हैं। खासकर, साफ-सुथरे शौचालय की अच्छी व्यवस्था है। इस पर बिग शॉप के प्रबंधक राजेंद्र कुमार जैन ने बताया कि बिग शॉप में आने वाली महिला कर्मचारी और महिला ग्राहकों के लिए शौचालय की बेहतर सुविधा है। इससे महिलाएं निश्चिंत होकर अपनी खरीदारी कर पाती हैं। और, महिला कर्मचारी अपने काम पर ध्यान दे पाती हैं। वहीं, राजेंद्र कुमार जैन का मानना है राजधानी के सड़कों पर बने मॉड्यूलर शौचालयों पर सरकार और रांची नगर निगम को विशेष ध्यान देना चाहिए। ताकि, घरों से बाहर निकलने वाली महिलाओं को शौच के लिए परेशानी से नहीं गुजरना पड़े।

**उठते सवाल**

- **यदि** रांची नगर निगम प्रतिमाह सुलभ इंटरनेशनल संगठन को राशि का भुगतान कर रहा है, तो फिर शौचालय उपयोग करने लायक क्यों नहीं है?
- **यदि** सुलभ इंटरनेशनल रख-रखाव में सक्षम नहीं है, तो रांची नगर निगम इस पर मौन क्यों है?
- **झारखंड** सरकार इसकी सुधि क्यों नहीं ले रही है?

---

# धराशायी होने के कगार पर है बिरसा हरित ग्राम योजना

- केंद्र और राज्य सरकार के विकास मद का पैसा विकास कार्यों में खर्च नहीं
- मानसून समाप्त होने के बाद खाद-बीज बंटे, तो किसका होगा भला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनरेगा के अंतर्गत चल रही बिरसा हरित ग्राम योजना धराशायी होने के कगार पर खड़ी है। दरअसल, झारखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी कराई जाती है। इस बागवानी में सरकार करोड़ों रुपये खर्च करती है। प्रति एकड़ पांच लाख रुपये का खर्च होता है। किसी जिले में अगर 2000 एकड़ भूमि में बागवानी होनी है, तो इसमें सौ करोड़ रुपये खर्च होता है। इस लिहाज से देखा जाए तो केंद्र और राज्य सरकार के विकास मद के करोड़ों रुपये खर्च ही नहीं हुए हैं। पलामू में बिरसा हरित ग्राम योजना को स्वीकृति मिली ही नहीं है। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों में स्वीकृति मिली है, तो उन्हें खाद और पौधे ही नहीं मिले हैं। जबकि, इन जिलों के लाभुक गड्ढे खोदकर सरकारी सहायता मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**उठते सवाल**

सवाल यह है कि मानसून समाप्त होने पर खाद व बीज बांटे जाएंगे, तो किसका भला होगा। मरनेगा से जुड़ी अन्य योजनाएं भी अभी तक शुरू नहीं हुई हैं। चुनाव आयोग की टीम झारखंड में है। दो-चार दिनों में अगर आचार संहिता लग जाती है, तो मरनेगा की इन योजनाओं का क्या होगा?

## एक नजर

### पिकअप वैन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत जुमला हाकेदाग निवासी सुधीर मुंडा, उम्र 25 वर्ष, पिता स्वर्गीय बृजमोहन मुंडा को पिकअप वैन ने अपने चपेट में ले लिया, इससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताते चले की पिकअप वैन जुमला के नया टोली से सवारी उतार कर जा रहा था और मृतक उसी रास्ते अपने घर वापस आ रहा था। रास्ता संकीर्ण होने के कारण युवक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले एवं पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया।

### बिनोद बिहारी महतो को आजसू पार्टी ने दी श्रद्धांजलि



**सिल्ली ।** स्व. बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती के अवसर पर सिल्ली स्टेडियम परिसर में आजसू पार्टी सिल्ली की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड के पुरोधा स्व. बिनोद बाबू ने पढ़ो ओर लड़ो का नारा दिया था। उन्होंने गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा पर जोर दिया था। इस दौरान मुख्य रूप से मनोज कोइरी, सुधीर महतो लखीराम नायक, किर्तन कोइरी , पवन महतो, टहल पुरान, पुष्कर मछुआर, गुरुपद पुरान, दिगम्बर मुंडा, आर्चरी के प्रशिक्षु व आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सगे भाई ने की भाई की हत्या

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के राजीव नगर में सोमवार की अहले सुबह एक युवक ने अपने ही सगे बड़े भाई की हत्या कर दी। मृतक का नाम सोनू लोहरा है, जबकि उसके हत्यारे भाई का नाम मन्नू लोहरा है। बताया जाता है कि सोनू लोहरा अपनी पत्नी के साथ रांची में काम करता था। रनिवार की रात वह अपनी पत्नी और दो वर्षीय बच्ची के साथ अपने घर आया था। राजीव नगर में एक कमरे का उसका मकान है। जिसमें उसका छोटा भाई मनु लोहरा रहता था। रविवार की रात घर आने पर वह भी उसी कमरे में अपनी पत्नी के साथ सोने गया। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में अनबन हुई। मनु लोहरा नहीं चाहता था कि सोनू और उसकी पत्नी बच्चे सहित इस कमरे में रहें। रविवार की सुबह दोनों में बहस शुरू हुई और उसने घर में ही रखे कुदाल से उस पर हमला कर दिया।

#### आजीविका महिला संकुल की वार्षिक आम सभा आयोजित

# महिलाएं पुरुषों को पीछे छोड़ प्रस्तुत कर रही हैं उदाहरण : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड सापुकेरा आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा का आयोजन महिला प्रशिक्षण भवन लापुंग में किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर महिला आजीविका संकुल की दीदियों को संबोधित करते हुए बीडीओ ऊषा मिंज ने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण अब गांवों में दिखने लगा है। महिलाएं पुरुषों को पीछे छोड़ आगे निकलकर स्वयं को न सिर्फ सिद्ध कर रहीं हैं बल्कि आत्मनिर्भर बनकर उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला समूह के माध्यम से जुड़ कर महिलाएं स्वरोजगार से अपने और अपने परिवार का जीवन स्तर को ऊंचा उठा रही हैं वहीं सापुकेरा की मुखिया सविता उरांव ने कहा कि महिला समूहों का बचत खाता बैंक चौबीसों घंटा खुला रहता है। मुसीबत के समय कभी भी महिला समूह रुपया निकाल कर अपना काम चला सकती हैं और दूसरों को भी ऋण देकर मदद कर सकती हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया जयंत बरला ने कहा कि जेएसएलपीएस ने महिलाओं के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन किया है। वहीं ब्लॉक एंकर पर्सन अंबिका देवी ने कहा कि छूटे हुए महिलाओं को भी समूह से जोड़े और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाकर उनकी मदद करें। इस मौके पर सापुकेरा संकुल के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

#### ट्रक में लदे 37 गौवंशीय पशु बरामद,एक आरोपी गिरफ्तार

# चालक और खलासी फरार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ट्रक में अवैध रूप से लदे 37 गौवंशीय पशु को बरामद किया है। वहीं इस सिलसिले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में बेड़ो थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक में अवैध रूप से तस्करी के लिए गौवंशीय पशुओं को ठूंस कर ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी नकुल साह के नेतृत्व में सदल बल सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के महावीर चौक के समीप पुलिस ने छापामारी के क्रम में एक 12 चक्का वाले ट्रक को रोका और पूछताछ किया। इधर जांच के दौरान पुलिस ने इस ट्रक पर अवैध रूप से तश्करी के लिए ले जा रहे कुल 37 गौवंशीय पशुओं को बरामद कर ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस ने एक आरोपी मोजिद अंसारी पिता मोहिब अंसारी ग्राम पंडरी, थाना चान्हों,जिला रांची निवासी को धर दबोचा। साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संदर्भ में कांड संख्या 99/2024 दिनांक 23-09-2024 धारा 317 (5)/3 (5) भारतीय न्याय संहिता एवं पशु क्रुरता अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### सिल्ली विधानसभा सीट सबसे ज्यादा चर्चित : देवेंद्रनाथ महतो



सिल्ली। राज्य में विधानसभा चुनाव की दस्तक शुरू होने वाली है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग अपने निरीक्षण को लेकर झारखंड पहुंची। इसी के साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो द्वारा न्याय एवं नव निर्माण यात्रा जारी है। सोमवार को न्याय यात्रा सोनाहातू और राहे प्रखंड में दौरा किया। सोनाहातू प्रखंड के एदेलडीह, इडकू, मगनडीह, हेसाहातु गांवों में एवं राहे प्रखंड के दुलमी गांव में पदयात्रा किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। लोग एक गांव से दूसरे गांवों तक पदयात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान देवेंद्रनाथ महतो ने कहा की चुनाव से पूर्व राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में से यह सिल्ली विधानसभा सबसे ज्यादा चर्चित बना हुआ है। आए दिन विभिन्न मीडिया प्रवक्ता एवं पॉलिटिकल पंडित के द्वारा इस सिल्ली विधानसभा सीट को लेकर चर्चा जारी है। इस बार जनता नए बदलाव के दृष्टिकोण से मतदान करेंगी।

### हिमंता ने मुड़मा जतरा खूंटा शक्ति स्थल पर मथा टेका



**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा स्थित यात्रा कोटा शक्ति स्थल में सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत ा विस्वा सरमा ने मत्था टेका और झारखंड की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। इससे पहले पड़हा समिति द्वारा उन्हें अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड के लोगों में काफी ईमानदारी है। यहां के लोगों का आपेक्षिक विकास अभी तक नहीं हो पाया है। झारखंड खासकर के आदिवासी बहुल क्षेत्र है। आदिवासी समाज सबसे प्राचीन निवासी है। सरना कोड की मांग के लिए मैं प्रधानमंत्री से बात करूंगा। झारखंड में चल रहे उत्पाद सिपाही बहाली के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के मौसम में नहीं दौड़ाना चाहिए। सरकार को लोगों की जान की चिंता नहीं है। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, अरुण उरांव, रामनारायण भगत, नितु कुजूर, जगराम उरांव, प्रदीप महली, अनिल उरांव, बिहारी उरांव, विजय महतो, अरविंद सिंह, गोपाल उरांव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता और पड़हा के लोग मौजूद थे।

### खेल के दौरान गोलकीपर घायल, रिम्स रेफर



बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में चल रहे दिवंगत मुकेश तिर्की मेमोरियल प्राइजमनी फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान सोमवार को दोपहर में गोल बचाने के दौरान गोलकीपर हुआ घायल। सरना नवयुवक संघ प्रयागो मांडर की टीम का गोलकीपर एवं इटकी निवासी अनुभव उरांव गांव इटकी निवासी गोल कीपिंग के दौरान विपक्षी टीम बबलू ब्रदर्स असरो के खिलाड़ी के द्वारा मारी गई शॉट को गोलपोस्ट में बचाने के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल मौके पर मौजूद मैदान में तैनात चिकित्साकर्मियों की टीम उसका प्राथमिक उपचार किया। वहीं गिरने के बाद बेहोश गया था। कुछ समय के बाद उसे जब होश आया। तब उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के रिम्स रेफर कर दिया। जिसे एम्बुलेंस से मौके पर मौजूद उसकी बहन एवं उसके दो साथी खिलाड़ी उसे रिम्स ले गए।

### संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति की नई कमिटी गठित

**रांची।** कचहरी चौक स्थित संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति की बैठक मां संतोषी माता मंदिर में समिति के संरक्षक राजेश कुमार लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीते वर्ष 2023 की पूजा के आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा के द्वारा रखा गया। वहीं सर्वसम्मति से वर्ष 2023 की पुरानी कमिटि को भंग कर वर्ष 2024 के लिए नई कमिटि घोषित की गई। 2024 की नई कमिटि में संरक्षक : दिलीप चौधरी, डॉ अशोक लाल, इंद्र गुप्ता, पारस गुप्ता, उपेंद्र सिंह, प्रणय कुमार, डॉ राजेश गुप्ता (छोटू), महेश चंद्रा, सुनील जायसवाल, गौतम तिवारी, आनंद चौधरी, लक्ष्मी केडिया, आशा देवी (पार्षद वार्ड 18), प्रवीण कुमार शामिल हैं। संयोजकः संतोष गुप्ता, सह संयोजक : अभिषेक राज(सन्टी), अध्यक्ष : अजय गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष : नीरज वर्मा, उपाध्यक्ष : सुदीप नारायण (बंटी), दीपू वर्मा, सुजीत शाही, गौरव सिंह (छोटू), अविनाश वर्मा, सौरव गुप्ता, सचिव : संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष : अरुण वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष : रविशंकर गुप्ता, विजय गुप्ता, सह सचिव : सोनू कुमार, सौरव गुप्ता (सोनू), प्रिंकेश शुब्बा, अमित कुमार(बबलू) बनाये गए।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की टीम पहुंची रांची



- रांची पहुंचने पर निर्वाचन आयोग की टीम का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत
- मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित राज्य के संबंधित पदाधिकारियों के साथ आयोग ने की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश
- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के साथ भी हुई बैठक

रांची। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार पूर्वाह्न रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची आयोग की इस टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। सोमवार सुबह पूर्वाह्न लगभग 9:00 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे आयोग के सदस्यों का झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अगुवाई में राज्य के वरीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रांची पहुंचने पर आयोग ने बैठकों के क्रम में सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक कर उनसे विस्तार से संवाद किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील भी की। राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक के उपरांत आयोग ने चुनाव कार्य से प्रत्यक्षतः संलग्न विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों जैसे आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी, रिजर्व बैंक, वन, परिवहन, नागरिक उड्डयन, नारकोटिक्स आदि के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की। सभी से अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कमर कस लें। आयोग की समीक्षा के क्रम में उपरोक्त दो समीक्षा बैठकों के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर तथा सीएपीएफ के नोडल पदाधिकारी के साथ आयोग ने संबंधित निर्वाचन विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की।

# मुख्यमंत्री ने खूंटी और सिमडेगा जिले को दी कई सौगातें



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में खूंटी और सिमडेगा जिले को 73,454.146 लाख रुपये की सौगात दी। विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और दोनों जिलों के 133,881 लाभुकों के बीच लगभग 148 करोड़ रु की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें खूंटी जिले को 31,360.918 लाख रु की 154 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र, खूंटी एवं सिमडेगा जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के अलावा झामुमो के जिलाध्यक्ष और जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### खलारी में डीएमएफटी योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**खलारी।** खलारी में डीएमएफटी योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी व विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें बड़की टांड़, मोहन नगर में डीप बोरिंग कर सोलर संचालित जलमीनार शामिल हैं। इस मौके पर खलारी मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू, फुलेश्वर महतो, मिथिलेश प्रजापति, विश्वनाथ गंझू आदि उपस्थित थे।

### विधानसभा नियुक्ति घोटाला की सीबीआई जांच से दोषी होंगे चिन्हित : सरयू राय



**जमशेदपुर।** झारंखड उच्च न्यायालय द्वारा झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला की सीबीआई जांच का आदेश देने का दूरगामी परिणाम होगा। लोकतंत्र के मंदिर में अवैध नियुक्ति के आरोपों पर पर्दा डालने में सरकार और विधानसभा की भूमिका का पर्दाफाश होगा। दोषी चिन्हित होंगे। उक्त बातें जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति घोटाले का यह मामला 2007 में मैंने उठाया तो तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष आलमगीर आलम ने मुझसे सुबूत मांगे। मैंने उन्हें घोटाले की सीडी सौंप दी।

# प्रशिक्षणार्थियों को 75 प्रतिशत अनुदान पर मिली मशीन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण के अंतर्गत सफल प्रशिक्षणार्थियों को 75 प्रतिशत अनुदान पर मशीन एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। 330 महिलाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह प्रयास किया गया। वर्तमान में बोर्ड द्वारा प्रशिक्षित कई महिलाएं अपना स्वरोजगार कर रही हैं। बुटिक एवं विभिन्न कंपनियों के साथ जुड़कर जीविकोपार्जन कर रही हैं। झारखंड राज्य खाद्य एवं ग्राम उद्योग बोर्ड प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करता है तथा उन्हें स्वालंबी बनाकर पलायन कुपोषण एवं बेरोजगारी को दूर करने में मदद करता है। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह, निदेशक हस्त का रेशम एवं हस्तशिल्प आकांक्षा रंजन एवं मुख्यमंत्री लघु कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु मोहन, झारखंड क्राफ्ट एचडी कीर्ति श्री एवं झारखंड राज्य खादी ग्राम उद्योग बोर्ड की कार्यपालक पदाधिकारी सुमन पाठक उपस्थित थे। मंत्री ने प्रशिक्षित महिलाओं को मशीन वितरित किया व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# सीसीएल की अर्पिता महिला मंडल ने किया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सीसीएल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अर्पिता महिला मंडल ने पर्यावरण को समर्पित पौधरोपण सीसीएल ऑफिस दरभंगा हाउस परिसर में किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व का सम्मान करना और माताओं के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना था। सीसीएल की प्रथम महिला और अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें अर्पिता महिला मंडल की सदस्यों ने कार्यालय परिसर में सक्रिय रूप से पौधारोपण किया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करना है, बल्कि समुदाय को उनके मां के नाम पर प्रकृति के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना भी है। सीसीएल की ऐसी सार्थक पहलों के प्रति प्रतिबद्धता इसके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति दृढ़ संकल्प को और मजबूत करती है। इस अवसर पर रीता मिश्रा, शशि दुहन, किरण झा, इंदु मिश्रा, रूपा रानी, और अर्पिता महिला मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सीसीएल पर्यावरण अनुकूल खनन को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर अपने कमांड क्षेत्रों में पौधरोपण करता है।

### चुरी के विस्थापित ग्रामीणों ने मांगा रोजगार

**खलारी।** चुरी कोलियरी विस्थापित ग्रामीणों ने चुरी पूर्वी पंचायत अंतर्गत बर टोला में बैठक किया। अध्यक्षता जेबीकेएसएस रांची जिला महिला मोर्चा की सचिव किरण देवी ने की। बैठक में जेबीकेएसएस पार्टी के भी कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में प्रदूषण की समस्या, नौकरी-रोजगार आदि विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। बताया गया कि चुरी कोलियरी परियोजना अंतर्गत विस्थापित हुए रैयतों को उनकी जमीन के बदले अभी तक नौकरी नहीं मिल पाया है। कोलियरी से हो रहे प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रदूषण से ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रदूषण क्षतिपूर्ति के लिए कोष की मांग की। वहीं परियोजना पदाधिकारी से मांग किया कि सही रैयत की जांच कर यथाशीघ्र रोजगार व प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रदूषण कोष दिया जाय। बैठक में किरण देवी, निशा देवी, मीनाक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी, पुनीता देवी, मंजू देवी, सुजीत देवी, कुंती देवी, सविता देवी, कौशल्या देवी, बसमतिया देवी, फूलमती देवी, कृष्णा बड़का महतो, मुन्ना गंझू, प्रसाद महतो, लखन कुमार उपस्थित थे।

#### अग्रसेन जयंती के 48वें वार्षिक महोत्सव को लेकर महिला गोष्ठी, वक्ताओं ने कहा

# बच्चों को दें अच्छे संस्कार व मोबाइल से रखें दूर



**रांची।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के 48वां वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रसेन भवन में महिला गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय 'किशोर किशोरियों को क्या बताएं क्या छुपाएं' इसमें मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की महिलाओं ने इसमें अपनी भागीदारी देकर एक अहम भूमिका निभाई। महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किये, साथ ही तरह-तरह के महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा भी हुई। इस चर्चा में निष्कर्ष निकला कि हमें बच्चों को आगे कैसे परवरिश देनी चाहिए। इसमें विशेष रूप से कुछ मुद्दे सामने आए हैं जैसे की हमें बच्चों को कैसे संस्कार सीखना चाहिए। साथ ही उन्हें मोबाइल की लत से दूर रखने व बच्चों के साथ समय बिताए ताकि वह अच्छे संस्कार सीख पाए। मारवाड़ी महिला मंच की महिलाओं की तरफ से मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा को इस महिला गोष्ठी में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, रितू पोद्दार, कोमल पोद्दार, विनीता विहानी, कविता जालान, पायल जैन, चंद्रकला, दीपिका मोतिका, चंदा अग्रवाल और अन्य उपस्थित थीं।

### प्रज्ञा केंद्र संचालक से 65 हजार रुपए की ठगी

**खलारी।** साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका निकाला है। इसमें फंसकर खलारी का एक प्रज्ञा संचालक से 65 हजार रूपए ठग लिया गया। ठगी का शिकार हुए तौफिक अंसारी ने इस संबंध में खलारी थाना को लिखित जानकारी दी है। घटना के संबंध में बताया गया कि केडी रोड स्थित अल्युमिनियम फैब्रिकेशन का काम करने वाले चिरंजीव मिश्रा को एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को ग्राहक बताते हुए शहीद चौक खलारी के निकट बुलाया। चिरंजीव वहां चला गया। काल करने वाले ने बताया कि निकट में एक प्रज्ञा केंद्र है उनसे बात कराएं। चिरंजीव प्रज्ञा केंद्र में चला गया और उसके संचालक तौफिक अंसारी को मोबाइल दे दिया। कॉलर ने तौफिक से कहा कि चिरंजीव 65 हजार नकद पैसा दे रहे हैं, उसे मेरे एकाउंट में ट्रांसफर कर दे। इसके बाद तौफिक ने बिना चिरंजीव से पूछे अथवा नगद रूपया लिए अपने फेडरल बैंक एकाउंट से चार बार में धड़ाघड़ 65 हजार रूपए कॉलर के गुगल पे नंबर 8238615397 पर ट्रांसफर कर दिया।

# मृतक सोमरा उरांव के परिजन से मिले डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** चान्हो थाना क्षेत्र के शिलागाई गांव निवासी दुखा उरांव के 45 वर्षिय पुत्र सोमरा उरांव ने रविवार को पेड़ में रस्सी का फंदा बना कर खुदकुशी कर ली थी। मिली जानकरी के आधर पर मृतक सोमरा उरांव मानसिक रूप से बीमार बताया गया। जिसकी मिट्टी आज शाम में किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत मृतक के परिजन से मिलने उनके घर पहुंचे। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।\

### मजदूर नेता ने मृतक के परिजनों को किया मदद

**खलारी।** खलारी के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड क्षेत्र के चार परिवारों को मदद किया। अब्दुल्ला ने बताया कि खलारी क्षेत्र के ग्राम ठरहा गांव की सुगनी देवी, सामू टोंगरी के कोटिया महतो, अंबा टोंगरी की प्रतिमा कुमारी व राय बस्ती की सुक्रो देवी का कुछ दिन पूर्व बीमारी से निधन हो गया था। जानकारी मिलने पर अब्दुल्ला अंसारी सभी परिवारवालों से मिलकर संवेदना व्यक्त किए और परिवारवालों को ढाढस बंधाया।

## एक नजर

### बेलादोहर के अभिषेक मलेशिया रवाना, जानेंगे उच्च तकनीक



**बरही ।** बेलादोहर के 20 वर्षीय युवा अभिषेक कुमार सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के उच्च तकनीकी जानकारी के लिए सोमवार को मलेशिया के लिए रवाना हो गए. वर्तमान में वह बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का प्रशिक्षण ले रहे है. इसी दौरान उन्हें मलेशिया जाने का ऑफर मिला और उच्च प्रशिक्षण के लिए मलेशिया रवाना हो गए. विदित हो कि बरही प्रखंड का यह होनहार लाडला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव के सुपुत्र हैं. जो पिछले कई महीनों से बेंगलुरु में रहकर सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग ले रहे है. जिप उपाध्यक्ष ने इस सुनहरे अवसर के लिए गुरुजनों, पूर्वजों और ईश्वर का आशीर्वाद बताया है. उन्होंने कहा कि विदेश से लौटने के बाद वह देश के विकास के लिए पूर्ण समर्पित होकर कार्य करें।

### भाकपा माले ने सड़क मरम्मत की मांग को लेकर गिद्दी सी नया मोड़ के सड़क को किया जाम

**गिद्दी।** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गिद्दी सी नया मोड़ कुजू सड़क मरम्मत की मांग को लेकर सोमवार को चुंबा उचरिंगा में सड़क जाम किया। माले कार्यकताओं और ग्रामीणों ने सोमवार को सुबह 8 बजे से सड़क जाम किया गया। बाद में डाड़ी सीओ सह बीडीओ और गिद्दी थाना प्रभारी के सड़क मरम्मत कराने के आश्वासन देने पर दिन में लगभग 1 बजे सड़क जाम हटाया गया। सड़क जाम करने वालों ने बताया कि पुलिस प्रशासन 29 सितंबर तक सड़क के गढ्ढा को मरमत कराने का आश्वासन दिया है। कहा आश्वासन के अनुरुप सड़क के गढ्ढा को मरम्मत नहीं किया जाएगा, तब वे लोग 1 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन सड़क जाम करेंगे। सड़क जाम करने में भाकपा माले के रामगढ़ जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, जयवीर हांसदा, लाली महतो सहित ग्रामीण शामिल थे।

### गोला-मुरी जाने वाली सड़क पर गड्ढा ही गड्ढा घट सकती है बड़ी दुर्घटना

**गोला।** गोला-मुरी मुख्य मार्ग की दुर्दशा को देख आने जाने वाले लोगों से अनायास ही कहते सुना जा सकता है कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जाते है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार लोग समस्या को जानते नहीं हैं। इनका अक्सर इस मार्ग से गुजरना होता है। स्थिति को देख कर भी वे अनदेखा कर दे रहे हैं। जिसका खामियाजा राहगीरों को हर रोज भुगतना पड़ रहा है। सबसे बदतर स्थित गोमती नदी पर बना पुल पुरी तरह से जर्जर हो गया है। पुल के बीचों बीच बड़े-बड़े गढ़े हो गए हैं। कई जगह यह गड्ढा पुल के आर पार भी हो गया है। इस मार्ग पर डीवीसी चौक के पास बना यह पुल काफी महत्व रखता है। इसके ध्वस्त हो जाने पर सीएम हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा, झालदा, मुरी, सिल्ली सहित दर्जनों गांवों का गोला रामगढ़ से सम्पर्क कट जाएगा।

मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

# नयामोड़ फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की हुई दर्दनाक मौत



आदित्यदेव कुमार



चन्दन कुमार



राजा मंडल



सीओ लोगों से बातचीत करते हुए

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत नयामोड़ फोरलेन सड़क पर सोमवार को ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। कुजू पुलिस ने सड़क पर पड़े शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी परिजनों व ग्रामीणों को मिलते ही सभी लोग मिलकर करीब 1 घंटे के लिए नयामोड़ फोरलेन सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार दिगवार डुमरियागढ़ा निवासी चंदन कुमार (18 वर्ष) पिता सुरेश मुंडा अपने मित्र आदित्यदेव कुमार (16 वर्ष) पिता स्व प्रकाश कुशवाहा उर्फ राजू का जन्मदिन मनाने को लेकर सुपर स्पेलेंडर बाइक संख्या जेएच02वाई-1680 से राजा मुंडा (14 वर्ष) पिता छोटू मुंडा के साथ नयामोड़ पहुंचा था। साथ ही नयामोड़ में दुकान से कुछ सामान लेने के बाद विपरीत दिशा से जाने लगा। इसी क्रम में हजारीबाग की ओर से आ रहे ट्रेलर संख्या पीबी10एचजेड-5084 की चपेट में तीनों आ गए। जिसमें आदित्यदेव कुमार, राजा मुंडा की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गया। कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर क्षत-विक्षत शव को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भेज दिए।

### राशि दिलाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा

घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों व ग्रामीणों को मिला वैसे ही सभी लोग नया मोड़ चौराहा पहुंचकर सड़क को दोनों ओर से जाम कर दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतारे लग गयी। बाद में जाम की सूचना पाकर पहुंचे मांडू अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी ने ग्रामीणों से वार्ता कर जाम को हटाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण मुआवजा को लेकर अड़े रहे। इसके बाद सीओ ने सहायता के रूप में 10000 व ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे ने अपनी ओर से 10000 रुपये दिया। साथ ही वाहन मालिक से बातचीत कर और राशि दिलाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा।

### लइयो में 40वीं जिउतिया फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

**रामगढ़।** प्रत्येक वर्ष कि भांती इस वर्ष भी आजाद स्पोर्टिंग क्लब लइयो के तत्वावधान में लुगुबाबा स्टेडियम में सोमवार को 40 वीं जिउतिया फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हो गया। पांच दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि जेओसीपी पीओ एलके राय, कार्मिक पदाधिकारी दुबे पटेल, लइयो उतरी मुखिया मदन महतो, पंसस द्रोपदी देवी, उप मुखिया नुरेशा खातुन, पूर्व मुखिया बिंदु देवी, दासो महतो, डालचंद महतो, नरेश शर्मा, बसंत महतो, रमेश महतो, मोहरलाल महतो, धनेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रुप से फिता काट कर किया। उदघाटन के पूर्व सभी अतिथियों ने लुगू बाबा की विधिवत रुप से पूजा अर्चना किया। उदघाटन मैच 52 स्टार क्लब लइयो एवं रॉयल क्लब दुधीबांध के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल क्लब ने 52 स्टार क्लब को परास्त कर खेल के अगले चक्र में जगह बनाया। मौके पर प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन महतो ने बताया कि फाइनल मुकाबला 27 सितंबर को खेला जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### शंकर चौधरी से मिले दशहरा समिति के अध्यक्ष



**रामगढ़।** रावण दहन कार्यक्रम को भव्यता से आयोजित करवाने के लिए अपनी तैयारियों में लगे कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर एवं मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने सोमवार को समिति के संस्थापक सदस्य सह मुख्य संरक्षक शंकर चौधरी के आवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लेते हुए उनसे कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। वहीं, शंकर चौधरी ने अध्यक्ष बनने पर दीपक सोनकर को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि रामगढ़ में रावण दहन का आयोजन हम सब ने मिलकर शुरू किया था जो आज भी निरंतर जारी है और इसी तरह समिति रामगढ़ वासियों का मनोरंजन करती रहे यही आशीर्वाद है। दहशरा हमलोगों का एक महान पर्व माना जाता है। इस पर्व में दस दिनों तक लोग मंदिरों और अपने घरों में लगातार पूजा करते रहते हैं और आस्था के साथ मनाते हैं।

### सहकारी समिति ने समाज में महिलाओं के लिए नई राह खोली रही है : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड होन्हे मंडा परिसर में सिकनी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि कैनरा बैंक कुल्ही के मैनेजर अशीष भगत, होन्हे पंचायत मुखिया राजीव मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि महिलाओं की आजीविका और उनकी सामुदायिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिस तरह से आप सभी ने सहकारी समिति के माध्यम से कदम उठाए हैं, वह सराहनीय है। स्वालंबन की दिशा में यह समिति एक मिसाल कायम कर रही है, और मैं देख रहा हूं कि आपके प्रयासों ने कितनी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है। यह वार्षिक आम सभा न केवल आपके पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा का अवसर है, बल्कि यह भी समय है जब आप आगामी वर्ष की नई योजनाओं और लक्ष्यों पर चर्चा करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके विचार, सहयोग और नेतृत्व में यह समिति आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों को छुएगी।आपके सामूहिक प्रयासों से यह सुनिश्चित होगा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और समाज में एक मजबूत स्थान बना सकें। मुझे विश्वास है कि आपके द्वारा उठाए गए कदम नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।समिति के सभी सदस्यों को मेरी शुभकामनाए। मुझे उम्मीद है कि आपके प्रयासों से समाज में बदलाव और सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### स्वच्छता ही सेवा 2024 का हुआ शुभारंभ



**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के नया बस स्टैंड परिसर में स्थित सुलभ शौचालय में स्वच्छता ही सेवा 2024 का शुभारंभ हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने को वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत हुई। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता संस्कार के तर्ज पर अभियान का संचालन होगा मौके पर उपस्थित नगर प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा की स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वच्छता को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस संदेश को पहुंचाया जा रहा है। फलस्वरूप बहुत हद तक इस पर सफलता पाया गया है ' हमारे एक पहल मात्र से शहर स्वच्छ और साफ सुथरा रहेगा ' सामूहिक प्रयास से यह संभव है ' सरकार और सुलभ के प्रयास से व जनभागीदारी से हम स्वच्छ भारत अभियान को सार्थक बना सकेंगे ' मौके पर हजारीबाग नगर निगम के नगर प्रबंधक लेमांसु, फरहत अनीसी, महफूज आलम,अर्पण इंदवार, लेखा पदाधिकारी प्रशांत कुमार के साथ साथ सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आगेर्नाइजेशन के मानद उपनियंत्रक शेषनारायण झा, रामानंद राय, सहायक नियंत्रक शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी पांडव कुमार झा एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के जनसभा में उमड़ी लोगों की भीड़

## झामुमो गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है जनता : डॉ. मोहन यादव




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के कपका में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, कोडरमा विधायक नीरा यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी,भाजपा कार्यकारिणी सदस्य बटेश्वर मेहता मौजूद थे। लोगों को संबोधित करते हुए डॉ मोहन यादव ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड से झामुमो गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लोगों का भलाई करना छोड़कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड में ठगी और लूट खसोट की सरकार चल रही है। झारखंड सरकार में मंत्री के पीए के नौकर के पास से करोड़ों रुपए बरामद किया जा रहा है। उन्होंने अगामी विधानसभा चुनाव में ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भाजपा के बिना झारखंड में विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की संचालन सुनील मेहता ने किया। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, केदार साव, बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, उमेश यादव,छोटेलाल मेहता समेत आदि लोग उपस्थित थे।

एजीयू एस्पायर अवार्ड में आईसेक्ट विवि का शानदार प्रदर्शन

## आईसेक्ट विवि सीमित संसाधनों में विकास की एक नई लकीर खींची है : डॉ मुनीष गोविंद




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट ग्रूप ऑफ युनिवर्सिटीज की ओर से भोपाल के होटल ताज में आयोजित एजीयू एस्पायर अवार्ड-2024 में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का शानदार प्रदर्शन रहा। जहां विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग ने एजीयू डिपार्टमेंटल ब्रिलियेंस अवार्ड पर कब्जा जमाया, वहीं शाइनिंग स्टार्स पीआर एक्सीलेंस अवार्ड आईसेक्ट विश्वविद्यालय के पीआरओ मो. शमीम अहमद ने अपने नाम किया। युनिवर्सिटी रिकमेंडेड अवाड्र्स की फेहरिस्त में डिपार्टमेंट एक्सिलेंस अवार्ड विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग को प्राप्त हुआ। डॉ एसआर रथ की अगुवाई में रितेश कुमार, राजेश रंजन और अजय वर्णवाल ने एजीयू के चेयरमैन व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के हाथों यह अवार्ड ग्रहण किया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सभी अवार्ड विजेताओं को बधाई दी और कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने सीमित संसाधनों में विकास की एक नई लकीर खींची है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तो हमारी पहचान बन ही चुकी है। फैकल्टी अपस्किलिंग अवार्ड वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, लैब टेक्नीशियन डिस्टिंक्शन अवार्ड राजेश कुमार व टेली परफार्मेंस अवार्ड मीना कुमारी ने अपने नाम किया।

## मुखिया के सौजन्य से विद्यालय व पंचायत भवन में लगाया गया वाटर कुलर




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र चेचकपी पंचायत मुखिया रीता देवी के सौजन्य से 15वी वित्त से उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेचकपी,उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरियो व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डूमरडीहा तथा पंचायत भवन चेचकपी में वाटर कूलर लगाया गया। वहीं मुखिया ने कहा बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर लगाया गया है। कहा इससे बच्चे साफ एवं स्वच्छ पानी का सेवन कर सकेंगे। जिससे क्षेत्र के विकास के साथ साथ छात्रों का भी विकास होगा। वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि हमारे द्वारा लगातार पंचायत के विभिन्न समस्याओं को देखते हुए समस्यों को तत्काल निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में जिसे भी किसी प्रकार की समस्या हो तो हमसे तत्काल संपर्क करें। समस्या का निदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दारू प्रखंड में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान, कहा

## जनता ने राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सघन जनसंपर्क किया। जिसकी शुरूआत दारू पंचायत के बसोबार ग्राम से हुई। जहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फुलमाला से स्वागत व अभिनंदन किया। यहां मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। राज्य में पीछले भाजपा सरकार में हुई विकास योजनाएं एवं विकास की कार्यो को सबो के बीच रखी। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने एवं ठगबंधन व निक्कमी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना का अपील किया। इस क्रम में दारू पंचायत के भट्टवीघा, इरगा पंचायत के बडबार एवं चिरूवां में जनसंपर्क किया। उक्त स्थानो पर फुलमाला से उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। कई जनसमस्याएं भी सुनी तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि निक्कमी हेमंत सरकार ने जनता को सिर्फ ठगने का कार्य किया है। झारखंड की जनता अबर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार, रानी शुक्ला, प्रकाश कुमार, किशोरी मोहन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, तुलसी राणा, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, जानकी प्रसाद, मुनिया देवी, सरस्वती देवी, सरिता देवी, सुरेंद्र शंकर कुमार, वासुदेव प्रसाद, पवन कुमार, मोनू कुमार, रोहित पाण्डेय, मनोज पांडे एवं राहुल पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

27 सितंबर को रथ यात्रा का रामगढ़ में स्वागत करेगी भाजपा

## हेमन्त सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे रही है बढ़ावा : सूर्यवंश श्रीवास्तव



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के निर्देश पर रविवार को संध्या 7:00 बजे साहु भवन में रामगढ़ कैंट मंडल, रामगढ़ नगर परिषद और रामगढ़ ग्रामीण की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने, संचालन नगर परिषद के मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह द्वारा किया गया। बैठक में आगामी 27 सितम्बर को परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा हुई और कार्य विभाजन कर प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में उपस्थित रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने ने कहा कि हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है और इन घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में तब्दील कर येनकेन प्रकार से सत्ता में रहना चाहती है। कहा की झारखंड को तुष्टीकरण के मार्ग पर ले जाने की यह एक गहरी साजिश है। नेताओं ने कहा की अपराधी बेलगाम हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है। खनिज सम्पदा की खुली लूट हो रही है। महिलाओं के साथ अमानवीय दरिंदगी को रोक पाने में राज्य सरकार विफल रही है। जनता और युवाओं से किए झूठे वादे को याद कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा की शुरूवात कर दी है। यह परिवर्तन रथ यात्रा महिलाओं के मन सम्मान, भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था, विकसित और खुशहाल झारखंड बनाने के साथ साथ जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को सत्ताच्युत करने के संकल्प के साथ 20 सितम्बर को क्रांतिकारियों के जन्मभूमि भोगनाडीह से गृह मंत्री अमित शाह ने रथ यात्रा को रवाना कर दिया है। वहीं, उत्तरी छोटनागपुर के पश्चिम भाग से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 21 सितम्बर को चतरा जिला के इटखोरी प्रखण्ड में स्तिथ प्रमुख शक्ति पीठ में शामिल मां भद्रकाली के पावन भूमि से राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने की हुंकार भरी और अब यही हुंकार रामगढ़ कैंट के फुटबॉल मैदान पर 27 सितम्बर को बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल और प्रदेश के कई बड़े नेता द्वारा भरी जायेगी।

यशवंत सिन्हा ने जिले के ट्रैफिक व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई

## एसपी व डीसी को लिखा पत्र

*उपायुक्त को पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि जिले में बिगड़ती जा रही ट्रैफिक व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त किया जाए*



सांसद यशवंत सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अटल विचार मंच के संस्थापक एवं पूर्व वित्त विदेश मंत्री भारत सरकार सह हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग जिले के ट्रैफिक व्यवस्था पर अपनी गहरी चिंता जताते हुए हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक और हजारीबाग के उपायुक्त को पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि जिले में बिगड़ती जा रही ट्रैफिक व्यवस्था को अभिलंब दुरुस्त किया जाए। जिससे जनता को राहत महसूस हो। साथ ही उन्होंने वैसे अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वह अपने नाबालीग बच्चों को वाहन चलाने के लिए उपलब्ध नहीं करवाए, आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं में उन बच्चों की जान जा रही है, साथ ही आने-जाने वाले राहगीर भी दुर्घटना का शिकार बनकर बेवजह अपनी जान गवा रहे हैं। इस पर सख्ती से जांच करते हुए बिना समुचित कागजात के कोई भी व्यक्ति बाहर ना चलाएं इसकी गहनता पूर्वक जांच किया जाए। जिससे आम नागरिकों के जान माल की रक्षा हो सके। इसके साथ ही श्री सिन्हा ने पदाधिकारी से आग्रह किया कि उचित पार्किंग की व्यवस्था भी किया जाए, जिससे आम लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। उक्त जानकारी अटल विचार मंच की मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

निर्मल जैन ने 94वीं बार रक्तदान कर किया शिविर का उद्घाटन, कहा

## रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य नहीं




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए लगाया रक्तदान शिविर। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने 94 वीं बार रक्तदान कर के किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई भी पुण्य नहीं है। रक्त का एक बूंद भी किसी की जिंदगी को बचाया जा सकता है। तत्पश्चात एसोसिएशन के प्रचार सचिव गौरव यादव कार्यकारिणी सदस्य राहुल शर्मा, मोहन कुमार पासवान, रौनक जैन, सैयद मोहम्मद राजा, विकास कुमार जैन, अभिषेक शर्मा, विनय यादव, मुकेश कुमार यादव, अभिमन्यु कुमार, सिकंदर रजक, पंकज कुमार, मोहम्मद इरशाद, बिट्टू ठाकुर, देवेंद्र यादव, राहुल गुप्ता, अविनाश कुमार, इंद्रजीत कुमार दास, मुकेश कुमार यादव और शिवनारायण प्रसाद आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रचार सचिव गौरव यादव ने कहा कि हमें अपने अध्यक्ष निर्मल जैन पर काफी गर्व है इन्होंने 94 वी बार रक्तदान कर के एक कीर्तिमान स्थापित किया। वे स्वयं तो रक्तदान करते ही करते हैं, साथ-साथ अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विगत 45 वर्षों में 2000 से अधिक रक्तदान शिविर एवं रक्त जागरूकता शिविर लगाकर लाखों जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करा कर लोगों की जान बचाने में अपना योगदान दिया।

**45 वर्षों में 2000 से अधिक रक्तदान किया**

45वर्षों में 2000 से अधिक रक्तदान शिविर एवं रक्त जागरूकता शिविर लगाकर लाखों जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करा कर लोगों की जान बचाने में अपना योगदान दिया।

# आजसू पार्टी के पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

## कुल 80 टीमें ले रहीं भाग

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के थाना मैदान सोमवार को पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट शुरू किया गया। गुमला विधानसभा क्षेत्र से आए खिलाड़ी का मौजूद रहे। बरवेनगर बनाम जमगाई के बीच खेले गया। जहां जम गई नहीं गोल से जीत हासिल की।वहीं थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया की कि खेल को खेल के भावना से खेल हर जीत ये लगा हुआ है।वही बोनिफस कुजुर ने कहा कि आजसू पार्टी पांच दिवस से फुटबॉल टूनामेंट शुरू किया गया।



जहा आजसू युवा समिति चैनपुर की ओर से किया गया है। जिसमें कुल 80 टीम भागीदारी ले रहे है। वही फर्स्ट प्राइज के रूप में 21000 और विशाल खासी, दूसरा पुरस्कार 15000 और खासी,वहीमुख्य अतिथि चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, विशिस्ट अतिथि एसआई मदन शर्मा,गुमला जिला सचिव सद्दाम हुसैन, अजमल खान, युवा मोर्चा अध्यक्ष चैनपुर आफाज खाना, जारी प्रखंड सचिव सुधराम लोहरा मौजूद थे।

### हाल-ए-शिक्षा, स्कूल में न बच्चे और न ही शिक्षक

# स्कूल की जिम्मेवारी रसोईया के भरोसे

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

वैसे तो सरकारी विद्यालयों की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है.स्कूलों में कितनी पढ़ाई होती है और कितने शिक्षक आते हैं यह बात आप सब बखूबी जानते हैं. हालांकि विभाग द्वारा कार्रवाई के बाद कुछ विद्यालयों की स्थिति सुधरी है लेकिन कई विद्यालयों के शिक्षक अब भी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं. इसी का एक उदाहरण है उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुलियाकरम.

जी हाँ,तिसरी प्रखंड के इस विद्यालय में शिक्षकों की लापरवाही, अनुपस्थित समेत अन्य मामले कई बार उठ चुके हैं.लेकिन विद्यालय प्रबंधन सुधरने का नाम नहीं ले रहा.सोमवार को भी करीब साढे ग्यारह बजे विद्यालय में कार्यरत दोनों शिक्षक गायब थे. अब जब शिक्षक ही विद्यालय से गायब हों तो भला बच्चे विद्यालय में कैसे रहेंगे. लिहाजा बच्चे भी विद्यालय नहीं आए.इस दौरान विद्यालय का क्लासरूम खुला था और रसोईया आधे - अधूरे बने किचन में बैठी हुई थी.पूछने पर रसोईया ने बताया कि आज बच्चे नहीं आए हैं.एक शिक्षक चंदौरी बाजार गए हैं जबकि दूसरे शिक्षक नाश्ता करने अपने घर गए हैं।




इस बाबत प्रधान शिक्षक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तबियत खराब था इसलिए चंदौरी गए थे. वहीं इस मामले में शिक्षा विभाग के बीपीओ वसीर मरांडी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है,गहन जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।,

### बड़ाबांकी में ईंट लदा 407 पलटा, तीन घायल

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना क्षेत्र के बड़ाबांकी के समीप सोमवार को ईंट लदा 407 वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे वाहन का चालक समेत तीन मजदूर घायल हो गये। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, रामगढ**
Email ID :- eedbramgarh@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2024-25, PR No.- 336034 में निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट DISTRICT ENGINER, DISTRICT BOARD, RAMGARH के स्थान पर DDC-CUM-CEO, ZILA PARISHAD, RAMGARH मान्य होगा।

शेष शर्त यथावत रहेगी।

ह०/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, रामगढ़

PR 336742 (District)24-25*D


## पीएम आवास की दूसरी किस्त रुकने से परेशान कोल आदिवासी आज से शुरू करेंगे आंदोलन

**गांडेय,गिरिडीह।** जेएलकेएम ने कहा, आंदोलन के साथ हैं। गरीबों के साथ हो रहा अन्याय, तुरंत हो भुगतान। गांडेय प्रखंड के तेलझारी गांव के कई गरीब कोल आदिवासी परिवारों के पीएम आवास की द्वितीय किस्त की राशि 1 साल से रोक दी गई है, जिससे पीड़ित परिवार काफी परेशान हैं। कइयों ने लिंटल तक पीएम आवास बनाने में भी कर्ज लेकर अलग से मुसीबत मोल ली है। फिर भी पैसा नहीं मिल रहा है। अब जबकि वे लगातार प्रखंड से लेकर जिला तक रुकी हुई राशि भुगतान की फरियाद लगाकर थक चुके हैं, तो उन्होंने कल 24 तारीख से अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया है। हम उनके साथ हैं और प्रशासन से तत्काल उनकी रोकी गई राशि भुगतान करने की मांग करते हैं। उक्त बातें आज जेएलकेएम नेता राजेश यादव ने पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात के बाद कही। उन्होंने कहा कि, हाल की भारी बारिश से इन लगभग सभी गरीब परिवारों के कच्चे और कुछ के पुराने इंदिरा आवास भी जर्जर हो चुके हैं, जिससे कभी-भी कोई हादसा हो सकता है। उक्त आंदोलन में बिरजू कोल, धीरज कोल, संजोति देवी, पूरन कोल, बुधन कोल (छोटा), बुधन कोल (बड़ा), झुनु कोल, राजेश कोल, टीपन भोगता ने बीडीओ, सीओ को आवेदन पत्र देकर सूचना दी गई

### क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ने भ्रमण कर कार्य का लिया जायजा

**सेन्हा-लोहरदगा।** वन प्रमंडल लोहरदगा के विभिन्न क्षेत्र में विभागीय कार्य का अवलोकन क्षेत्र भ्रमण के दौरान करते हुए कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पाए गए त्रुटि में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा वन प्रमंडल में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक जब्बार सिंह के द्वारा वन विभाग के माध्यम से विभागीय कार्यो का मुआयना किया गया और विभाग के अधिकारियों तथा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्य का अवलोकन श्री सिंह द्वारा सबसे पहले कुडू प्रखंड के चिरी जंगल का मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों में कहीं कहीं त्रुटि पाया गया जिसमें सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कार्य को गति प्रदान हेतु जानकारी भी दिया गया। लोहरदगा के नदी किनारे हो रहे वृक्षारोपण का मुआयना किया गया। साथ ही ऐसे और पौधरोपण करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

# ग्रामीण महिलाएं जुड़ें रोजगार से: चेयरमैन रीना कुमारी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्वावलंबी बनाने और सामान्य जीवन स्तर को ऊपर उठाने को लेकर सोमवार को भंडारा प्रखंड में आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरूआत किया। इस दौरान आजीविका मिशन से जुड़े वक्ताओं ने ग्रामीण महिलाओं को जागरुक होकर आर्थिक स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ उठाने को कहा गया। वार्षिक आम सभा की मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि, वर्तमान समय में महिलाएं जागरुक होकर रोजगार से जुड़ रही हैं। राज्य और केंद्र सरकार की कई योजनाएं महिला स्वयं सहायता समूह को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संचालित है। आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं गांव घर पर ही रोजगार कर सकती हैं। लोहरदगा के विभिन्न गांव में महिला समूह की महिलाओं ने रोजगार से जुड़कर आर्थिक स्वावलंबी बनने की राह में आगे निकल चुकी हैं। कहा कि, आजीविका मिशन का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सहज रोजगार से जोड़ना है।


**उपायुक्त–सह–**
**जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(आपूर्ति शाखा)**

**परिवहन अभिकर्ता के चयन हेतु निविदा विस्तार**
**कर पुनः निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड(JSFC) के गोदामों से लोहरदगा जिले के प्रखंडों में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के डोरस्टेप डिलिवरी(DSD)हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता का Gem पोर्टल के माध्यम सेनिविदा विस्तार कर पुनः निविदा आमंत्रण किया जाता है। पूर्वनिविदा के PR No.335547लोहरदगा (2024–25) D.

निविदा हेतु विवरणी:–

| S.L No | District | BLOCK | BID No |
|---|---|---|---|
| 1 | LOHARDAGA | Loahrdaga | GEM/2024/B/5388741 |
| 2 | | Kuru | GEM/2024/B/5387442 |
| 3 | | Bhandra | GEM/2024/B/5388576 |
| 4 | | Senha | GEM/2024/B/5388839 |
| 5 | | Kisko | GEM/2024/B/5388665 |

ईच्छुक निविदादाता दिनांक04.10.2024तकGem Portal के माध्यम से निविदा अपलोड कर सकते हैं। उक्त निविदा को दिनांक 07.10.2024 को 11.30 बजे पूर्वाहन बजे से उप विकास आयुक्त, लोहरदगा कार्यालय के सभा कक्ष में निविदा समिति के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।

**निविदा को प्रस्तुत करने हेतु समय तालिका**

| क0 सं0 | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदाअपलोडकरने की तिथि | 23.09.2024 से 04.10.2024 तक |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07.10.2024 को 11.30 बजे पूर्वाहन |
| 3. | निविदा खोलने का स्थान | उप विकासआयुक्त, लोहरदगाकार्यालय के सभा कक्ष |

नोटः–निविदा की शर्त एवं विस्तृत जानकारी हेतु Gem PORTALपर देखा जा सकता है।

जिलाआपूर्ति पदाधिकारी, लोहरदगा — उप विकास आयुक्त, लोहरदगा

PR 336797 (Lohardaga)24-25*D



**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

67वीं औपबंधिक सूची जिला–रामगढ़ (पार्ट–8)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–गोला थाना काण्ड सं0–19/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भुनेष्वर महतो द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुषंसा तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी निवारण प्रसाद एवं भुनेष्वर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 462. | 1. आवेदन क्र0– 2916/24<br>2. आवेदक–रतन रजवार , पिता–भुषण रजवार<br>3. ग्राम– हेमंतपुर , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 463. | 1. आवेदन क्र0–2917/24<br>2. आवेदक–मीनू देवी , पति–षिव कुमार कंडवार<br>3. ग्राम– डुडीबाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 464. | 1. आवेदन क्र0–2918/24<br>2. आवेदक–राधिका रमण महतो , पिता–हरकु महतो<br>3. ग्राम– डुन्डीगाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 465. | 1. आवेदन क्र0–2919/24<br>2. आवेदक–भुनेष्वर महतो , पिता–दिवान महतो<br>3. ग्राम– डुन्डीगाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 466. | 1. आवेदन क्र0–2920/24<br>2. आवेदक–बंकिम चन्द्र कन्डवार , पिता–हरखु महतो<br>3. ग्राम– डुन्डीगाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 467. | 1. आवेदन क्र0–2921/24<br>2. आवेदक–भूलु महतो , पिता–जियालाल महतो<br>3. ग्राम– चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में फुला हुआ निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 468. | 1. आवेदन क्र0– 2922/24<br>2. आवेदक–रामलखन महतो , पिता–सलखु महतो<br>3. ग्राम– डुन्डीगाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 469. | 1. आवेदन क्र0–2923/24<br>2. आवेदक–धनचु महतो , पिता–सुखन महतो<br>3. ग्राम– डुन्डीगाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 470. | 1. आवेदन क्र0–2924/24<br>2. आवेदक–चरकी देवी , पति– बंकिम चन्द्र कन्डवार<br>3. ग्राम– डुडीबाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 471. | 1. आवेदन क्र0–2925/24<br>2. आवेदक–प्रयाग महतो , पिता–डमरू महतो<br>3. ग्राम– डुन्डीगाच्छी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 472. | 1. आवेदन क्र0– 2926/24<br>2. आवेदक–षोभा महथा , पिता–जीतु महथा<br>3. ग्राम– हेमंतपुर , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 473. | 1. आवेदन क्र0–1466/24<br>2. आवेदक–कौषल किषोर महतो , पिता–मनसु महतो<br>3. ग्राम– ओवरा , पोस्ट–ओरदाना , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 474. | 1. आवेदन क्र0– 1467/24<br>2. आवेदक–गणेष महतो , पिता–हरि महतो<br>3. ग्राम– गागी भेलवाटॉड , पोस्ट–पेटरवार , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 475. | 1. आवेदन क्र0– 1468/24<br>2. आवेदक–चण्डी चरण महतो , पिता–स्व0 मनस महतो<br>3. ग्राम– चैनपुर , पोस्ट–दुर्गापुर , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 476. | 1. आवेदन क्र0– 1469/24<br>2. आवेदक–सहदेव ठाकुर , पिता–बढन ठाकुर<br>3. ग्राम– ओरदाना , पोस्ट–ओरदाना , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बाये और मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 477. | 1. आवेदन क्र0–1470/24<br>2. आवेदक–रामु महतो , पिता–जगरनाथ महतो<br>3. ग्राम– जेबरा , पोस्ट–ओरदाना , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 478. | 1. आवेदन क्र0–1471/24<br>2. आवेदक–मीना देवी , पति– चण्डी चरण महतो<br>3. ग्राम– चैनपुर , पोस्ट–दुर्गापुर , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 479. | 1. आवेदन क्र0–1714/24<br>2. आवेदक–रितेष कुमार महतो , पिता–श्री भुवनेष्वर महतो<br>3. ग्राम– पोवादिरी , पोस्ट–रेलाडीह , थाना–सोनाहातु , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के उपर तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 480. | 1. आवेदन क्र0– 2927/24<br>2. आवेदक–सुखदेव महतो , पिता–बिगन महतो<br>3. ग्राम– बरवाटोला कनके , पोस्ट–तोयर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 481. | 1. आवेदन क्र0–2928/24<br>2. आवेदक–कांति देवी , पति–स्व0 चन्द्रषेखर प्रसाद<br>3. ग्राम– चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 482. | 1. आवेदन क्र0–2930/24<br>2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–सुखदेव महतो<br>3. ग्राम– बरवाटोला कनके , पोस्ट–तोयर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 483. | 1. आवेदन क्र0–2931/24<br>2. आवेदक–पतो देवी , पति–धनचु महतो<br>3. ग्राम– डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 484. | 1. आवेदन क्र0–2932/24<br>2. आवेदक–अनुज मुंडा , पिता–मनसु मुंडा<br>3. ग्राम–चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 485. | 1. आवेदन क्र0–2933/24<br>2. आवेदक–नरेष महतो , पिता–विष्वनाथ महतो<br>3. ग्राम– डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 486. | 1. आवेदन क्र0–2934/24<br>2. आवेदक–महेष्वर महतो , पिता–देवानाथ महतो<br>3. ग्राम– डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 487. | 1. आवेदन क्र0–2935/24<br>2. आवेदक–षारदा देवी , पति–नरेष महतो<br>3. ग्राम– डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 488. | 1. आवेदन क्र0–2936/24<br>2. आवेदक–रहेमुन निषा , पति–मोहम्मद नौसाद आलम<br>3. ग्राम– मायल , पोस्ट–सांडी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 489. | 1. आवेदन क्र0–2937/24<br>2. आवेदक–फुलेष्वरी देवी , पति–रूसु महतो<br>3. ग्राम– मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 490. | 1. आवेदन क्र0–2938/24<br>2. आवेदक–नरेन्द्र नाथ मुखर्जी , पिता–गोलक नाथ मुखर्जी<br>3. ग्राम– चौकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 491. | 1. आवेदन क्र0–2939/24<br>2. आवेदक–चुनिलाल महतो , पिता–नकुल महतो<br>3. ग्राम– मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–00 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 492. | 1. आवेदन क्र0–2940/24<br>2. आवेदक–गणेष महतो , पिता–षिवलाल महतो<br>3. ग्राम– चौकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के सामने तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 493. | 1. आवेदन क्र0–2941/24<br>2. आवेदक–रानी देवी , पति– पनु महतो<br>3. ग्राम– मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 494. | 1. आवेदन क्र0–2942/24<br>2. आवेदक–सेठो महतो , पिता–खडरा महतो<br>3. ग्राम– सोसोकला , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 495. | 1. आवेदन क्र0–2943/24<br>2. आवेदक–अहिल्या देवी , पति–ओभी राम महतो<br>3. ग्राम– मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 496. | 1. आवेदन क्र0–2944/24<br>2. आवेदक–अनिता देवी , पति–सोमर महतो<br>3. ग्राम– मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 497. | 1. आवेदन क्र0–2945/24<br>2. आवेदक–कुन्ती देवी , पति–नंदलाल महतो<br>3. ग्राम– सुथरपुर , पोस्ट–बरलंगा थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 498. | 1. आवेदन क्र0–2946/24<br>2. आवेदक–बालेष्वर मांझी , पिता–महाबीर मांझी<br>3. ग्राम– रोला , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 499. | 1. आवेदन क्र0– 2947/24<br>2. आवेदक–गीता देवी , पति–ललकु महतो<br>3. ग्राम– मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 500. | 1. आवेदन क्र0–2948/24<br>2. आवेदक–मुरली महतो , पिता–मेघु महतो<br>3. ग्राम– संग्रामपुर, पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 501. | 1. आवेदन क्र0–2949/24<br>2. आवेदक–उमेष कुमार , पिता–झारी महतो<br>3. ग्राम– लारी , पोस्ट–लारी , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 502. | 1. आवेदन क्र0– 2950/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र कुमार महतो , पिता–बाबुजी महतो<br>3. ग्राम– डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 503. | 1. आवेदन क्र0–2951/24<br>2. आवेदक–सुबेदार महतो , पिता–माधो महतो<br>3. ग्राम– हेमंतपुर , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 504. | 1. आवेदन क्र0–2952/24<br>2. आवेदक–अहिल्या देवी , पति– सुरेन्द्र कुमार महतो<br>3. ग्राम– डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 505. | 1. आवेदन क्र0–1715/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र कुमार , पिता–कन्हाई राम महतो<br>3. ग्राम– ईडकू , पोस्ट–जामुदाग , थाना–सोनाहातु , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में कटा दाग का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 506. | 1. आवेदन क्र0–1472/24<br>2. आवेदक–षंकर प्रसाद टुडू , पिता–छोटका मांझी<br>3. ग्राम– गोमनजारा , पोस्ट–हिसीम , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 507. | 1. आवेदन क्र0–1473/24<br>2. आवेदक–षत्रुधन महतो , पिता–स्व0 गुजर महतो<br>3. ग्राम– बगदा , पोस्ट–बगदा , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के सामने तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 508. | 1. आवेदन क्र0–1474/24<br>2. आवेदक–रोहित महतो , पिता–जगेष्वर महतो<br>3. ग्राम– पिरगुल , पोस्ट–पिरगुल , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–कंधा में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 509. | 1. आवेदन क्र0–1475/24<br>2. आवेदक–अधीर कुमार चक्रबर्ती , पिता– स्व0 केनाराम चक्रबर्ती<br>3. ग्राम– खुदीबेड़ा , पोस्ट–हिसीम , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 510. | 1. आवेदन क्र0– 1476/24<br>2. आवेदक–पुरनी देवी , पति– किलेष्वर मांझी<br>3. ग्राम– केदला , पोस्ट–हिसीम , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 511. | 1. आवेदन क्र0–1477/24<br>2. आवेदक–देवषरण महतो , पिता–स्व0 धनु महतो<br>3. ग्राम– लोदकियारी , पोस्ट–बगदा , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधा में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 512. | 1. आवेदन क्र0–1478/24<br>2. आवेदक–सिंधु देवी , पति– केदार नाथ महतो<br>3. ग्राम– हिसीम , पोस्ट–हिसीम , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 513. | 1. आवेदन क्र0–1479/24<br>2. आवेदक–फुल कुमारी देवी , पति– भक्तिधर महतो<br>3. ग्राम– नवाडीह , पोस्ट–टांगटोना , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 514. | 1. आवेदन क्र0– 2953/24<br>2. आवेदक–षंभु महतो , पिता–सिबु महतो<br>3. ग्राम– सोसोकला , पोस्ट– सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 515. | 1. आवेदन क्र0–2954/24<br>2. आवेदक–लवलाल महतो , पिता–षिवलाल महतो<br>3. ग्राम– चोकाद , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 516. | 1. आवेदन क्र0– 2955/24<br>2. आवेदक–ललीता देवी , पति– दिपेन्द्र नाथ महतो<br>3. ग्राम– बेटुलकलां , पोस्ट– बेटुलकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में दाहिने तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 517. | 1. आवेदन क्र0– 2956/24<br>2. आवेदक–जलेष्वर बेदिया , पिता–राधा बेदिया<br>3. ग्राम– बंदरचुवा , पोस्ट– बेटुलकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 518. | 1. आवेदन क्र0–2957/24<br>2. आवेदक–गणेष मांझी , पिता–लक्ष्मीकांत मांझी<br>3. ग्राम– रोला , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 519. | 1. आवेदन क्र0–2958/24<br>2. आवेदक–सुधीर महतो , पिता–जुगल महतो<br>3. ग्राम– मुरूडीह , पोस्ट– संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 520. | 1. आवेदन क्र0–2959/24<br>2. आवेदक–मुनेष्वरी देवी , पति– स्व0 पारसनाथ महतो<br>3. ग्राम– बेटुलकलां , पोस्ट– बेटुलकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर में कटे निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 521. | 1. आवेदन क्र0–2960/24<br>2. आवेदक–गुहीया रजवार , पिता–जानकी रजवार<br>3. ग्राम– गुडीदोहर , पोस्ट– भरेच नगर सांडी , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 522. | 1. आवेदन क्र0–2961/24<br>2. आवेदक–विनीता देवी , पति– गुही<br>3. ग्राम– गुडीदोहर , पोस्ट– भरेच नगर सांडी , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 523. | 1. आवेदन क्र0–2962/24<br>2. आवेदक–गुनिया देवी , पति– बालेष्वर महतो<br>3. ग्राम– गोबरदहा , पोस्ट– कैथा , थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 524. | 1. आवेदन क्र0–2963/24<br>2. आवेदक–अकली देवी , पति– जयनन्दन मांझी<br>3. ग्राम– संग्रामपुर, पोस्ट– संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 525. | 1. आवेदन क्र0–2964/24<br>2. आवेदक–मनोज कुमार , पिता–रामाकांत शर्मा<br>3. ग्राम– महुवाटोली , पोस्ट– साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 526. | 1. आवेदन क्र0–2965/24<br>2. आवेदक–सुमला देवी , पति– सेवक प्रजापति<br>3. ग्राम– संग्रामपुर, पोस्ट– संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336729 (Home)24-25*D

संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान के मायने

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 में 24 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जो ऐतिहासिक और उत्साहवर्धक है। अनुच्छेद 370 के हटने और प्रमुख राजनीतिक दलों के विरोध के बावजूद केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद यह जम्मू-कश्मीर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। कश्मीर का अशांत राजनीतिक इतिहास कुछ ऐसा है, जिसे भुलाया नहीं जा सका है और इसलिए जम्मू-कश्मीर के स्थानीय लोगों में थोड़ा संदेह है कि मौजूदा चुनाव कराने के पीछे नई दिल्ली की क्या रणनीति हो सकती है। चूंकि 1977 को छोड़कर चुनाव परिणामों में धांधली के कई उदाहरण देखे जा चुके हैं, इसलिए कई प्रमुख राजनीतिक दल इसका फायदा उठाकर यह दिखाना चाहेंगे कि दिल्ली एक दिखावटी चुनाव कराना चाहती है, ताकि एक ऐसी सरकार बने, जो सत्तारूढ़ भाजपा के सुर में सुर मिलाए, लेकिन जम्मू-कश्मीर के अशांत इतिहास को याद करना महत्वपूर्ण है, जो हमें बताता है कि लोकतंत्र स्थापित करने के प्रयास में इसने कई चुनाव देखे हैं, लेकिन 1977 के चुनावों को छोड़कर अधिकांश चुनावों के नतीजे संदिग्ध रहे हैं। इसमें शेख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने स्पष्ट रूप से जीत हासिल की थी, जिसने इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट रूप से हराया था। उनके पहले के शासन में दिल्ली के दबंगों ने हस्तक्षेप किया, जिसके कारण उन्हें 1977 में पुनः निर्वाचित होने तक लंबे समय तक गिरफ्तार रखा गया। लेकिन 1982 में उनकी मृत्यु के बाद उनके पुत्र फारूक ने सत्ता संभाली और श्रीमती गांधी के साथ उनका टकराव हुआ। इसके कारण वहां की चुनी हुई सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। नतीजतन दिल्ली और श्रीनगर के बीच बहुत कड़वाहट पैदा हो गई। राजनीतिक सौदेबाजी और खरीद-फरोख्त के कारण प्रतिद्वंद्वी दलों और उनके मुख्यमंत्रियों द्वारा उम्मीदवारों को खरीदकर लोगों पर थोपा गया। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों ने खुद को ठगा हुआ महसूस किया और नई दिल्ली द्वारा प्रेरित चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के बजाय अन्य विकल्पों की तलाश शुरू कर दी। इससे पाकिस्तान को भारत विरोधी भावना भड़काने का मौका मिल गया, और जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद की भावना पनपने लगी और पाकिस्तान के एजेंडे के लिए उपजाऊ मैदान तैयार हो गई। वर्ष 1987 का चुनाव एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसके बारे में अधिकांश लोगों का मानना था कि धांधली हुई थी। जमात के कई उम्मीदवार भारतीय लोकतंत्र से निराश होकर पाकिस्तान चले गए, जहां उन्होंने सैन्य आयाम वाले राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत की, जिसने आगे चलकर चरमपंथी रूप ले लिया, जो जम्मू-कश्मीर और उसके स्थानीय लोगों, खासकर युवाओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बाद में उनमें से सैकड़ों पाकिस्तान से वापस लौट आए, लेकिन पाकिस्तान में उन्हें सैन्य प्रशिक्षण दिया गया और अलग जम्मू एवं कश्मीर बनाने के लिए उकसाया गया था, जो भारत के विचार के विपरीत था।

**जम्मू-कश्मीर के अशांत इतिहास को याद करना महत्वपूर्ण है, जो हमें बताता है कि लोकतंत्र स्थापित करने के प्रयास में इसने कई चुनाव देखे हैं, लेकिन 1977 के चुनावों को छोड़कर अधिकांश चुनावों के नतीजे संदिग्ध रहे हैं।**

# नदियों व पर्यावरण को बचाने के लिए हो सजीव प्रयास


डॉ रामचंद्र कुमार
सहायक प्राध्यापक
आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया।



किसी भी प्रदेश कि नदियां केवल एक जलस्त्रोत मात्र नहीं होती बल्कि सतह के निर्माण और परिवर्तन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण भू-आकृतिक प्रक्रम भी है। नदी अपने प्रवाह मार्ग में मिट्टी, चट्टानों, और अन्य अवसादों को काटती और बहा ले जाती है, जिससे घाटियां, जलप्रपात, क्षिप्रिकाएं जैसी भू-आकृतियां बनती हैं। नदी द्वारा लाए गए अवसादों के संचय से निचले इलाकों में मैदानों और डेल्टा का निर्माण होता है, जो जैव-विविधता एवं कृषि के लिए उर्वर भूमि प्रदान करता है। साथ ही, नदियों का निरंतर प्रवाह भूमिगत जलस्तर को भी पुनर्भरित करता है और जलचक्र को संतुलित बनाए रखता है। नदियाँ प्राकृतिक पयार्वास के साथ-साथ मानवीय पयार्वास के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये न केवल पेयजल और सिंचाई के स्रोत के रूप में कार्य करती हैं, बल्कि कृषि, उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में भी योगदान देती हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं की नदियां मानव सभ्यता एवं संस्कृति की जननी एवं पोषक है। झारखण्ड जैसे राज्यों में जहां की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गांवों, पहाड़ी क्षेत्रों, पठारी भागों में रहता है, अपनी जीवन-यापन के लिए सीधे तौर पर नदियों एवं इसके प्राकृतिक क्षेत्र पर निर्भर हैं। नदियां जैव विविधता का संरक्षण, पुनर्जनन, भूजल पुनर्भरण, तापमान नियंत्रण कर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अर्थात नदियां एक ओर जहां प्राकृतिक संसाधनों का सतत विकास सुनिश्चित करती हैं तो वहीं सतत मानवीय जीवन का आधार तैयार करती हैं।

भौगोलिक दृष्टिकोण में झारखंड राज्य भारत के उन महत्वपूर्ण राज्यों में एक है जो अपनी अनुपम प्राकृतिक विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। एक नए राज्य के निर्माण के विभिन्न आधारों में सबसे महत्वपूर्ण आधार यह भी था कि भौगोलिक दृष्टि से प्रकृति ने इस राज्य की रचना बिहार से भिन्न की है। वन्नाछादित भूमि, कई छोटी-बड़ी पहाड़ियों से युक्त पठारी क्षेत्र, सुंदर जलप्रपातों का निर्माण करने वाली नदियाँ, प्राकृतिक जलाशय, भूमि के गर्भ में संचयित बहुमूल्य खनिज संसाधनों का भंडार आदि, जिससे न सिर्फ विशेष प्राकृतिक पयार्वास बल्कि विशेष मानव पयार्वास को भी सृजित किया। इन प्राकृतिक विशेषताओं से युक्त इस भौगोलिक क्षेत्र की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मानव विकास के नवीन आर्थिक प्रतिमानों ने जो उद्योगों पर आधारित हैं का एक आकर्षक भू-भाग बन कर रह गया। उद्योगों एवं कथित मानवीय विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति इस क्षेत्र की प्राकृतिक प्रचुरता को नष्ट करने के कीमत पर भी जारी है जिसका परिणाम यह है कि यहाँ की नदियाँ अवनयन के खतरनाक स्तर से गुजर रही है। मानवजनित प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, अनियंत्रित खनन, औद्योगिकीकरण एवं नगरीकरण के कारण नदियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है।

झारखंड की नदियों को प्रवाह की दिशा के अनुसार दो भागों में बाँटा गया हैः उत्तरवर्ती और दक्षिणवर्ती नदियां। उत्तरवर्ती नदियाँ वे हैं जो पठारी क्षेत्रों से निकलकर उत्तर की ओर बहती हुई गंगा में मिलती हैं जैसे- सोन, उत्तरी कोयल, पुनपुन, फल्गु, सकरी, चानन आदि। दूसरी ओर, दक्षिणवर्ती नदियाँ वे हैं जो पठार के दक्षिणी भाग से निकलकर दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर बहती हैं। इनमें दामोदर, स्वर्णरेखा, बराकर, दक्षिणी कोयल, शंख, अजय, मोर/मयूराक्षी, ब्राह्मणी, गुमानी और बंसललोई प्रमुख हैं। ये नदियाँ मुख्यतः बरसाती हैं, इसके बावजूद पहले इन नदियों में पानी का बहाव वर्ष भर होता रहता था किंतु अब ऐसा नहीं होता। अब अधिकांश नदियां वर्षा काल के बाद सूखने लगती हैं और गर्मी आते-आते प्रायः सुख जाती हैं। दामोदर, सुवर्णरेखा, दक्षिणी कोयल, शंख, अजय, मोर/मयूराक्षी, ब्राह्मणी, गुमानी, बंसललोई आदि प्रमुख नदियों की कई सहायक नदियां अब विलुप्त हो गई हैं और कुछ विलुप्तप्राय हैं। जैसे - रांची में नकटी नदी, ढोड नदी, पोटपोटो नदी, हरमू नदी। एक रिपोर्ट की माने तो धनबाद में कतरी, जमुनिया, गोबई, खुदिया और इजरी नदी समेत लगभग 100 छोटी-बड़ी नदियाँ विलुप्त हो गई है या विलुप्त होने के कगार पर है। यही स्थिति झारखण्ड के हर जिलों में है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति है बड़े दुष्प्रभाव देखने को मिल रहें हैं। नदियों के सिकुड़ने या सुख जाने से कृषि, पशुपालन जैसी जीवन निर्वाहक आर्थिक क्रियाकलाप प्रभावित हुवा हैं वहीँ गर्मी के दिनों में पेयजल संकट भयावह हो जाता है। इसके लिए सबसे बड़ा कारण है नदियों के प्राकृतिक क्षेत्र में मानवीय अतिक्रमण, दूसरा कारण है जनसँख्या में वृद्धि एवं अनियंत्रित शहरीकरण में तीव्रता, वहीँ प्रदुषण तीसरा सबसे बड़ा कारण खनन एवं औद्योगिक गतिविधियाँ है।

झारखंड की नदियों के जल में प्रदुषण का स्तर, अपवाह क्षेत्र में अतिक्रमण एवं मानवीय दखल के प्रभावों पर लगातार अध्ययन होते रहें हैं जैसे -अमरकंटक से निकलने वाली सोन नदी, जो झारखण्ड समेत चार राज्यों की जीवन रेखा है, अतिक्रमण और प्रदूषण के कारण उद्गम स्थल पर ही दम तोड़ रही है। प्रो। एम। के। भटनागर ने एक शोध में बताया कि पेपर मिल, चचाई थर्मल पावर प्लांट और बाणसागर से निकलने वाले प्रदूषित जल ने सोन नदी के भौतिक और रासायनिक गुणों को बदल दिया है। जल में टीडीएस, टर्बिडिटी और पीएच स्तर में बदलाव देखा गया है, जबकि अतिक्रमण और बांध के कारण नदी की धार पतली होती जा रही है। इसी प्रकार उत्तरी कोयल नदी जो पलामू, लोहरदगा, गढ़वा आदि जिलों की लाइफ लाइन मानी जाती है कि एक सहायक नदी ह्यदानरोंह्न पर प्रो। मजुमदार एवं अभिषेक ने अध्ययन किया। नेचर में प्रकाशित हुई इस अध्ययन में इन्होने बताया कि मानसून में प्रदूषण का स्तर 27 I15 पहुंचना, अत्यधिक प्रदुषण को दशार्ता है, वहीँ भूजल में इन्होंने सीसा पाए जाने की पुष्टि की है। इसी प्रकार पटना विश्वविद्यालय के पर्यावरणविद डॉ पॉल ने अपने एक लेख में बताया है कि पुनपुन नदी में फीकल कॉलीफॉर्म की मात्रा चरम पर है, नदी का पानी अब नहाने योग्य नहीं रह गया है। वहीँ तिर्की एवं मिस्त्री ने झारखंड राज्य की विभिन्न नदियों के जल की भौतिक और रासायनिक गुणों का परीक्षण किया , जिसमें हरमु, स्वर्णरेखा, दामोदर (रामगढ़, धनबाद, बराकर, बोकारो) नदियों के जल की गुणवत्ता की जाँच की गई। जाँच में घुलित ऑक्सीजन 4.2 से 9.2 mg/l के बीच पाई गई, जबकि पानी में क्षारता 168 से 194 mg/l के बीच पाया गया। वहीं प्रो. एस. के. गौतम एवं रावत ने अपने एक अध्ययन में बताया है कि सुबणरिखा नदी में नाइट्रोजन की सांद्रता बढ़ रही है एवं शहर का गंदा पानी एवं अवशिष्ट पदार्थों के कारण अब यह नदी कई स्थानों संकुचित हो गई है। झारखण्ड कि सबसे बड़ी दामोदर नदी, जो आज के समय में देश की पांच सबसे प्रदूषित नदियों में एक है। जिसमें औद्योगिक कचरे और रासायनिक अवशेषों की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुँच गई है। खनन कार्यों से उत्पन्न धूल और रसायन ने पानी कि गुणवत्ता को खराब किया है वहीँ अवैध बालू उत्खनन से नदि के प्रवाह में रुकावट आई है, जिससे दामोदर नदी पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

धर्म की बात

## पितृ पक्ष पर विशेष : श्रद्धा के बिना अधूरा है श्राद्ध


योगेश कुमार गोयल

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) को अहम माना गया है। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं। हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आह्वान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। पितृ पक्ष के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा देश की अनूठी परंपरा


डॉ. मनमोहन प्रकाश

ज्ञान और प्रौद्योगिकी इस सदी के वे दो मंत्र है जो किसी भी देश के विकास और सुरक्षा का मूल आधार है तथा मानव समाज की उन्नति और खुशहाली का हेतु। विज्ञान किसी भी घटना, परिस्थितियों, सिद्धांतों आदि का कार्य - कारण उद्देश्य से किया गया अध्ययन, अवलोकन, अन्वेषण, मूल्यांकन तथा विवेचन है वही तकनीक और प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक ज्ञान और शोध निष्कर्षों का व्यवहारिक उपयोग दर्शाता है। आज विश्व में नित्य नये आविष्कार, अवधारणाएँ , सिद्धांत, तकनीक, उपकरण आदि प्रकाश में आ रहे हैं। विज्ञान अविष्कारों के सदुपयोग से जहां एक ओर मानव- जीवन सहज, सरल, दीघार्यु हुआ है, जीवन-यापन पहले से बेहतर हुआ है, जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं। वहीं इसके दुरुपयोग से मानव की मुश्किलें बढ़ी हैं तथा जैवविविधता तथा पर्यावरण के लिए संकट पैदा हुआ है। वर्तमान में जारी यूक्रेन-रूस तथा हमास-इजरायल युद्ध में घातक हथियारों का उपयोग, आतंकवादी संगठनों द्वारा आतंक और दहशत के लिए घातक हथियारों के इस्तेमाल और उससे होने वाली जन-धन- पर्यावरण हानि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी दुरुपयोग के जीते जागते उदाहरण हैं। वहीं कोरोना जैसी विश्वव्यापी त्रासदी से निपटने के लिए वैक्सीन का विकास और उपयोग विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सद्पयोग का बेहतरीन जीवंत उदाहरण है। ऐसे कई उदाहरण आज हम सबके सामने मौजूद हैं। विज्ञान भारती देश की एक ऐसी स्वयं सेवी संस्था है जो देश में विज्ञान, शोध और नवाचार के लिए किशोर और युवाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए जानी जाती है। शायद इसीलिए इस संस्था से देश के सैकड़ों नामी-गिरामी वैज्ञानिकों, शिक्षकों के साथ विज्ञान में रुचि रखने वाले लोग जुड़े हैं। विज्ञान भारती का निस्वार्थ भाव से आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ भारतीय विज्ञान, वैज्ञानिक और तकनीकी को विस्तार और पहचान देने के लिए कार्य करना इसे अन्य संस्थाओं से अलग पहचान दिलाता है। विज्ञान भारती की गतिविधियों को देख कर ऐसा लगता है कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से स्कूली विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रूझान पैदा करने तथा वैज्ञानिक सोच,समझ, शोध रूझान विकसित करने के उद्देश्य से 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन' का आयोजन कर रही है। वास्तव में वीवीएम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक डिजिटल बेस्ड वृहद बाल वैज्ञानिक प्रतिभा खोज परीक्षा कम कार्यक्रम ज्यादा है। यह परीक्षा अन्य प्रतिभा परीक्षाओं से अलग है क्योंकि इसमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन विशिष्ट पद्धति से होता है, इसके आयोजन का उद्देश्य भी अन्य परीक्षाओं से अलग है तथा चयनित प्रतिभागियों को दिये जाने वाले पुरस्कार भी इसे अलग पहचान देते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष


**हमारे परस्पर प्रेम करने एवं अपनी समझ को स्पष्ट रखने, जैसा कि उन्होंने सिखाया एवं उदाहरण द्वारा दिखाया है, से ही शांति आ सकती है।**

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा


श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर प्रेम हैं, उनकी सृष्टि की योजना केवल प्रेम में ही आधारित हो सकती है। क्या पाण्डित्यपूर्ण तर्कों की अपेक्षा यह साधारण विचार मानव हृदय को सान्त्वना नहीं देता? प्रत्येक वह सन्त जिसने परमसत्य के मर्म को पूर्णतः समझा है, प्रमाणित करता है कि एक दिव्य सर्वजनीन योजना विद्यमान है, जो सुन्दर एवं आनन्द से भरपूर है। जब हम ध्यान में ईश्वर से प्रेम करना सीख लेते हैं, हम समस्त मानवता से वैसे ही प्रेम करेंगे जैसे अपने परिवार से करते हैं। जिन्होंने अपने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर लिया है- जिन्होंने वास्तव में ईश्वर का अनुभव प्राप्त कर लिया है- केवल वे ही मानवता से प्रेम कर सकते हैं; तटस्थ रूप में नहीं, अपितु सगे भाइयों की तरह, एक ही पिता की सन्तान के रूप में। जान ले कि सभी जातियों की नसों में एक ही जीवन-रक्त संचारित हो रहा है। जब सभी में ईश्वर विद्यमान हैं और श्वास लेते हैं तो कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से, चाहे वह किसी भी जाति का हो, घृणा कैसे कर सकता है? हम केवल कुछ ही वर्षों के लिए अमरीकी, हिन्दू या किसी अन्य राष्ट्रीयता से सम्बन्ध रखते हैं, परन्तु हम ईश्वर की सन्तान सदा के लिए हैं। आत्मा को मानव-निर्मित परिसीमाओं में बन्द नहीं किया जा सकता। इसकी राष्ट्रीयता ब्रह्म है; इसका देश सर्वव्यापकता है। यदि आप अपने भीतर ईश्वर से सम्पर्क करें, तो आप जान जाएँगे कि वे सबमें हैं, और वे ही सब जातियों के बच्चे बन गए हैं। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

आज का दोहा

**यकीं नहीं तो बोल दो, थोड़ी पूंछ उठाव।**
**भोंचक होगे जानकर, नर वर में बदलाव।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

आपकी बात

# भय से दूर रहने का एक ही उपाय है - भगवान पर भरोसा


कृष्ण बिहारी मिश्र
लेखक बिहार-झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार व विद्रोही 24 के संपादक हैं।



भगवान पर भरोसा करने से ही निर्भयता आती है। ऐसे जीवन में भय की कोई कमी नहीं है। भय की एक लंबी सूची है। यह जब परेशान करती है तो यह जीवन तक को खा जाती है। आपने कई के मुख से यह जरुर सुना होगा कि उसे चिन्ता खाये जा रही है। ये चिन्ता क्या हैं, भय का ही तो एक रूप है। ये बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा भक्तों के बीच स्वामी गोकुलानन्द ने कही। उन्होंने कहा कि भय सर्वाधिक अगर किसी अंग को प्रभावित करता है, तो वह हृदय है। किसी भी साधक के लिए निर्भय होना बहुत ही जरुरी है, क्योंकि बिना निर्भयता के साधना हो ही नहीं सकती, क्योंकि भय आत्मा के प्रभुत्व तक को नष्ट कर डालता है। उन्होंने कहा कि भय हमारे मस्तिष्क और भय के अनुभवों को आत्मा के साथ बांध देता है, इसलिये हमें हर हाल में भय से मुक्त होना आवश्यक है। यह हमें दिव्य चेतना में लिप्त होने में रुकावट डालता है। स्वामी गोकुलानन्द ने भय के बारे में श्रीमद्भगवद्गीता में दिये गये अध्याय दो के श्लोक संख्या 40 को अपने सत्संग में बार-बार उद्धृत करते हुए कहा कि गीता कहती है कि नेहाभिक्रमनाशोरस्ति प्रत्यवायो न विद्यते। स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।। इस कर्मयोग में आरम्भ का अर्थात् बीज का नाश नहीं है और उलटा फलरूप दोष भी नहीं है, बल्कि इस कर्मयोगरूप धर्म का थोड़ा सा भी साधन जन्ममृत्युरूप महान भय से रक्षा कर लेता है। उन्होंने कहा कि भय को भगाने के लिए सर्वप्रथम आपको स्वयं में दृढ़ता लानी होगी। इसे हर हाल में अपने मन से खत्म करना होगा, क्योंकि भय मन का जहर है। हालांकि कभी-कभी भय आसन्न संकटों से हमारी रक्षा का काम करता है। जैसे एक हिरण के सामने शेर आ जाये तो वो आसन्न संकट को देख उसके भय से भागना चाहेगा, जो उसके जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक भी है और उसमें वो सफल भी होता है। लेकिन यही भय जब हमारे मन में बैठ जाता है और अगर ये अवचेतन मन में जगह बना लें तो जीवन को पूरी तरह नष्ट भी कर डालता है। उन्होंने कहा कि दरअसल भय चुम्बक की तरह है। अगर इसे मन में पाल लिया जाय, तो ये बार-बार हमारे जीवन में आयेगा और अगर इसे हमने मन में जगह नहीं दिया तो कभी भी हमारे जीवन में दुबारा आने की साहस नहीं करेगा। मतलब साफ है कि इस भय से आप डरेंगे तो ये बार-बार डरायेगा और नहीं डरेंगे तो फिर कभी आपके पास नहीं फटकेगा। उन्होंने कहा कि कष्ट सभी को होता है। कुछ लोग कष्ट का सामना करते हैं। जो कष्ट का सामना करते हैं। कष्ट उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाता और जो कष्टों के सामने रोना लेकर बैठ जाते हैं, उन्हें वहीं कष्ट उनके जीवन को नष्ट करने में प्रमुख भुमिका निभाने लगता है। इसलिए कहा जाता है कि जो डरते हैं, वे जीवन में कुछ नहीं कर पाते। जिस संस्थान में भय समाता है। वो संस्थान भी नष्ट हो जाता है। स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि याद रखें कि भय आत्मा के गुणों पर कवर डाल देता है। भय जैसे ही मन में घर बनाने की कोशिश करें, उसे मन रूपी घर से निकाल फेंकने का काम करें। भय आयें या सताएं तो ऐसे समय में कोई अच्छी किताबें पढ़ने की कोशिश करें या कोई अच्छी मुवी देखने की कोशिश करिये या कोई कॉमेडी शो ही देख लिया कीजिये, ताकि आपका आये हुए भय से डाइवर्ट हो। लेकिन इससे भी अच्छा है कि आप ध्यान करें। ऐसे भी जो बराबर ध्यान करते हैं। उन्हें भय कभी सता ही नहीं सकता। न ही ऐसे लोग भय से भय खाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### रैली में शामिल होने सेविका-सहायिका गईं रांची

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की छह सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री के सामने झारखंड राज्य सेविका सहायिका संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मोरहाबादी से राजभवन तक आयोजित रैली में कोडरमा जिले से सैकड़ों की संख्या में सेविका-सहायिकाओं ने हिस्सा लिया। नेतृत्व सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, प्रदेश सचिव सावित्री सोरेन, कोषाध्यक्ष लखन लाल मंडल, जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद, जिला सचिव वर्षा रानी, संयुक्त सचिव संतोषी कुमारी, सुरेन्द्र पांडेय ने किया। रैली में उर्मिला देवी, बेबी,लीला, मंजू मेहता, कविता यादव, उमा मोदी, हीना प्रवीण, चिंतामणी देवी, नीलम यादव, सरिता, अर्चना देवी, संध्या बर्णवाल, रानी देवी, प्रतिमा, ललिता सहित 750 सेविका सहायिका शामिल हुई।

### अजीत बने राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**झुमरी तिलैया।** राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ के पदाधिकारियों की बैठक में कोडरमा के अजीत बर्णवाल को झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हिरोडीह के राहुल कुमार मोदी को युवा इकाई का संगठन मंत्री बनाया गया है। उक्त घोषणा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र मोदी ने की। अजीत बर्णवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष और राहुल कुमार को संगठन मंत्री बनाये जाने पर संघ के केंद्रीय महासचिव प्रेमलाल, जिलाध्यक्ष अजय बरनवाल, पंकज बरनवाल, अशोक बरनवाल, शंभू बरनवाल, भोला कुमार, विनोद बरनवाल, मनोहर मोदी, सूरज मोदी, निरंजन लाल, सतीश कुमार दीपू, सुजाता बरनवाल, सविता बरनवाल, कंचन बरनवाल, संजीव समीर, नीलम देवी, मीरा देवी, आरके बसन्त, प्रकाश मोदी, बिनोद मोदी समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

### पासवान एकता मंच का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**झुमरी तिलैया।** पासवान एकता मंच कोडरमा के तत्वावधान में रविवार को झुमरीतिलैया के गुरुद्वारा रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के मैट्रिक,इंटर और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में समाज का नाम रौशन करने वालों को मेडल-ट्रॉफी व पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। साथ ही सामाजिक और दलित वर्ग के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने वाले समाज के लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं समाज के सरकारी व गैर सरकारी सेवा क्षेत्र से सेवानिवृत और महिला-पुरुष बुजुर्गों को शॉल व पुष्पगुच्छ,मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्याओं से हुए अवगत, कहा

# क्षेत्र का विकास क्षेत्रीय पार्टी ही कर सकती है



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड के झिरकामुण्डा में सोमवार को झारखण्ड पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए लोगों के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष बताया कि गाँव में आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। बिजली पानी सड़क की समस्या से लोग लंबे समय से परेशान हैं। इसके अलावे गांव में कई लोगों को राशन कार्ड, अबुआ आवास, प्रधान मंत्री आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना सहित सरकार की कई योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है । मौके पर पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपकी समस्याओं को सुनने के लिए आपके गांव आया हूं क्योंकि जो राष्ट्रीय पार्टी है वो सिर्फ जाति धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाकर अपनी राजनीति कर रहें हैं। उन्हें लोगों की मूलभूत समस्याओं से कुछ लेना देना नही है। क्षेत्र का विकास क्षेत्रिय पार्टी ही कर सकती है। झारखण्ड पार्टी क्षेत्रिय पार्टी है जो माटी से जुड़कर आपकी समस्याओं को दूर करेगी। आज क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों के लापरवाही की वजह से विकास नही हो पाया है।लेकिन अब वो दिन दूर नही क्षेत्र की जनता झापा के हाथ में इस क्षेत्र की बागडोर देने वाली है। जल्द ही इस क्षेत्र का पूरा विकास किया जाएगा। आपकी जो भी समस्या है उसे आप हमारे तक पहुंचाने का काम करें। आपकी समस्या मेरी समस्या है, इसे दूर किया जाएगा। इस मौके पर दूसरी पार्टियों से आये लोगों ने झापा का दामन थामा ।

सीएम आदित्यनाथ का कार्यक्रम स्थगित

# अब केंद्रीय कृषि मंत्री जनसभा को करेंगे संबोधित



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड मैदान बरही में भाजपा में आयोजित परिवर्तन यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह यूपी के सीएम आदित्यनाथ योगी का कार्यक्रम स्थगित हो गया है. अब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जनसभा को संबोधित करेंगे. जनसभा को लेकर लगभग तैयारियां पूरी की जा चुकी है. बैजरिकेटिंग का कार्य जोरो से चल रहा है जो देर रात पूरा कर लिए जाएंगे. जनसभा की तैयारियो को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सोमवार को प्रस्तावित सभा स्थल पहुंचकर जायजा लिया. साथ ही मौजूद कार्यकर्ताओं को सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर कई आवश्यक निर्देश भी दिए. उन्होंने बताया कि यह सभा झारखंड प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है. लाखो की तायदाद में भीड़ जुटने की उम्मीद है. ऐसे में कार्यकर्ताओ को मुस्तैद और सजग रहना है ताकि किसी को भी कोई असुविधा नहीं हो. उन्होंने बताया कि मुख्यातिथि का हेलीकॉप्टर पूर्वाहन 11 बजे रसोईया धमना स्थित चकुरा टांड़ में लैंड करेगा. जहां औपचारिक स्वागत के बाद 11.30 बजे सड़क मार्ग से सभा स्थल पहुंचेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे.

## न्यूज बॉक्स

### मंगलवार से प्रारंभ होगा सनराइज एकेडमी, प्रशासन ने सौंपी चाभी

**बरही ।** स्थानीय समजसेवियों की पहल पर करियातपुर के सनराइज एकेडमी में शिक्षण कार्य मंगलवार से प्रारंभ हो जायेगा. जिसका देखभाल पूर्व संचालक के अनुज महेश साव करेंगे. इस संबंध में प्रशासन से आदेश मिलने के बाद सोमवार को आयोजित अभिभावक गोष्ठी में ली गई. गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी जितेंद्र गिरी व संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया. जिसमे धनवार, दुलमहा आदि पंचायतों के मुखिया सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, कई अभिभावक और विद्यालय के छात्र छात्राएं शमिल हुए. उक्त जानकारी गोष्ठी के अध्यक्षता कर रहे श्री गिरी ने देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन से दुरुस्त व्यवस्था के साथ विद्यालय प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा गया. विभिन्न बिंदुओ पर गंभीरता से विचार करते हुए विद्यालय प्रबंधन को स्कूल संचालन करने की सहमति दिया. उपस्थित लोगो ने विद्यालय में समुचित सीसीटीवी, गार्ड की व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा. जिसे विद्यालय प्रबंधन ने पूरा करने का आश्वासन दिया. यह भी निर्णय लिया गया कि पुराने शिक्षको को ही अध्यापन कार्य के लिए रखा जायेगा. विदित हो कि बीते 2 सितंबर को विद्यालय के निदेशक सह संचालक पर विद्यालय की ही एक छात्रा पर अमर्यादित व्यवहार को लेकर स्थानीय लोगो ने विद्यालय संचालक के साथ मार पीट और तोड़ा फोड़ किया था. जिसके स्थिति खराब हो गई थी और प्रशासन ने विद्यालय को सील कर दिया था. तब से विद्यालय में पठन पाठन कार्य पूरी तरह से बंद था.

### डायन, भूत का आरोप लगाकर मारपीट कर लहुलुहान करने का आरोप




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जतघघरा में महिला व उनके पति के साथ डायन भूत का आरोप लगाकर जीभ, हाथ ,पैर काटकर व मारपीट कर लहुलुहान कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस निमित जतघघरा निवासी नन्हकू महतो व उनकी पत्नी मंदोदरी देवी ने बरकट्ठा थाना में एक लिखित आवेदन दिया है । आवेदन में कहा है कि जतघघरा निवासी उपेंद्र यादव ,रामाशंकर यादव, दोनों के पिता जोबा यादव ,मनोज यादव ,सिकंदर यादव दोनों के पिता बंधु यादव दिनेश यादव विनोद यादव दोनों के पिता खागो यादव मथुरा यादव पिता बुलाकी यादव प्रसाद राम पिता किशुन राम ने डायन भूत का आरोप लगाया लगाकर मेरे देवी मंदिर तोडकर फेंक दिया व जीभ हाथ पैर काटकर , मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। बताया कि उक्त सभी व्यक्ति दबंग किस्म के व्यक्ति हैं जो हमेशा जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने प्रशासन से उचित जांच पड़ताल उक्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई कर न्याय की मांग की है।

### ठेठईटांगर पहुंचे छत्तीसगढ़ के वन व पर्यावरण राज्य मंत्री केदार कश्यप




**ठेठईटांगर।** छत्तीसगढ़ के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केदार कश्यप ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय चौक पहुंचे एवं लोगों से रूबरू हुए। इस क्रम में ठेठईटांगर शिव मंदिर में पहुंच कर भगवान का आशीर्वाद लिया और कहा कि इस छोटे से गांव में मुझे यहां के लोगों के साथ बहुत अच्छा लगा। इस मौके पर सिमडेगा जिला मंत्री नरेंद्र बडाइक ने जानकारी देते हुए बताया 25 सितंबर को ठेठईटांगर थाना मुख्यालय चौक में रोड शो कार्यक्रम होगा इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री समेत कई मंत्री तथा हटिया विधायक नवीन जायसवाल शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बडाईक ,जिला परिषद एवं बडाईक समाज के कृष्ण बडाईक, अनूप केसरी प्रखंड अध्यक्ष एवं अनिल कुमार गुप्ता अमित बडाईक पंकज पांडे श्रवण सेनापति प्रखंड के कई कार्यकर्ता वह पदाधिकारी उपस्थित थे।

### व्यवस्था से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने थामा झापा का दामन



**सिमडेगा।** वर्तमान जनप्रतिनिधि और सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कुरडेग प्रखंड के दर्जनों लोग झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के घर पहुंचे। सभी ग्रामीणों ने चुनाव में बदलाव का संकल्प लेते हुए झारखंड पार्टी को जीत दिलाने की बात कही। सभी लोगों ने पार्टी के साथ जुड़कर काम करने की बात कही। इसके बाद झापा नेताओं ने दुपट्टा पहना कर सभी का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व मंत्री एनोस एक्का, आईरिन एक्का, प्रखंड अध्यक्ष आनंद इंडरूस, प्रदीप टोप्पो आदि ने सभी का स्वागत किया। मौके पर रसिम लकड़ा, सफिरा तिग्गा, सुनील लकडा, प्रेमा तिर्की सहित कई लोगों ने झापा का दामन थामा।

युवा क्लब सैनडीह के तत्वावधान में हॉकी सह सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल के साथ आदिवासी परंपराओं को बचाना भी जरूरी : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पाकरंटाड़ प्रखंड के सैनडीह में युवा क्लब सैनडीह के तत्वावधान में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आनंद नगर ने चुडूगडीपा को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खेल के साथ साथ आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए समिति द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है। खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के साथ साथ आदिवासी परंपरा और संस्कृति को भी आगे बढाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण एकजुट रहें। राज्य सरकार ग्रामीणों के हित मे कई योजनाएं धरातल में उतारा है। उसका लाभ लेकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करें। विधायक ने कहा कि आज 18 साल से अधिक उम्र की हर महिलाओं को राज्य सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। हर युवतियों एवं महिलाओं के खाते में सरकार मइया सम्मान योजना के तहत 1000 रुपए का आर्थिक सहयोग दे रही है। सभी युवतियां एवं महिलाएं आगे बढ़े और योजना का लाभ लें। उन्होंने ग्रामीणों को एकजुट होकर आगामी विस चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा रहने का आह्वान किया।

परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा नेता ने किया गांवों का दौरा

# रथयात्रा के जरिये सत्ता परिवर्तन का लेंगे संकल्प : श्रद्धानन्द



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने सिमडेगा प्रखंड गरजा पंचायत के काटुकोना डोंगोइत टोली और तिर्रा दास टोली का भ्रमण कर अगामी 25 सितंबर को गांधी मैदान में होने जा रही परिवर्तन यात्रा और जन महा सभा में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आवाहन किया। श्री बेसरा ने ग्रामीणों को कहा कि वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का आगमन 25 सितंबर को गांधी मैदान सिमडेगा में हो रहा है, और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और वर्तमान भ्रष्टाचार, निकम्मी सरकार को परिवर्तन करने के लिए आवाहन करेंगे।ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि इस सरकार के कार्यकाल में हमारे गांव में किसी तरह विकास नहीं हुआ है, हमारे गांव में 36 परिवार के लोगों के बीच दो चापाकल और एक जलमिनार बनाया गया है। परन्तु उक्त दो चापाकल में से एक चापाकल उपयोग में है, तथा दुसरा बिना पानी निकासी के पुर्ण कर दिया गया है। एक जलमिनार बनाया गया है परन्तु वह जलमिनार विगत कई महिनों खराब है जिसके कारण नदी का पानी को भी उपयोग कर रहे हैं।एक ट्रांसफार्मर विगत चार साल से लगा दिया गया है परन्तु अभी तक उक्त ट्रांसफार्मर को चालू नहीं किया गया है। दुसरे ट्रांसफार्मर से कनेक्शन दिया गया जिसके कारण हमेशा डीम वोल्टेज रहता है।

तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

# केतुङ्गाधाम की टीम बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के ग्राम बीरता जलडेगा में छः दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला सारुबेड़ा बनाम केतूंगाधाम के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला में केतूंगा धाम ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। आपको बताते चलें कि यह खेल पिछले 10 वर्षों से जलडेगा गांव के तिलईजारा मैदान में होते आया है । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को समापन किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट के समिति के द्वारा मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया तत्पश्चात उन्हें मंच तक लाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजीत तोपनो ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।उन्होंने कहा कि आज हमारा सिमडेगा जिला खेल का नर्सरी कहा जाता है। हमारा सिमडेगा जिला अपने देश में ही नही बल्कि विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ रखी है। आज के समय में पढ़ाई के साथ साथ खेल भी एक अहम हिस्सा बन चुकी है।आप सभी भी खेल को सद्भावना के साथ खेलें और हमारा जिला का नाम रौशन करें।साथ ही खिलाडियों को आशीर्वाद देते हुए कहा की खेल अच्छे तरीके से खेल कर देश में अपना नाम दर्ज करें एवं सभी खिलाडियों की उज्वल भविष्य की कामना किया।

विश्व हिन्दू परिषद् अर्चक पुरोहित विभाग के तत्वावधान में हुई बैठक

# पर्व, धर्म और समाज के लिए बखूबी अपनी जिम्मेदारियों को समझें लोग : ओमप्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व हिन्दू परिषद् अर्चक पुरोहित विभाग के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक महावीर मंदिर, महावीर चौक सिमडेगा में हुई। बैठक में नगर के गणमान्य पुरोहित गण, दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष गण सम्मिलित हुए। ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस बैठक में समसायिक घटनाओं पर चिंतन करते हुए धर्म समाज के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पुरजोर तरीके से निभाने पर सभी ने बल दिया एवं कई महत्वपूर्ण विषयों पर चिंतन एवं चर्चा कर योजनाएं बनाई गई। साथ ही सभी ने समाज में एकजुटता और एकरूपता लाने के लिए सभी मिल बैठकर और चर्चा कर उत्सव और त्योहारों में भी एकरूपता की बात कही। इस अवसर पर आगामी पर्व और आने वाले त्योहारों पर सभी पुरोहित गणों ने चर्चा कर सभी की सहमति से कार्यक्रम के बैठक में प्रस्तुत किया गया। आने वाले 25.9.2024 दिन बुधवार को इस वर्ष जीवितपुत्रिका व्रत मनाया जायगा एवं दूसरे दिन 26.9.2024 दिन गुरुवार को प्रातः व्रत का पारण होगा। बैठक में शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा वर्ष 2024 की नित्य अनुष्ठान की सूची भी प्रस्तुत की गई।अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिनांक 3.10.2024 दिन गुरुवार को प्रातः कलश स्थापना एवं ध्वजरोहन होगा।महाषष्ठी दिनांक 9.10.2024 दिन बुधवार को सायं वेळाभिमन्त्रणम, गोधन, अधिवाश ( मूल नक्षत्र) में, महासप्तमी 10.10.2024 दिन गुरुवार को प्रातः नवपत्रिका प्रवेश एवं प्रतिमा अनावरण पूजन,महाअष्टमी /नवमी दिनांक 11.10.2024 दिन शुक्रवार को प्रातः काल सन्धि पूजा एवं बलि 6:58 में होगा।

व्यवहार न्यायालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

# कानूनी जानकारी के बारे में लोगों को अवगत कराना बहुत जरूरी : प्रधान जिला जज




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नव चयनित पारा विधिक स्वयं सेवकों के लिए व्यवहार न्यायालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का उदघाटन सोमवार को किया गया। कार्यशाला का उदघाटन प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,एडीजे नरंजन सिंह, सीजेएम मनीष कुमार, जज इंचार्ज सुभाष बाड़ा,प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यशाला के उदघाटन के मौके पर प्रधान जिला जज ने कहा कि सभी पीएलवी बधाई के पात्र हैं कि वे लोग समाज सेवा के लिए आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि पीएलवी के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेवारी है। लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचानी है। कानूनी जानकारी के बारे लोगों को अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए विधिक स्वयं सेवक लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। अगर कोई बिचौलिया किसी ग्रामीण का शोषण करता है तो पीएलवी इसे देखे। पीडीजे श्री सिन्हा ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाली सभी जानकारियों का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने की कोशिश करना है। लोगों को विधिक अधिकार और संविधान की जानकारी देनी है। कार्यशाला के पहले दिन स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव ने कानून में आम आदमी को मिले महत्वपूर्ण अधिकार के बारे बताया। वहीं डिप्टी चीफ एलएडीसी प्रभात कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल ने प्राधिकार के उद्देश्य और इसके कार्यों के बारे जानकारी दी। इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत करते हुए प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि गांव गांव तक प्राधिकार के पहुंच और इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कुल 35 नए पारा विधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति की गई है। मौके पर कई न्यायिक पदाधिकारी,कर्मी व पीएलवी मौजूद थे।

# परिवर्तन यात्रा को लेकर बानो बीजेपी की बैठक डाक बंगला परिसर में हुई




**नवीन मेल संवाददाता। बानो** भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन यात्रा को यादगार बनाने के लिये बानो प्रखण्ड कमिटी डाक बंगला बानो में तोरपा विधानसभा प्रभारी दुर्ग विजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में निर्णय लिया गया सभी कार्यकर्तओं को तोरपा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेना है।साथ ही बानो प्रखण्ड सीमा कोयल नदी पुल के पास चयनित सदस्यों द्वारा यात्रा में शामिल अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। परिवर्तन यात्रा में राष्ट्रीय प्रवक्ता ए.के एंटोनी ,पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उरांव,पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,विधायक कोचे मुंडा मुख्य अतिथि होंगे जिनका स्वागत किया जाएगा।जिसके बाद मोटरसाइकिल रैली के साथ साथ परिवर्तन यात्रा बानो पहुचेगी।बानो बिरसा मुंडा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मालार्पण कर कोलेबिरा प्रखंड के रवाना होंगे ।कार्यक्रम के बारे जानकारी देते हुए बानो मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने बताया कि तोरपा कॉलेज मैदान में 11:00 बजे से यात्रा आरंभ होगी।वहीं रनिया में 12:30 बजे,सोदे पुल 02:05 बजे,बानो बिरसा मुंडा चौक पर 03:00 बजे,लचरागढ़ में 03:10 बजे तथा 04:00 बजे कोलेबिरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाग लेंगे।बैठक में जगह जगह तोरण द्वार, झंडा लगाने तथा फ्लेक्स लगाने की चर्चा की गई।

परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित

# एसडीओ व एसडीपीओ ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन यात्रा के निमित्त गांधी मैदान सिमडेगा में बुधवार को विशाल जनसभा का आयोजन होगा। अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने गांधी मैदान पहुंच विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के रूपरेखा से संबंधित पार्टी के कार्यकताओं से जानकारी ली। विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कार्यक्रम स्थल पर कार्यपालक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक तथा जिला प्रभारी बबन गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर परिवर्तन यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। जिला महामंत्री सह सिमडेगा विधानसभा कार्यक्रम प्रमुख दीपक पूरी ने बताया कि सिमडेगा गांधी मैदान तथा कुरडेग प्रखंड के माईकल किंडो स्टेडियम के जनसभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उराँव, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल सहित पार्टी के माननीयों का आगमन होगा, जो जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला महामंत्री सह कोलेबिरा विधानसभा कार्यक्रम प्रमुख मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोलेबिरा में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंटनी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उराँव का आगमन होगा, जो जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन तय है। जनता हेमन्त सरकार के रवैये से तंग आ चुकी है।

### हरियाणा: भाजपा उम्मीदवार को किसानों ने बंधक बनाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नारायणगढ़ से भाजपा प्रत्याशी पवन सैनी को चुनाव प्रचार के दौरान जनता के विरोध का सामना करना पड़ा। रविवार रात प्रचार के दौरान पवन सैनी को करीब दो घंटे तक बंधक बनाया गया। अंबाला के एसपी ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। उग्र ग्रामीणों को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। नारायणगढ़ विधानसभा हलका मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृहक्षेत्र है। नायब सैनी इस बार लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं और लाडवा से प्रमुख दावेदार रहे पवन सैनी नारायणगढ़ हलके चुनाव लड़ रहे हैं।

# बिहार के 12 जिलों की 13 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित

एजेंसी

**पटना।** बिहार में गंगा और इसकी सहायाक नदियां पूरे उफान पर हैं। अबतक प्रदेश के 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित है जबकि बीते 24 घंटे में बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार के पटना, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, वैशाली, पूर्णिया, बक्सर, रोहतास, भोजपुर और सासाराम जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। मुंगेर के बाद अब भागलपुर में भी नदी के तेज बहाव वजह से मौत के मामले सामने आये हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से भागलपुर, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय समेत कई जिलों में मौत हुई है। भागलपुर के नाथनगर में बीते दिनों डूबे तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं जबकि नाव हादसे में डूबे बच्चे का शव अब तक बरामद नहीं हो सका है। लखीसराय और खगड़िया में बाढ़ के पानी में नहाने की गलती किशोरों को भारी पड़ी। अलग-अलग हादसे में दो किशोरों की मौत हो गयी।



बाढ़ के पानी में डूबने से भागलपुर, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय समेत कई जिलों में मौत हुई है।

## मुंगेर में गंडक नदी पर बना पुल नदी में समाया, खगड़िया से संपर्क टूटा

**पटना।** बिहार के मुंगेर जिले में गंडक नदी पर बना पुल सोमवार को नदी में समा गया। घटना जिले के बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार पंचायत और गोगरी के बीच हुई है, जहां गंडक नदी की धार पर बना बिचली पुल पानी में बह गया। आज पुल गिरने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले बख्तियारपुर से समस्तीपुर के बीच बन रहे फोरलेन पुल का स्पैन गिर गया। इसके कुछ देर के बाद ही मुंगेर में पुलिया नदी में समा गयी। दरअसल, नेपाल से छोड़े गये पानी से बिहार की नदियां उफान पर हैं। इसी क्रम में बिचली पुल पर बाढ़ के पानी का बहाव तेज हो गया था। यही कारण है कि पुलिया ध्वस्त हो गया है। पुल के ध्वस्त होने के बाद कई पंचायतों का संपर्क खगड़िया जिले के गोगरी से भंग हो गया है। लोगों का कहना है कि गांव में ऐसे कई पुल हैं तो धव्स्त होने के कगार पर पहुंच चुका है। यदि और पुल पानी में बह जाते हैं तो लोगों को समस्या होगी। मुखिया प्रतिनिधि के अनुसार बिचली पुल ध्वस्त हो गया है। इलाके में गंगा और गंडक का पानी फैल गया है। लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। बरियारपुर प्रखंड के कई गांवों की 80 हजार की आबादी प्रभावित हो गयी है। सड़क पर भी पानी का जमाव है। आम लोगों के साथ मवेशी को भी काफी परेशानी हो रही है।

## तिरुपति मंदिर मामले के बाद काशी विश्वनाथ में ऐसे तैयार हो रहा है लड्डू

एजेंसी

**वाराणसी ।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट की खबर के बाद देशभर के मंदिरों में प्रसाद को लेकर उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभी हाल ही में उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में बनने वाले भोग के बारे में जानकारी सामने आई थी। जिसमें कहा गया था कि वहां लड्डू तैयार करने के लिए बाहर से बेसन का इस्तेमाल नहीं होता है। लड्डू बनाने के लिए खासतौर पर स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि उनके प्रसाद को लेकर उन्हें कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। अयोध्या में हुए श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में प्रसाद बनाने को लेकर उन्हें बुलाया गया था।

वहीं, उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ मंदिर में भी लड्डू बनाने के लिए विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है। यहां पर लड्डू बनाने की प्रक्रिया के बारे में एसडीएम शंभु शरण ने बताया कि जब से तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद को लेकर मिलावट की खबर सामने आई। यहां पर भी निगरानी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा, लड्डू बनाने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर में सनातन धर्म के मानने वाले लोगों



को ही प्रसाद बनाने के लिए लगाया जाता है। इस दौरान इस बात का ध्यान रहता है कि साफ-सफाई में किसी भी प्रकार से कोताही न हो। उन्होंने कहा, लड्डू बनाने के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। उसकी जांच की जाती है। जब लड्डू बनकर तैयार हो जाता है तो सरकार की खाद्य विभाग द्वारा इसकी जांच की जाती है। इसके बाद यहां भक्तों में दिया जाता है।

वाराणसी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने कहा, अभी हुई जांच में कहीं भी अनियमितताओं की बात सामने नहीं आई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में जो प्रसाद चढ़ाया जाता है, उसकी जांच निरंतर होती रहती है। तिरुपति बालाजी मंदिर मामले के बाद से हम लोग अलर्ट मोड पर हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में जांच के दौरान किसी भी तरह से कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। हालांकि, आगे भी प्रसाद को लेकर जांच की जाएगी।

# आयुष्मान देशवासियों को स्वास्थ्य समाधान देती रहेगी : अमित शाह

- *6 वर्ष पूर्व शुरू की गई इस योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक बोझ से मुक्त किया*
- *70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी पीएम-जेएवाई को मंजूरी दी*







एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के छह साल पूरे होने पर कहा कि यह योजना आगे भी देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए समाधान देती रहेगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, आयुष्मान भारत योजना आज देशवासियों के स्वास्थ्य हेतु वरदान सिद्ध हो रही है। मोदी जी द्वारा जनता के आरोग्य की चिंता करते हुए 6 वर्ष पूर्व शुरू की गई विश्व की सबसे बड़ी इस स्वास्थ्य योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक बोझ से मुक्त किया है।

हाल ही में इसे और विस्तार देते हुए, 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वृद्ध नागरिक को इसके तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना आगे भी देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए समग्र समाधान देती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2018 को आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई (एबी पीएमजेएवाई) योजना लॉन्च की थी। एबी पीएम-जेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना है, जो प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। मोदी सरकार ने अभी हाल ही में इस योजना को विस्तार देते हुए 11 सितंबर को 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए, चाहे उनकी आय कुछ भी हो, एबी पीएम-जेएवाई के तहत स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी थी।

### आयुष्मान विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' के आज छह साल पूरे हो गए। आज इसकी छठी वर्षगांठ पर केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है।

## आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देंगे : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरक्षण पर उनके बयान को लेकर हो रही अलोचनाओं के बीच आज कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले- हम आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देंगे। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में अमेरिका में आरक्षण पर एक बयान दिया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार इसे मुद्दा बना रही है और कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बता रही है। आज 'एक्स' पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि हम आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देंगे। विस्तृत जातिगत जनगणना और आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटाकर हर वर्ग को



उनका हक, हिस्सेदारी और न्याय मिलने तक हम रुकेंगे नहीं। जाति जनगणना भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 'जाति जनगणना' बोलने तक से डरते हैं। वे नहीं चाहते हैं कि बहुजनों को उनका हक मिले। मेरे लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बहुजनों को न्याय दिलाना ही मेरे जीवन का मिशन है।

## कांग्रेस व जातिवादी पार्टियों को बिगड़े दिनों में याद आते हैं दलित : मायावती

एजेंसी



**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दलितों को लेकर सोमवार को कांग्रेस समेत अन्य जातिवादी पार्टियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि बिगड़े दिनों में ही कांग्रेस और जातिवादी पार्टियों को दलितों की याद आती है। अच्छे दिन आते ही इन्हें फिर से दरकिनार कर दिया जाता है। मायावती ने कहा कि जैसा कि अभी हरियाणा प्रदेश में भी देखने के लिए मिल रहा है। पूरे देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि खासकर कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को अपने बुरे दिनों में तो कुछ समय के लिए इनको दलितों को मुख्यमंत्री व संगठन आदि के प्रमुख स्थानों पर रखने की जरूर याद आती है। लेकिन ये पार्टियां, अपने अच्छे दिनों में, फिर इनको अधिकांशतः दरकिनार ही कर देती हैं तथा इनके स्थान पर, फिर उन पदों पर जातिवादी लोगों को ही रखा जाता है।

## मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर, एके 47 राइफल व सामग्री बरामद

**नारायणपुर।** जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और महाराष्ट्र सीमा पर सोमवार शाम को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है, जिनमें दो पुरुष और एक महिला है। सर्चिंग के दौरान तीनों नक्सलियों के शवों के पास से एक एके 47 राइफल सहित कई अन्य हथियार, गोला-बारूद एवं नक्सल सामग्री बरामद की गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन नक्सली मारे गये हैं। नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सर्चिंग अभियान के लिए संयुक्त सुरक्षाबलों के जवानों को रवाना किया गया था। आज सोमवार शाम 4 बजे सर्चिंग के दौरान घात लगाए नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों के जवानों ने दो पुरुषों और एक महिला सहित कुल तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के शवों के साथ एके 47 राइफल सहित कई अन्य हथियार, गोला बारूद एवं नक्सल सामग्री बरामद की गई है।

## सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने की घोषणा पर ममता बनर्जी ने मोदी और बाइडेन का जताया आभार



**कोलकाता।** भारत-अमेरिका के संयुक्त सहयोग से कोलकाता में सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित किए जाने की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट में दोनों देशों के नेताओं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कोलकाता में इस सेमीकंडक्टर कारखाना निर्माण के लिए पश्चिम बंगाल सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने अमेरिका में राष्ट्रपति बाइडेन के आवास पर मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं के बीच एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन खरीदने पर चर्चा हुई।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा।

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

## पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार पांच नए मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार की शाम चंडीगढ़ स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच विधायकों को कैबिनेट मंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले रविवार को बदले हुए राजनीतिक घटनाक्रम में पंजाब के चार मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे तुरंत प्रभाव से स्वीकार भी कर लिया गया। 117 विधायकों वाली पंजाब विधानसभा में अभी तक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत पहले 15 मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में कुल 18 मंत्री हो सकते हैं।

सोमवार को हुए विस्तार के साथ राज्य में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की संख्या 16 हो गई है। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में सबसे पहले लुधियाना जिले के साहनेवाल विधानसभा हलके से विधायक हरदीप सिंह मुंडिया को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई। इसके बाद लहरागागा विधानसभा हलके से पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल को हराने वाले लहरागागा से विधायक बरिंदर कुमार गोयल, खन्ना के विधायक तरनप्रीत सिंह सोंध, शाम चौरासी के विधायक डॉ. रवजोत सिंह तथा सबसे अंत में जालंधर पश्चिमी सीट से हाल ही में विधायक बने महिंद्र भगत को कैबिनेट मंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## विधायी संस्थाओं के सहयोग और समर्थन के बिना विकसित भारत संभव नहीं : लोस अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में देश की संसद और राज्यों के विधानमंडलों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बोलते हुए दावा किया कि विधायी संस्थाओं के सहयोग और समर्थन के बिना आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। संसद भवन परिसर में आयोजित 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों की कार्यकुशलता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने





आग्रह किया कि तकनीक के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए विधायी संस्थाएं विभिन्न मंचों पर चर्चा करें और जनकल्याणकारी योजनाओं को आकार दें। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, जब प्रौद्योगिकी और संचार माध्यम लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जनप्रतिनिधियों को लोगों की लोकतंत्र से बढ़ती आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के तौर-तरीके और साधन विधायी संस्थाओं के माध्यम से खोजने चाहिए। ओम बिरला ने आगे कहा कि भारत का संविधान समावेशी शासन की भावना का सबसे सशक्त उदाहरण है और भारत की संसद द्वारा पारित ऐतिहासिक कानूनों से विकास की गति तेज हुई है और भारत की प्रगति अधिक समावेशी हुई है। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं द्वारा कार्यपालिका की जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने और शासन को अधिक उत्तरदायी और कुशल बनाए जाने का आग्रह करते हुए यह भी कहा कि विधायी निकायों को नियमों, सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित रूप देकर अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभानी चाहिए।

# राहुल चाहते हैं कि सिख अपने देश के खिलाफ दोबारा हथियार उठा लें : रवनीत सिंह बिट्टू

एजेंसी

**जयपुर ।** रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को सोमवार को जयपुर में कांग्रेस कार्यकताओं ने काले झंडे दिखाए। बिट्टू सोमवार को जयपुर में एक शूटिंग चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन का उद्घाटन करने आए थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में एक बार फिर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पप्पू हैं या बहुत ही शैतान शातिर आदमी हैं। राहुल चाहते हैं कि सिख अपने देश के खिलाफ दोबारा हथियार उठा लें। उनके अंदर ये बीज बोया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सिख को झुककर सरदार जी कहकर संबोधित किया जाता है।



मुझे नहीं लगता कि किसी को ये सम्मान मिलता है। वो चीज ये खत्म करना चाहते हैं। ये आग में घी डालने का काम रहे है। चाहे वो किसानों का आंदोलन हो या हरियाणा में इलेक्शन हो। बिट्टू ने विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं को लेकर कहा कि उन्हें तकलीफ करने की जरूरत क्यों है। मेरे पास आ जाते, मैं उनको खुद बुला लेता। वो आकर मेरे साथ बात करें। मैं तो उनमें से ही आया हूं। मेरे से ज्यादा वो राहुल गांधी के बारे में नहीं जानते हैं। मैं तो 15 साल उनके साथ रहा। उनका तीन बार जीता हुआ एमपी था। तब उन्हें छोड़कर आया हूं। मेरे से ज्यादा राहुल गांधी को कौन जानता है। बिट्टू ने कहा कि मुझे देश में पगड़ी नहीं बांधने दी जा रही। मुझे देश में कड़ा नहीं पहनने दिया जा रहा। मैं गुरुद्वारा नहीं जा सकता। आप मुझे बताओ, ये कहना कोई अच्छी बात है। आप क्यों माइनॉरिटी को बार-बार छेड़ रहे हैं। वायुसेना जिनके अंडर है, वो पगड़ी बांधते हैं। सीआईएसएफ के डीजी एक पंजाबी सिख हैं। इनके अंडर में एयरपोर्ट, मेट्रो और संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। राहुल गांधी को भी उनसे होकर जाना है। मैं भी एक सिख हूं। आपके सामने बैठा हूं। इस तरीके की बात करना वो भी अमेरिका में जाकर इसका मतलब क्या है। बिट्टू ने कहा कि राहुल गांधी के परिवार ने दरबार साहिब पर हमला किया। दरबार साहिब को छलनी किया, फिर भी राहुल गांधी दरबार साहिब पर मत्था टेकने पगड़ी बांधकर जाते हैं। उनको कौन रोक रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मुझे ये बताए कि सिखों को कौन रोक रहा है। कोई प्रूफ तो दें कि इस सिख को गुरुद्वारा जाने से रोका है। कोई एक सिख मेरे सामने लेकर आएं। मेरा विरोध करने से क्या होगा। तेलंगाना विधायक द्वारा रवनीत सिंह बिट्टू का सिर कलम करने वाले बयान का विरोध करते हुए बिट्टू ने कहा कि मैं इसका विरोध करता हूं। ये विचारों की लड़ाई है। यहां पर लड़ाई हिंसक नहीं है। कोई हथियार उठाकर लड़ाई नहीं लड़ी जा रही है।

सुल्तानपुर डकैती प्रकरण

## फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है : अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर डकैती केस में यूपी एसटीएफ की कार्रवाई पर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। बता दें कि यूपी एसटीएफ ने सराफा व्यापारी की दुकान पर डकैती मामले में मंगेश यादव और अनुज प्रताप सिंह को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। अनुज पर एक लाख रुपये का इनाम था। एसटीएफ ने उन्नाव के अचलगंज में उसकी लोकेशन ट्रेस कर उसे एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। अनुज प्रताप सिंह अमेठी का रहने वाला था।

# सीपीआर प्रशिक्षण को हर स्तर तक ले जाना है : के डॉ. गौरव

**सीपीआर तकनीक से जान बचाने की पहल : लायंस क्लब का प्रशिक्षण कार्यक्रम**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार को रामचंद्र चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, विश्रामपुर में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा आयोजित सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. गौरव विशाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण को हर स्तर तक पहुंचाने का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीवन बचाने की तकनीक से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में किसी की जान बचाने के लिए सीपीआर अत्यधिक उपयोगी है, और इसे स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी विभागों के माध्यम से सभी तक पहुंचाना जरूरी है। डॉ. गौरव ने बताया कि 'गोल्डन ऑवर' के दौरान सीपीआर का सही उपयोग करके दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सकती है। इसके तहत, लोगों को कृत्रिम सांस देकर या दिल की धड़कन को पुनः चालू करने का प्रयास किया जाता है। यह प्रक्रिया जीवन रक्षक प्रणाली के रूप में चिकित्सा जगत में मान्य है।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री रामचंद्र चंद्रवंशी, और आरसी यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री ईश्वर सागर चंद्रवंशी सहित अन्य प्रमुख डॉक्टर और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बड़ी संख्या में नर्सिंग छात्र, सहिया, और आम लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

डॉ. गौरव के साथ डॉक्टरों की टीम ने प्रतिभागियों को सीपीआर देने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से सीपीआर की तकनीक को विस्तार से समझाया।

**सीपीआर के महत्व पर जोर :** डॉ. गौरव ने बताया कि सीपीआर के अभाव में कई बार दिल के मरीज, बुजुर्ग या दुर्घटना में घायल लोग दम तोड़ देते हैं, जिन्हें सही समय पर सीपीआर देकर बचाया जा सकता है। लायंस क्लब का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों, विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और स्कूलों में इसे सिखाने का है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जीवन बचाया जा सके। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ. रविश कुमार समेत अन्य प्रमुख डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया और प्रशिक्षण दिया।

## हैदरनगर व मोहम्मदगंज में मंईयां सम्मान यात्रा आज

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को गति देने के लिए विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में मंईयां सम्मान यात्रा की शुरूआत की गई है। इस यात्रा में कई विधायक और मंत्री शामिल होंगे। पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने इस यात्रा के प्रचार-प्रसार में सक्रियता से योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को यह यात्रा हुसैनाबाद, हैदरनगर, और मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्रों में निकाली जाएगी। यात्रा में मंत्री कल्पना मुर्मू, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, और मिथिलेश ठाकुर शामिल होंगे। इन नेताओं के आगमन पर प्रखंडों में जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। इसके पहले, जिला परिषद उपाध्यक्ष टुटू सिंह की ओर से दोपहिया वाहन रैली के साथ मोहम्मदगंज में नेताओं का स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंडों में लाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने झामुमो के सभी कार्यकताओं से अपील की है कि वे इस बाइक रैली में बड़ी संख्या में भाग लें और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# शहरी क्षेत्र से दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध गत मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद एवं सदर थाना पुलिस टीम की अगुवाई में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर थाना के मनहो गांव के निकट एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। अवैध बालू लोडकर ट्रैक्टर रघुटोली शंख नदी से मनहो की ओर जा रहा था। जबकि दूसरा अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को छापामारी टीम ने कैमो पतरा टोली से जप्त किया। शंख नदी से अवैध बालू खनन कर उक्त ट्रैक्टर तेजी से शहरी क्षेत्र की ओर आ रहा था। छापामारी टीम ने खदेड़ कर उक्त दोनों अवैध बालू लोडर ट्रैक्टर को मौके से जप्त किया। उल्लेखनीय है कि, नदी तट से बालू के खनन और परिवहन पर एनजीटी लागू होने के कारण पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। बावजूद, कथित बालू माफिया रात्रि में बालू के अवैध खनन और परिवहन में सक्रिय रहते हैं। बालू के अवैध दोहन पर स्थानीय प्रशासन और मीडिया जगत में हाय तौबा मची रहती है। दिलचस्प पहलू यह है कि, अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी के बाद ट्रैक्टर को रिहा करने के लिए पुलिस और खनन विभाग में रसूखदार जनप्रतिनिधि के नाम पर कथित धमकी दिया गया। बावजूद, उक्त जप्त अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर के मालिक और चालक के विरुद्ध डीएमओ ने सदर थाना में प्राथमिक की दर्ज कर दिया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, वर्तमान में एनजीटी लागू है। बावजूद, बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर ओचक अभियान चलाया गया। मौके से बरामद दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर सदर थाना में रखा गया। इस मामले पर अवैध खनन और परिवहन को लेकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## महिला विंग की अध्यक्ष बनी शोभा सिन्हा

**हजारीबाग।** सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड द्वारा महिला विंग का गठन को लेकर अटल सांस्कृतिक भवन नियर सर्किट हाउस हजारीबाग में बैठक किया गया। मिलिट्री पैरामिलिट्री के सेवानिवृत्त सदस्य एवं उनकी पत्नी, वीर नारी शामिल हुई। सर्वसम्मति से शोभा सिंह को महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष,संरक्षक पूर्णिमा सहाय , उपाध्यक्ष किरण मिश्रा, सचिव उषा देवी, उप सचिव रिचा गुप्ता, संगठन मंत्री रिंकी देवी, मीडिया प्रभारी सोनम सिंह, वरिष्ठ सलाहकार बंदिता देवी, सुशीला देवी, मीडिया सलाहकार निक्की देवी, जिला अध्यक्ष हजारीबाग पूनम देवी, सचिव प्रियंका शाहा, संगठन मंत्री अनिता देवी, मीडिया प्रभारी सुमिता देवी, उप मीडिया प्रभारी अमृता देवी, जिला अध्यक्ष रामगढ़ बीनू देवी को चुना गया। बताते चलें शोभा सिंह मूल रूप से गिद्धौर प्रखंड, चतरा की रहने वाली हैं और वर्तमान में रांची में रहती है। अभी हाल ही में पति सूबेदार मेजर पद से सेवानिवृत हुए हैं। शोभा सिन्हा पूर्व में भी संस्था से जुड़ी थी,उनके समर्पण भाव को देखते हुए ही उन्हें अध्यक्ष बनाया गया हैं।

## अमानत नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा मौत, देर शाम तक नहीं मिला शव

**पड़वा।** सोमवार को अमानत नदी में नहाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। देर शाम तक युवक का शव बरामद नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने दिनभर शव की खोजबीन किया गया। लेकिन शव नहीं मिला। शव नहीं मिलने सैकड़ो परिजनों व ग्रामीणों ने मेदनीनगर औरंगाबाद मुख्य पथ को अमानत नदी के पास जाम कर दिया। लगभग लगभग ढाई घंटे जाम रहने के बाद सदर थाना प्रभारी प्रभारी के आश्वासन के बाद आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मालूम हो कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे थाना क्षेत्र के सिंगरा कला के संदर भुइया अमानत नदी में नहाने गया था. इसी दौरान इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंचकर स्थानीय युवकों के सहयोग से शव को खोजने का प्रयास किया गया लेकिन शव नहीं मिल सका। ग्रामीणों का कहना था कि एनडीआरएफ की टीम के सहयोग से ही शव को निकाला जा सकता है। शव नहीं मिलने से से परिजनों में आक्रोश है। समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं किया सका है।

## ट्रैफिक प्रभारी ने वाहन जब्त कर काटा चालान

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। वाहन जांच के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच में बगैर हेलमेट तथा ट्रिपल लोड चल रहे बाइक को जब्त कर शहर थाने में रखा गया। इनमें 22 मोटरसाइकिल को सीजीएम कार्यालय फाइन हेतु भेजा गया है। सीजीएम कार्यालय पलामू से 6 मोटरसाइकिल सीजीएम कार्यालय पलामू से 6 मोटरसाइकिल से चालान के रूप में 16000 तथा एक ई-रिक्शा और एक टेंपो सवारी गाड़ी से 5300 प्राप्त हुए। चालान के रूप में कुल 21300 राशि प्राप्त हुई।

## केएन त्रिपाठी ने डूब क्षेत्र के ग्रामीणों तक पहुंचाई राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक केएन त्रिपाठी के निर्देश पर उनकी टीम ने मंडल डैम के डूब क्षेत्र के कुछ गांवों तक पहुंचकर वहां के समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कूटकू, चपिया, चेमो, सनेया, भजना, एडोमारो सहित अन्य गांव के लोगों के बीच जरूरत के हिसाब से लोगों को तिरपाल, कंबल, वस्त्र व खाने-पीने का दैनिक उपयोग का सामान का वितरण किया गया। पूर्व विधायक की टीम में शामिल उनके भाई गोपाल त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों भारी बारिश के चलते मंडल डैम में पानी का जमाव होने के कारण कई गांव पानी में डूब गये। दो लोगों का पानी में डूब जाने से मौत भी हो गई थी। बताया कि वहां पर किसी तरह का जाने का साधन नहीं था। इस बीच इसकी जानकारी पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को लोगों ने दी। केएन त्रिपाठी ने एक टीम बनाकर उनके नेतृत्व में शनिवार को गांव में पहुंचने की प्रयास किया, लेकिन नदी में अधिक पानी के कारण वह डूब क्षेत्र के गांव में नहीं पहुंच सके। उन्होंने बताया कि मदगड़ी (च) में ही उन्हें रात के कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के बाद फिर रविवार की सुबह ग्रामीणों की मदद से नदी पार कर डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री वितरण किया।

## झारखंड में जनकल्याण की जगह चल रहा जेहाद कल्याण : अनुराग सिह ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा सोमवार को विश्रामपुर एवं हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरी। पहले विश्रापुर विस क्षेत्र के उंटारी रोड में सभा हुई। यहां पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के हमीरपुर, हिमाचल से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर हेलीकॉप्टर से पहुंचे। कार्यक्रम में पलामू के सांसद वीडी राम, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी एवं अन्य भाजपा नेता मौजूद थे। उंटारी रोड में सभा की समाप्ति के बाद यात्रा का काफिला कादलकुर्मी गांव होते हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पहुंचा। भाजपा नेता विनोद सिंह के नेतृत्व में बाइक पर सवार सैकड़ों कार्यकर्ता यात्रा का स्वागत गाजे-बाजे के साथ कादल में किया। फिर भाजपा की परिवर्तन यात्रा प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के मैदान में पहुंची। फिर परिवर्तन यात्रा हुसैनाबाद के लिए निकल पड़ी।

सभी सभा को अनुराग ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी जेएमएमए-कांग्रेस-आरजेडी सरकार द्वारा झारखंड में लव जेहाद, लैंड जेहाद को बढ़ावा देकर प्रदेश की जमीन और जनसंख्या के संतुलन को बदल दिया है। पूरा झारखंड परिवर्तन की मांग कर रहा है, क्योंकि यहां जनकल्याण की बजाय जेहाद कल्याण का काम चल रहा है और भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है। अनुराग ने कहा झारखंड सरकार ने पहले दिन से ही जनता के साथ विश्वासघात किया है। आज ये सरकार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की बदहाली और आदिवासी हितों की उपेक्षा का प्रतीक बन गयी है। झारखंड के पूर्वात्तर राज्य में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी चेंज हो गया हैं। बंगलादेशी घुसपैठीयों संथाल परगना के पाकुड़, तारानगर, गोपीनाथपुर, गायबथान जैसे स्थानों पर तुष्टिकरण को साधते हुए आदिवासी बहनों को बहला फुसलाकर शादी कर शोषण किया जा रहा है, मगर हेमंत सोरेन सरकार आँखों पर पट्टी बांध कर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संरक्षक बन गई है।

## 15 दिनों में चार बच्चों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के चपकली गांव में रविवार को नहर में फूल तोड़ने के दौरान में 8 साल के राकेश बियार की डूबने से मौत के बाद गांव में दूसरे दिन पूरी तरीके से सन्नाटा पसरा रहा। बता दें कि गांव में 15 दिन के अंदर चार बच्चों की मौत हुई है। 15 दिन पूर्व गांव में चार बच्चों को सांप ने काट लिया था, जिसमें तीन बच्चे की मौत हो गई थी। सोमवार को पंचायत के मुखिया पति उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुनी ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद की बात कही। उन्होंने बताया कि परिवार में अबुआ अवास की सूची में नाम है, जल्द में ही भुक्त भोगी परिवार को आवास मुहैया कराया जाएगा। चिनिया अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव से सरकारी प्रावधान के हिसाब से परिवार के सदस्यों को लाभ दिलाने की मांग की है। अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच काफी उत्साह : प्रवीण रंजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बालक वर्ग अंडर 17 एवं अंडर 19 बालक वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दिन भर अपना स्थान बनाने के लिए रोमांचक संघर्ष रहा। अंडर 17 बलाक वर्ग में विजेता बना चुरचू प्रखंड कि टीम और उप विजेता बना डांडी प्रखंड कि टीम,अंडर 19 में कटकमदाग प्रखंड कि विजय हासिल किया। खेलो झारखंड वालीबॉल प्रतियोगिता अंडर 17, एवं अंडर 19 बालक वर्ग का प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ जिसमे अंडर 17 क्वार्टर फाइनल में डाडी, पदमा, इचाक, चुरचू, चौपारण, एवं विष्णुगढ़ के बीच संघर्ष हुआ। जिसमें से डाडी,इचाक, चुरचू, एवं चौपारण कि टीम ने अपना स्थान सेमीफाइनल में बनाया।फाइनल मैच डाडी एवं चुरचू के बीच खेला गया जिसमें चुरचू कि टीम विजेता बना।

### 3.66 करोड़ की लागत से पंडा नदी पर पुल का शिलान्यास

## पिता, पुत्र सात बार विधायक बने फिर भी नहीं हुआ क्षेत्र का विकास: भानू



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** पूर्व विधायक सह स्थानीय विधायक भानू प्रताप शाही ने सोमवार को बलिगढ़ पंचायत के मोटंगवा टोला के पंडा नदी पर 3.66 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास भूमि पूजन और नारियल फोड़कर कर किया। साथ ही परती-कुशवानी गांव में 33 लाख की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्घाटन भी किया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक भानू प्रताप शाही का गाजे-बाजे के साथ गांव में फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर भानू प्रताप शाही ने कहा कि मोंटगवा-बनखेता गांव के लोग वर्षो से पंडा नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग कर रहे थे। उनका सपना आज पूरा हो गया। अब इस पुल का निर्माण कार्य पूरा होने पर केतार और बलिगढ़ पंचायत आपस में जुड़ जायेगा। गांव के लोगों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। सरकार के अधिकारी गरीबों का काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा की वन पट्टा दिलवाने के नाम पर झामुमो के लोग आदिवासी और दलितों से दस-दस हजार रुपए वसूली कर रहें है। उन्होंने कहा कि गरीबों का पैसा वापस कर दो नहीं तो भाजपा की सरकार में आने पर दलालों को सलाखों में डाला जायेगा। सरकार पांच वर्षों में कोई भी काम नहीं किया, लेकिन जब चुनाव का समय आया तो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू किया है। मंईयां योजना का पैसा कुछ ही महिलाओं को मिल रहा है। यह योजना दिसंबर में बंद हो जायेगी। उन्होंने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिता-पुत्र सात बार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व किया, लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं हो सका। आज जब वह विकास का काम कर रहे हैं तब विरोधियों को दर्द हो रहा है। उनके किये हुए काम को अपना बताते चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट के समय ही इनको आदिवासी और दलितों की याद आती है। ऐसे लोगों को जनता इस बार मुंहतोड़ जवाब देंगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, राजू सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, सिताराम जयसवाल, अरविंद सिंह,राम प्रसाद कमलापुरी, उमेश सिंह, मनोज फौजी, अशोक ठाकुर, अरविंद वर्मा, संतोष पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### आदिवासी सीएम को...

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील की कि आप सभी अपना हौसला बुलंद रखिए। आप मजबूती के साथ खड़े रहिए। आपका यह बेटा आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आप सिर्फ अपना आशीर्वाद हमें देते रहें, ताकि हम दिन रात जनहित का काम करते रहें। आपका स्नेह और आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा देता है। सरकार ने राज्य की नारी शक्ति को सम्मान के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फिर एक बार राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को पत्र लिखकर एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया राशि की मांग की गई है। अगर केंद्र सरकार यह बकाया राशि नही देती है, तो उसका ब्याज ही दे, ताकि राज्य सरकार द्वारा यहां की महिलाओं को सम्मान राशि के रूप में प्रतिमाह दो हजार रुपये यानी सालाना 24 हजार रुपये का भुगतान किया जा सके।

### मंईयां योजना से...

इस योजना को सफल होने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान कल्पना सोरेन ने भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि झारखंड को उसकी हक की रॉयल्टी से वंचित रखा जा रहा है। धरती मेरी, खजाना मेरा, फिर भी झारखंड को रॉयल्टी नहीं मिल रही। यह कहां का न्याय है?

### हेमंत सरकार पर...

चिराग ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सिर्फ झारखंड में लूट मच गई। इसीलिए यहां के मुख्यमंत्री तक को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा। मुख्यमंत्री के अलावा कई अन्य मंत्रियों और अधिकारियों को भी भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाना पड़ा है। इस पूरी घटनाक्रम से झारखंड के रहने वाले लोग शर्मसार हो गए। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अभी भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। चिराग पासवान ने कहा कि उनके पिता रामविलास पासवान ने विकसित झारखंड का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि मैं संकल्प लेता हूं कि झारखंड राज्य को देश के सबसे विकसित राज्यों में शामिल करुंगा लेकिन इसके लिए राज्य के युवाओं को एक साथ होकर राज्य के विकास में सहयोग देना होगा। जो लोग लूट और विद्वेष की राजनीति करते हैं, उन लोगों को सबक सिखाना है। रैली को जमुई के सांसद अरुण भारती, सांसद राजेश वर्मा और लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान आदि ने भी संबोधित किया।

### झामुमो, कांग्रेस और...

रांची को स्मार्ट सिटी करोड़ घोषित किया गया। उसके बाद लगभग 1000 करोड़ की योजना दी गयी। उन्होंने कहा कि 1014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे और इस समय इनकी संख्या बढ़कर 148 हे गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर तरह के विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस झामुमो ने जो काठ की हांडी चढ़ायी थी वह फूट गयी। नड्डा ने कहा कि झामुमो ने हर परिवार को एक लाख रु देने की बात कही थी, पांच लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता पांच हजार देने की बात कही थी, पर यहां के लोगों को मिला क्या? उन्होंने कहा कि यहां पर नौकरियों में घोटाला के साथ लोगो की मौत हो रही है। यह कुशासन का नतीजा है। ऐसीसरकार को बदलने के लिए हमें परिवर्तन यात्रा को सफल बनाना है।

### लातेहार में लॉरेंस...

इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की एक टीम बनाई गई और अपराधियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाई गई। पुलिस की टीम जैसे ही रामपुर चौक के पास पहुंचे तो वहां 8 की संख्या में संदिग्ध युवक खड़े थे। पुलिस को देखते ही सभी लोग भागने लगे। भाग रहे अपराधियों में चार लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने बताया कि स्थानीय अपराधी राहुल सिंह के बुलाने पर हरियाणा के शूटर अश्विनी कुमार और प्रिंस कुमार लातेहार के चंदवा आए थे। इधर पूछताछ में गिरफ्तार शूटर अश्विनी कुमार ने पुलिस को बताया कि उन लोगों को एक व्यवसायी पर गोली चलाने के लिए बुलाया गया था। वे लोग पहले भी जेल जा चुके हैं। इसी को लेकर वे लोग योजना बना रहे थे। इधर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस को लगभग 25 ग्राम अफीम और ढाई किलो गांजा भी बरामद हुआ है। पुलिस फरार हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## नदी में डूबे नाबालिग का शव सिंगरा के सिद्धवन से बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी में तीन दिन पूर्व डूबे शहर थाना क्षेत्र के घास पट्टी निवासी सज्जन गुप्ता के 17 वर्षीय पुत्र सक्षम का शव सिंगरा के सिद्धवन से सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया है। सक्षम 21 सितंबर को कोयल नदी के तटीय क्षेत्र में रिल बनाने के क्रम में कोयल नदी की तेज धार में बह गया था। नहाने के क्रम में अपने मित्र को मोबाइल देकर उसने वीडियो रिकॉर्ड कर रील बनाने को कहा। इस दौरान नदी में गहरे पानी होने की वजह से डूबने लगा। नाबालिग के नदी में डूबने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वह और उसके दोस्त उसका दोस्त वीडियो बनाते दिख रहा है। नदी में डूबने पर उसके दोस्त ने आसपास के लोगों को हल्ला कर इकट्ठा किया, परंतु वह गहरे पानी में चला गया। पुलिस ने जानकारी मिलने पर काफी कोशिश की, लेकिन नाबालिग को नहीं ढूंढ सके। घटना के बाद नाबालिक के परिजन लगातार उसे तटीय इलाकों में ढूंढ रहे थे। सुबह कुछ ग्रामीण नदी इलाके में घूमने गए थे। ग्रामीणों सिंगरा के सिद्धवन में शव पड़ा देखा। मृतक नाबालिग के शव की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बताते चलें की नाबालिक 11वीं कक्षा का छात्र था। नाबालिग के शव मिलने पर उसके घर व मुहल्ले में माहौल गमगीन हो गया।

## दो नाट्य मंचन के साथ मासूम नाट्य महोत्सव संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में दो नाटकों के मंचन के साथ रविवार की शाम मासूम नाट्य महोत्सव संपन्न हुई। इसके साथ ही शनिवार को आयोजित अंतर विद्यालय नाट्य प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। बिहार व झारखंड के 20 कलाकार, साहित्यकार, संगीतकार व समाजसेवी को सम्मानित किया गया। मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, प्रो. एससी मिश्रा, शिक्षाविद अविनाश देव, प्रदीप नारायण, साहित्यकार रवि शंकर पांडेय, डॉ. एनसी अग्रवाल, समाजसेवी युगल किशोर, वामपंथी नेता केडी सिंह, इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन, पूर्व बैंक अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय सहित कई गणमान्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया।

### मंच पर जीवित हुए दशरथ मांझी

नाट्य महोत्सव के पहले दिन 21 सितंबर को प्रयास रंग मंडल, पटना की टीम ने मिथिलेश सिंह द्वारा लिखित व निर्देशित बहु चर्चित नाटक दशरथ मांझी प्रस्तुत किया। कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन और सशक्त निर्देशन से मंच पर दशरथ मांझी जीवित हो उठे। अपनी पत्नी की पीढ़ा से दुःखी दशरथ मांझी की पहाड़ काटने की जिद, हठ व प्रेम का सजीव चित्रण इस नाटक के माध्यम से किया गया। दशरथ मांझी की भूमिका में उदय कुमार शंकर और उनकी पत्नी फगुनिया की भूमिका में रजनी शरण ने शानदार अभिनय कर दिल जीत लिया। नाटक का पार्श्व संगीत व मंच सज्या भी शानदार रही। अन्य भूमिकाओं में दीपक, सदानंद, सोनू, गिरीश, वीणा, आशीष आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। दूसरे दिन मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट ने दर्शकों के दिलों पर राज किया। कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खूब तालियां बटोरी। नाटक का लेखन व निर्देशन सैकत चटर्जी ने किया था। नाटक में राजा की भूमिका में सैकत चटर्जी और बहु की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्त्ती ने अभिनय कर दर्शकों को बांधे रखा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## 1951 में अगवा हुआ था 6 वर्षीय लड़का, 73 साल बाद वापस लौटा



**न्यूयॉर्क** । अमेरिका से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, 73 साल पहले एक बच्चा वेस्ट ओकलैंड, कैलिफोर्निया के एक पार्क से गायब हो गया था, जो अब वापस लौट आया है। उस वक्त लुइस अरमांडो अल्बिनो की उम्र 6 वर्ष थी। घटना 21 फरवरी 1951 की है। ऐसे में लुइस अब बच्चा से बुजुर्ग हो गया है। घर के पास बने पार्क में अपने 10 वर्षीय भाई रोजर के साथ खेल रहा था, तभी एक महिला ने चॉकलेट खिलाने का लालच देकर लुइस को अपने साथ लेकर चली गई। इसके बाद लुइस वापस नहीं लौटा। पुलिस ने लुइस को खोजने की कोशिश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

## गाजा में मानवीय मदद के लिए 6.8 मिलियन डॉलर और देगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने गाजा के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता की घोषणा की है। विदेश मंत्री पेनी वोंग



और इंटरनेशनल डेवलपमेंट एंड पैसिफिक मंत्री पैट कॉनरॉय ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया गाजा में चल रहे मानवीय संकट के जवाब में अतिरिक्त 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (6.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) प्रदान करेगा। मंत्रियों ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह धनराशि यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) को दी जाएगी। इसमें महिलाओं और लड़कियों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए न्यूट्रिशन सपोर्ट और हाइजीन एंड डिग्निटी किट सहित जीवन रक्षक मदद प्रदान की जाएगी।

# भारत वैश्विक प्रगति का उत्प्रेरक बन अपना प्रभाव बढ़ा रहा : प्रधानमंत्री

### 2036 में हम भारत में ओलंपिक खेलों के साक्षी बनेंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक विकास, शांति, जलवायु कार्रवाई, कौशल और सप्लाई चैन मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। इसके पीछे भारत का मकसद दुनिया में दवाब बढ़ाना नहीं बल्कि प्रभाव बढ़ाना है। हम सूरज की तरह रोशनी देने वाले हैं। हम विश्व पर दबदबा नहीं चाहते हैं, हम विश्व की समृद्धि में अपना सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान आज न्यूयॉर्क के लॉन्ग आईलैंड में आयोजित 'मोदी एंड अमेरिका' नामक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि ह्यूस्टन और लॉस एंजेलिस में भारत महावाणिज्य दूतावास खुलेगा और ह्यूस्टन यूनिवर्सिटी में तिरुवल्लुवर चेयर ऑफ तमिल स्टडीज की शुरूआत की जाएगी।

### एआई का अर्थ अमेरिकन इंडियन

उन्होंने कहा कि एआई का अर्थ अमेरिकन इंडियन है, जो दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने तीसरी बार देश में सत्ता वापसी को ऐतिहासिक बताया और उनके विजन से जोड़ते हुए इसे 'पुष्प' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि 'पुष्प (पीयूएसएचपी) का अर्थ प्रोग्रेसिव इंडिया, अनस्टॉपेबल इंडिया, स्पिरिचुअल इंडिया, ह्यूमैनिटी फर्स्ट इंडिया और प्रॉस्पर इंडिया है। अर्थात् भारत प्रगति, निरंतरता, आध्यात्मिकता, मानवता और समृद्धि के मूल्य और सपनों के साथ आगे बढ़ रहा है। अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय को भारत का राष्ट्रीय दूत बताते हुए उन्होंने कहा कि वह आज भी अपने जड़ों से जुड़े हुए हैं।



## 4 महीने बाद इस कुर्सी पर बैठेंगे केजरीवाल : आतिशी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखी है। खुद को भरत बताते हुए दावा किया है कि श्री राम इस पर कुछ महीनों बाद बैठेंगे। नई सीएम के लिए 'श्री राम' आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल हैं। मीडिया से रूबरू दिल्ली की सीएम ने कहा, पिता के एक वचन के खातिर जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे तो भरत को अयोध्या का कार्यभार संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभाली और कार्यभार संभाला, वैसे ही अगले चार महीने तक मैं दिल्ली सरकार चलाऊंगी। इस दौरान आतिशी के बगल में एक खाली कुर्सी भी थी। जिस पर कभी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठते थे। आतिशी ने कहा, भगवान श्री राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है। अरविंद केजरीवाल ने 10 साल के शासन में राजनीति में मयार्दा और नैतिकता की मिसाल कायम की है। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल की छवि को खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

## फिल्म 'लापता लेडीज' ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री

एजेंसी

**मुम्बई।** डायरेक्टर किरण राव की 'लापाता लेडीज' ऑस्कर अवॉर्ड्स की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 29 फिल्मों में से 'लापता लेडीज' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। किरण राव की 'लापता लेडीज' इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों ने भी सराहा था। मजेदार कॉमेडी के साथ समाज में महिलाओं की अस्मिता पर सवाल उठाने वाली यह फिल्म साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म देखने के बाद कई लोगों ने सोशल मीडिया पर कहा था कि भारत को फिल्म 'लापता लेडीज' को इस साल ऑस्कर में भेजना चाहिए। अब



दर्शकों की ये मांग आखिरकार पूरी हो गई है। इस साल की स्लीपर हिट्स में से एक 'लापता लेडीज' ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि होगी। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया कमेटी ने 29 फिल्मों की सूची में से 'लापता लेडीज' को ऑस्कर 2025 के लिए आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना है। लापता लेडीज ने हिट हिंदी फिल्म 'एनिमल' एवं मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'अट्टम' को पछाड़कर ऑस्कर की रेस में जगह बनाई है।

# वर्क ओवरलोड से महिला सीए की मौत, वित्त मंत्री के बयान पर विवाद

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक विदेशी कंपनी से ठेके पर काम लेकर एक भारतीय कंपनी अपने यहाँ भारतीय सीए को एक या कुछ - कुछ साल के कांट्रेक्ट पर रख कर काम कराती है। लगभग हर कंपनी में इस तरह काम कराना हायर एंड फायर तरीक़ा धंधा का पार्ट हो गया है। इसमें भी आठ घंटे के बजाय, ज्यादा काम लादकर अघोषित रूप से 10 से 12 घंटे, बिना और पैसा दिये काम कराना, आम चलन हो गया है। इसी तरह की एक कंपनी ने अपनी मां- बाप की इकलौती संतान 26 साल की सीए एन्ना सेबेस्टियन

### कर्मचारी संगठनों में रोष

*काम के दबाव से निपटने के लिए आंतरिक शक्ति की जरूरत होती है , यह सिर्फ ईश्वर की कृपा से ही हासिल की जा सकती है-**सीतारमण***

पेरयिल को कुछ माह के लिए एक प्रोजेक्ट पर काम पर रखा था। एन्ना उस काम को रात - दिन लगकर कर रही थी। रविवार तक की छुट्टी नहीं ली। रात-रात भर जग कर काम कर रही थी। उसको लगता था कि अच्छा काम और समय से हर काम करने से कंपनी वाले खुश होकर उसको अपने यहाँ नियुक्त कर लेंगे। कंपनी वाले उसके काम से खुश तो थे , लेकिन वह रात दिन लगकर काम करती रही तो उस पर और काम लादते गये। कुछ एक्स्ट्रा पैसा नहीं देते , नहीं अन्य कोई सुविधा। हालत यह हुई की एक दिन एन्ना सेबेस्टियन कोलैप्स हो गई। चिकित्सक भी नहीं बचा पाए। उसके अंतिम संस्कार तक में कंपनी वाले नहीं आये। यह घटना जब ख़बर बनी और बूढ़े मां-बाप ने हालात बताया तब, वे उद्योगपति जो आठ घंटे के बजाय दस घंटे का ड्यूटी आवर उतने ही वेतन में करने का दबाव सरकार पर डाल रहे हैं , जिनकी पत्नी को केन्द्र सरकार ने राज्य सभा सांसद बनाया है , वे इस पर बड़े ही रहस्यमय तरीके से चुप्पी साध दबाने की कोशिश कर रहे हैं। लगभग यही रवैया केन्द्र सरकार का है , जो कि लोक सभा चुनाव लड़ने से मना कर देने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान से ज़ाहिर होता है। जिसको लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। इसे लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि लोगों को काम के दबाव से निपटने के लिए आंतरिक शक्ति की जरूरत होती है और यह सिर्फ ईश्वर की कृपा से ही हासिल की जा सकती है। विपक्षी नेताओं , कर्मचारी संगठनों समेत कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस बयान को असंवेदनशील बताया है।चेन्नई के एक मेडिकल कॉलेज में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री सीतारमण ने एन्ना सेबेस्टियन पेरयिल की मौत का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'हमारे बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और यूनिवर्सिटी जाते हैं और अच्छे नंबरों से पास होते हैं। एक कंपनी में काम करने वाली महिला जिसने सीए की पढ़ाई अच्छे से की थी, वह काम के दबाव को नहीं झेल पाई। दो-तीन दिन पहले हमें खबर मिली कि वह दबाव का सामना नहीं कर पाई और उसकी मौत हो गई।' उन्होंने आगे कहा कि इस घटना से परिवारों को क्या सिखाना चाहिए? आप जो भी पढ़ाई करते हैं और जो भी नौकरी करते हैं, उस दबाव को झेलने के लिए आपके अंदर आंतरिक शक्ति होनी चाहिए और यह सिर्फ ईश्वर की कृपा से ही हासिल की जा सकती है। वित्त मंत्री ने कहा, 'ईश्वर में विश्वास रखें, हमें ईश्वर की कृपा की जरूरत है। ईश्वर की तलाश करें और अच्छा अनुशासन सीखें। आपकी आत्मशक्ति इसी से बढ़ेगी। आंतरिक शक्ति केवल आत्मशक्ति के बढ़ने से ही आएगी। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को देवत्व और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना चाहिए। तभी हमारे बच्चों को आंतरिक शक्ति मिलेगी, इससे उनकी और देश की प्रगति में मदद मिलेगी। मेरा यह दृढ़ विश्वास है।वित्त मंत्री के इस बयान को लेकर तरह-तरह की बात शुरू हो गई हैं, जो होना ही था।

## एजुकेशन/करियर

डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर कंप्यूटर और डेटाबेस एक्सपर्ट्स होते हैं, इन्हें डीबीए भी कहा जाता है। ये ग्राहकों, सहकर्मियों और अधिकारियों के लिए डेटा को व्यवस्थित, मैनेज, स्टोर और पुनर्प्राप्त करते हैं। एक व्यापक अर्थ में, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर छोटे से बड़े डेटाबेस या डेटा सेट की इंटेग्रिटी और एक्सेस सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। वे अक्सर अन्य डेटा या कंप्यूटर एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करते हैं। यदि किसी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण डेटा का संग्रह है, तो एक डीबीए ही इसे संभालता है।

# डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर की पढ़ाई कर बना सकते हैं करियर

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के काम

- डेटाबेस को स्टोर, व्यवस्थित बनाए रखना।
- डिज़ाइन स्टोरेज और रखरखाव प्रक्रियाओं, डेटाबेस सिक्योरिटी प्रोसेस को कार्यान्वित करना।
- सर्वर सॉफ़्टवेयर स्थापित और कॉन्फ़िगर करना।
- शेड्यूल और सर्वर रखरखाव करना।
- डेटाबेस का बैकअप लेने और पुनर्प्राप्त करने के लिए स्ट्रेटजी निर्धारित करना।
- तेजी से क्वेरी रिस्पॉन्स प्रदान करने के लिए मापदंडों का उपयोग करके डेटाबेस डाउनटाइम को कम करना।
- रिपोर्ट, ऑपरेशन मैनुअल, रिकवरी मैनुअल और डेटाबेस नीतियों के रिकॉर्ड को बनाए रखना।
- सुनिश्चित करना कि डेटाबेस क्लाइंट की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य कर रहा है।
- डेटाबेस को अप टू डेट रखना और उन्हें कुशल बनाए रखने के लिए परिवर्तन और नए सॉफ़्टवेयर लागू करना।



### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर क्यों बनें

- डीबीए के रूप में एक कैरियर आम तौर पर अन्य करियर की तुलना में उन्नति और उच्च कमाई की संभावना के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।
- अधिकांश डीबीए 40-घंटे के कार्य-सप्ताह में कार्य करते हैं, यह वर्क-लाइफ बैलेंस प्रदान करता है।
- कोई भी कंपनी जिसे बड़े डेटाबेस को बनाए रखने की आवश्यकता होती है, उसे आमतौर पर डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर की आवश्यकता होती है। अत स्कोप की कोई कमी नहीं है।

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर बनने के लिए आवश्यक कोर्सेज

- बैचलर ऑफ मेनेजमेंट इंफोर्मेशन सिस्टम
- बैचलर ऑफ डाटा साइंस
- बैचलर इन कंप्यूटर साइंस
- बैचलर ऑफ डाटाबेस्ड एडमिनिस्ट्रेन
- मास्टर इन डाटाबेस्ड एडमिनिस्ट्रेन
- मास्टर इन इंफोर्मेशन टेक्नॉलोजी
- मास्टर इन बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन विथ ए कंसंट्रेशन इन इंफोरमेशन सिस्टम

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़

- कालीकट यूनिवर्सिटी
- नाइलिट दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईआईटी)
- ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पीएसजी टेक कोयंबतूर
- हिट्स चेन्नई
- एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई
- स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- निमास कोलकाता

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के लिए टॉप रिक्रूटर्स


- एक्सेंचर
- टेबलियू
- ओरेकल
- आईबीएम
- डेल टेक्नॉलोजी
- एमेरिकन एक्सप्रेस
- टीसीए
- गूगल
- माइक्रोसोफ्ट
- एपल

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के लिए विश्व भर के संस्थान

- कोलंबिया यूनिवर्सिटी
- आइई बिजनेस स्कूल
- यूनिवर्सिटी ऑफ क्लीफोर्निया, बर्कले
- द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो
- मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
- यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्प्टन
- मिशिगन यूनिवर्सिटी
- युनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिटिश कोलंबिया
- टेक्सास ए एम यूनिवर्सिटी
- -यूनिवर्सिटी ऑफ तस्मानिया

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के लिए एम्प्लॉयमेंट सेक्टर

- टेक्नोलॉजी कंपनीज़
- मीडिया आउटलेट्स
- डिफेंस एंड इंटेलीजेंस सहित विभिन्न सरकारी विभाग
- नेटवर्क प्रोवाइडर
- बैंक और वित्तीय संस्थान
- एयरलाइन कंपनियां



- स्कूल, कॉलेज और अन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूट
- ई-कॉमर्स कंपनियां